WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

बिलासपुर, सोमवार, 24 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- चतुर्थी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 214 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आम आदमी पार्टी के नेताओं के बयान खास ही होते हैं। जब से नई दिल्ली के झाड़ू वालों का सफाया हुआ है वे लगातार बयानों की झड़ी लगाये हुए हैं। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के बड़बोले राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बयान दिया है कि कट्टर ईमानदार अरविंद केजरीवाल को यदि चुनाव आयोग का अध्यक्ष बना दिया जाये तो वोट चोरी रूक जाएगी और भाजपा एक भी चुनाव नहीं जीत पाएगी। बोलने दो बेचारों को दर्द हुआ है। बिहार विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर जमानत जब्त कराने वाली आम आदमी पार्टी के नेताओं की पीड़ा स्वाभाविक है।

प्रदेश भर में 20 ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की रेड

- रायपुर, अंबिकापुर, कोंडागांव, धमतरी सहित 20 ठिकानों पर टीम जांच
- आबकारी और डीएमएफ घोटाले में तड़के 20 ठिकानों पर एक साथ दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। आबकारी और डीएमएफ घोटाले की जांच में आज सुबह एसीबी और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की संयुक्त टीमों ने छत्तीसगढ़ भर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। तड़के शुरू हुई इस रेड में प्रदेश के करीब 20 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गई है। जानकारी के अनुसार रायपुर, जगदलपुर, कोंडागांव, अंबिकापुर, बिलासपुर सहित कई जिलों में यह कार्रवाई चल रही है। इस छापेमारी में जिन प्रमुख नामों पर कार्रवाई हुई है,

उनमें पूर्व आबकारी अधिकारी निरंजन दास और कारोबारी हरपाल अरोरा शामिल हैं। पूर्व आबकारी अधिकारी निरंजन दास के रायपुर स्थित ठिकानों पर बड़ी छापेमारी की गई है। उनके छह रिश्तेदारों के घर और दफ्तरों ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

धमकाने और पैसा वसूलने का काम : पूर्व सीएम

इस कार्रवाई पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा एसीबी-ईओडब्ल्यू डराने-धमकाने और पैसा वसूलने का काम कर रही है। लोगों को फर्जी तरीके से फंसाया जा रहा है। यह कार्रवाई भाजपा नेताओं के यहां नहीं होती, न ही उनके व्यापारियों के घर एक्शन होता है। जिनसे वसूली हो सकती है, सिर्फ उन्हीं के यहां टीम पहुंचती है।

29 अक्टूबर को डीएमएफ घोटाले की जांच करने पहुंची थी टीम

इससे पहले 29 अक्टूबर को जिला खनिज न्यास निधि घोटाले से जुड़े सप्लायरों के 14 ठिकानों पर एसीबी और ईओडब्ल्ययू की संयुक्त टीमों ने छापेमारी की थी। रायपुर में पचपेड़ी नाका स्थित वॉलफोर्ट इन्क्लेव में अशोक और अमित कोठारी के घर टीम ने रेड की थी। इनका कारोबार कृषि कच्चा माल, खाद्य पदार्थ से जुड़ा है। वहीं, राजनांदगांव शहर के भारत माता चौक स्थित राधा कृष्ण एजेंसी अग्रवाल के निवास, नहटा और भंसाली के ठिकानों पर भी कार्रवाई की गई थी। दुर्ग में महावीर नगर स्थित कारोबारी नीलेश पारख के यहां जांच की गई, जबकि धमतरी के सिर्री में 5 घंटे की कार्रवाई के बाद टीम लौट गई थी।

लखनऊ में भागवत बोले- धर्म के लिए लड़ना होगा

योगी बोले- आरएसएस सामाजिक समर्थन से चलता है, विदेशी फंडिंग से नहीं

लखनऊ/ए.। लखनऊ में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और सीएम योगी ने र?विवार को दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव में मंच साझा किया। मोहन भागवत ने कहा- हमारा भारत पूरी दुनिया का विश्वगुरु था। दुनिया के लिए एक बड़ा सहारा था। कभी चक्रवर्ती सम्राट भी होते थे। हजारों साल तक आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। हमें गुलामी में जीना पड़ा। धार्मिक स्थलों को नष्ट किया गया। जबरदस्ती धर्मांतरण हुए, लेकिन तब भी भारत था। वह वैभव के दिन नहीं रहे, लेकिन आक्रमण के दिन भी चले गए। अब हम राममंदिर पर झंडा फहराने वाले हैं। हमें धर्म रक्षा के लिए लडऩा है। विश्व में शांति की स्थापना गीता के माध्यम से ही की जा सकती है। सीएम योगी ने कहा- विदेशी नेता और डिप्लोमेट अक्सर पूछते हैं कि संघ कैसे काम करता है।

एफपीआई ने नवंबर में किया 3,504 करोड़ रुपये का निवेश

मुंबई, (वार्ता)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने नवंबर में अबतक भारतीय पूंजी बाजार में 3,504 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में एफपीआई इक्विटी बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाल रहे जबकि डेट, हाइब्रिड इनस्ट्रूमेंट और म्यूचुअल फंडों में उनका निवेश सकारात्मक रहा है। उन्होंने इक्विटी से इस महीने 3,788 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। डेट में उनका शुद्ध निवेश 4,467 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 2,713.33 करोड़ रुपये रहा है। हाइब्रिड इनस्ट्रूमेंट्स में भी एफपीआई ने 112.16 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह लगातार दूसरा महीना है जब एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार में सकारात्मक बने हुए हैं। अक्टूबर में उन्होंने 35,246 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था जबकि जून से सितंबर तक चार महीने लगातार बिकवाल रहे थे। एफपीआई ने मौजूदा कैलेंडर वर्ष में भारतीय पूंजी बाजार से कुल 45,861 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। उन्होंने इक्विटी बाजार से 1,37,516 करोड़ रुपये निकाले हैं। वहीं, डेट में उन्होंने 87,083 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 2,716 करोड़ रुपये लगाये हैं।

संसद के शीतकालीन सत्र में चंडीगढ़ से संबंधित विधेयक नहीं लाया जाएगा: गृह मंत्रालय

नयी दिल्ली (वार्ता)। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की वैधानिक स्थिति बदलने के बारे में आ रही रिपोर्टों के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अभी चंडीगढ़ के लिये केंद्र द्वारा कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है और इस संबंध में संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक लाने का कोयी प्रस्ताव नहीं है। इन रिपोर्टों के कारण सियासी हलकों में तीखी प्रक्रिया हो रही है।

जी20 में 20 ग्लोबल लीडर्स से मिले पीएम मोदी, कहा-

डीपफेक और आतंकवाद में एआई के इस्तेमाल पर रोक जरूरी: पीएम मोदी

- ग्लोबल कॉम्पैक्ट होना जरूरी, निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता
- वैश्विक संस्थाओं में सुधार अब विकल्प नहीं बल्कि जरूरी

जोहान्सबर्ग/नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को समिट के तीसरे सेशन में दुनिया को एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए सभी देशों को मिलकर इसके लिए मजबूत नियम-कानून बनाने चाहिए। मोदी ने कहा कि एआई पर एक ग्लोबल कॉम्पैक्ट (यानी अंतरराष्ट्रीय समझौता) होना जरूरी है। इसमें तीन चीजें सबसे जरूरी होंगी। निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता। **डीपफेक, अपराध और आतंकवाद में एआई का इस्तेमाल:** उन्होंने खास तौर पर चेतावनी दी कि डीपफेक वीडियो-ऑडियो, अपराध और आतंकवाद में एआई का इस्तेमाल बहुत खतरनाक है। मोदी ने कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो एआई का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

4 मुद्दों पर रखी बात

वैश्विक संस्थाओं में सुधार जरूरी: आईबीएसए को दुनिया को एक संदेश देना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधार अब वैकल्पिक नहीं, बल्कि जरूरी हो गया है। ये संस्थाएं 21वीं सदी की वास्तविकता से बहुत दूर हो चुकी हैं। अब बदलाव का समय आ गया है।

आतंकवाद के खिलाफ एकजुट लड़ाई: आतंकवाद के मुद्दे पर कोई दोहरा मापदंड नहीं चल सकता। तीनों देशों को इस लड़ाई में पूरा समन्वय रखना होगा।

आईबीएसए डिजिटल इनोवेशन एलायंस की शुरुआत: तकनीक का इस्तेमाल इंसान-केंद्रित विकास के लिए किया जाए। इसके लिए एक नया 'आईबीएसए डिजिटल इनोवेशन अलायंस0 बनाया जाना चाहिए।

आईबीएसए फंड फॉर क्लाइमेट-रेजिलिएंट एग्रीकल्चर: खाद्य सुरक्षा और सतत विकास के लिए आईबीएसए फंड फॉर क्लाइमेट-रेजिलिएंट एग्रीकल्चर शुरू किया जाए। यह कोष जलवायु परिवर्तन से प्रभावित कृषि को मजबूत बनाने में मदद करेगा।

राष्ट्रपति रामफोसा के साथ बैठक

मोदी ने एक्स पर बताया कि, 'जोहान्सबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति रामफोसा के साथ शानदार बैठक हुई। हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा की, विशेष रूप से ट्रेड, कल्चर, इंवेस्टमेंट और टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट, एआई, रेयर अर्थ मेटल में सहयोग में विविधता लाने पर। इसके साथ ही मोदी ने जी20 की सफल अध्यक्षता के लिए राष्ट्रपति रामफोसा को बधाई दी।

सैटेलाइट डेटा पार्टनरशिप का प्रस्ताव

अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को पूरी मानवता के लिए फायदेमंद बताते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भारत का मानना है कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से पूरी मानवता को लाभ हो। इसलिए, भारत जी20 ओपन सैटेलाइट डेटा पार्टनरशिप का प्रस्ताव कर रहा है। इससे जी20 अंतरिक्ष एजेंसियों का सैटेलाइट डेटा और विश्लेषण दक्षिणी देशों के लिए अधिक सुलभ, अंतर-कार्यकारी और उपयोगी बनाया जा सकेगा।

टीम का ऐलान, 3 दिसंबर को रायपुर में होगा मैच

- केएल राहुल बने कप्तान, ऋतुराज की सरप्राइज एंट्री

नई दिल्ली/ए.। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान 23 नवंबर (रविवार) को कर दिया गया। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल करने जा रहे हैं। नियमित कप्तान शुभमन गिल नेक इंजरी के चलते सेलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं थे, इसी कारण राहुल को ये बड़ी जिम्मेदारी मिली है। भारतीय वनडे टीम में तिलक वर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ को भी शामिल किया गया है। साउथ अफ्रीका-ए ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

सीरीज का शेड्यूल

1 वनडे- 30 नवंबर, रांची
2 वनडे- 3 दिसंबर, रायपुर
3 वनडे- 6 दिसंबर, विशाखापत्तनम
पहला टी20- 9 दिसंबर, कटक
दूसरा टी20- 11 दिसंबर, मुल्लांपुर
तीसरा टी20- 14 दिसंबर, धर्मशाला
चौथा टी20- 17 दिसंबर, लखनऊ
पांचवां टी20- 19 दिसंबर, अहमदाबाद

वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, ऋतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

एयरफोर्स पत्नी अफशान और परिवार का छलका दर्द

तेजस क्रैश: विंग कमांडर नमांश को दी अंतिम विदाई

कांगड़ा। तेजस क्रैश में शहीद हुए विंग कमांडर नमांश स्याल को शनिवार को उनके परिवार ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। दुबई एयर शो के दौरान हुए हादसे के बाद उनका पार्थिव शरीर कांगड़ा एयरपोर्ट लाया गया, जहां बेहद भावुक दृश्य देखने को मिले। वीडियो में दिखा कि विंग कमांडर स्याल की पत्नी विंग कमांडर अफशान, उनकी छोटी बेटी और पिता अपने प्रिय बेटे और पति को अंतिम बार विदा करते हुए फूट-फूटकर रो पड़े। परिवार का दर्द हर किसी का दिल तोड़ देने वाला था।

34 वर्ष की उम्र में देश के लिए शहीद हुए नमांश स्याल: नमांश स्याल हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के नागरोटा

के रहने वाले थे। उनकी पत्नी अफशान भी भारतीय वायुसेना में विंग कमांडर हैं। उनके पिता भी आईएएफ से रिटायर हो चुके हैं और सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे थे।

सुबह सुलूर एयर बेस पहुंचा पार्थिव शरीर : इससे पहले शनिवार सुबह विंग कमांडर नमांश ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

68 युवाओं को सीएम साय ने किया रवाना बोले- यात्रा सफल कर प्रदेश का नाम करें रोशन

- राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने वाले युवाओं के साथ सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित पदयात्रा में शामिल होने के लिए गुजरात जाने वाले राज्य के 68 युवाओं के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये युवा सरदार पटेल की कर्मभूमि करमसद से केवडिय़ा तक आयोजित राष्ट्रीय

पदयात्रा में हिस्सा लेंगे। आप सब एकता यात्रा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं बहुत-बहुत शुभकामनाएं। यात्रा को सफल करके छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करके आइए। हमारा देश 562 से ज्यादा रियासतों में बंटा हुआ था, सरदार पटेल ने सभी को एक माला में पिरोने का काम किया। 31 अक्टूबर उनका जन्म दिवस है, जिसे हम एकता दिवस के रूप में मनाते हैं।

डिप्टी सीएम के साथ पूरी करेंगे यात्रा

अब राष्ट्रीय यात्रा के लिए भेज रहे हैं, जो 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक चलेगी। इसमें देश के बड़े-बड़े लोग शामिल होंगे। हमें भी आमंत्रण है, हम भी अपने डिप्टी सीएम के साथ पूरी यात्रा में रहेंगे। दो दिनों में पूरी डेट फाइनल करके भेज देंगे, वहां पर अलग- अलग प्रदेशों के व्यंजन, संस्कृति और विभिन्न चीजें देखने मिलेंगी। आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई। खेल एवं युवा कल्याण विभाग को भी एक बार फिर से बधाई।

गरमा-गरम

बैठक... रायपुर में डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस को लेकर हाईलेवल बैठक

विस अध्यक्ष रमन सिंह का बंगला बनेगा अस्थाई पीएमओ

- कई संभाग के आईजी और जिलों के एसपी शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में होने वाली डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर पुलिस अधिकारियों की मीटिंग सिविल लाइन के सी-4 बिल्डिंग में हुई। बैठक में रायपुर संभाग के सभी पुलिस अधीक्षक (एसपी) और अलग-अलग संभागों के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शामिल हुए हैं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था की स्थिति और कॉन्फ्रेंस से जुड़ी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। बैठक में पुलिस के सीनियर अधिकारी भी मौजूद हैं, जो कॉन्फ्रेंस से पहले होने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बैठक में आगामी पुलिस कॉन्फ्रेंस को लेकर कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए जा सकते हैं।

बस्तर मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे मजबूत

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सम्मेलन में नक्सलवाद से निपटने की रणनीति, आतंकवाद विरोधी प्रयास, ड्रग्स नियंत्रण, साइबर सुरक्षा, और सीमा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। खास बात यह है कि इस बार फोकस नक्सल प्रभावित इलाकों, विशेषकर बस्तर पर रहेगा। हाल के महीनों में राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों ने संयुक्त रणनीति के तहत कई बड़ी सफलता हासिल की है। यही वजह है कि बस्तर मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर कैसे मजबूत किया जाए, इस पर भी विचार होगा।

छत्तीसगढ़ में पहली बार होगा डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन

दरअसल छत्तीसगढ़ में पहली बार देशभर के पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक का सबसे बड़ा मंच होस्ट होने जा रहा है। 28 से 30 नवंबर तक नवा रायपुर स्थित आईआईएम परिसर में 60वां अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन होगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में आंतरिक सुरक्षा के अहम मुद्दों पर गहन मंथन किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह का बंगला अस्थाई पीएमओ बनेगा।

सम्मेलन में तैयार होगी रणनीति: बस्तर में हाल ही के ऑपरेशनों की सफलता को लेकर अधिकारी ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

पिता की तबीयत बिगड़ी, स्मृति और पलाश की शादी टली

सांगली/ए.। महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और म्यूजिक डायरेक्टर पलाश मुछाल की आज होने वाली शादी फिलहाल टल गई है। यह शादी महाराष्ट्र के सांगली में होनी थी, लेकिन स्मृति के पिता की तबीयत खराब होने के कारण अब यह समारोह स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी स्मृति के मैनेजर तुहिन मिश्रा ने दी है। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात सांगली के समडोली रोड पर मंधाना फार्म हाउस में मेहंदी और संगीत समारोह आयोजित किया गया था। रविवार दोपहर शादी की रस्में शुरू होने वाली थीं। इससे पहले ही स्मृति के पिता श्रीनिवास मंधाना की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तुरंत इलाज के लिए सांगली के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

एसआईआर को लेकर दबाव में बीएलओ, आधी रात तक कर रहे फॉर्म अपलोड

कोरबा/नवप्रदेश। विधानसभा की चारों सीटों पर वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जारी है। विधानसभा की सभी सीटों पर गणना पत्रक (एन्यूमरेशन फॉर्म) के वितरण का कार्य चल रहा है। भरे गए गणना पत्र को वोटर से वापस लेकर बीएलओ निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर रहे हैं। इसे गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन कहा जा रहा है।

यह कार्य चार नवंबर से शुरू हुआ है, जो चार दिसंबर तक जारी रहेगा। इसी अवधि में गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का कार्य किया जाना है। जैसे- जैसे यह तिथि नजदीक आ रही है। बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और उनके सुपरवाइजर की परेशानी बढ़ती जा रही है। दोनों भारी दबाव में काम कर रहे हैं। आयोग की ओर से सौंपें गए कार्य को पूरा करने के लिए ऐसे आंकड़े जारी कर रहे हैं, जिससे कोरबा शहर के कई बीएलओ संदेह के दायरे में आ गए हैं। इसके पीछे बड़ा कारण गणना पत्रक का शत फीसदी वितरण बताया जाना है। खासकर ऐसे जगह जहां पर शत फीसदी मतदाताओं तक गणना पत्रक पहुंचा ही नहीं हैं, जैसे पंप हाउस कॉलोनी, मुड़ापार, शारदा विहार, अमरैयापारा, बालकोनगर, रिसदा, कुसमुंडा, पुरानी बस्ती कोरबा आदि शामिल हैं। इन इलाके में काम करने वाले कुछ बीएलओ भी मान रहे हैं कि उनके पास वितरण के लिए अभी भी कुछ गणना पत्रक बचे हुए हैं। संबंधित पते पर जाकर वोटर की पतासाजी की गई है, लेकिन वोटर वहां नहीं मिले हैं। ऐसे वोटर को बीएलओ मान रहे हैं कि उन तक गणना पत्रक पहुंच गया है। कोरबा विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश बीएलओ ने अपने मोबाइल एप में आयोग को जानकारी देकर बताया है कि उन्होंने गणना पत्रक को बांटने का काम लगभग पूरा कर लिया है। लगभग सभी बूथों पर शत फीसदी गणना पत्रक को बांट दिया गया है। यदि किसी वोटर को गणना पत्रक नहीं मिला है तो वे अपने क्षेत्र के बीएलओ से सपर्क करें।

तहसील कार्यालय से भी किए जा रहे अपलोड

कई बीएलओ ने बताया कि तहसील कार्यालय से कुछ कर्मचारियों के फोन आ रहे हैं। इसमें बीएलओ एप में लॉगिंग के लिए आईडी और पासवड के साथ ओटीपी मांगी जा रही है। आना कानी करने वाले बीएलओ को स्पष्ट शब्दों में कहा जा रहा है कि उन पर काम का दबाव अधिक है। बीएलओ के ओटीपी देने पर गणना पत्रक के शत फीसदी तक पहुंचाने वाले कॉलम में संख्या दर्ज की जा रही है। इससे कई बीएलओ परेशान हैं।

सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस सख्त

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ के सरगुजा जिले में फर्राटे से दौड़ रही ई रिक्शा चालकों पर यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लापरवाही बरतने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं बार-बार समझाइस देने के बावजूद ई रिक्शा चालक यूनिफॉर्म ड्रेस नहीं पहन रहे थे। इस दौरान वाहन चालकों से स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट का उपयोग करने के लिए कहा गया। ई-रिक्शा चालकों द्वारा लापरवाही, ओवरलोडिंग, नाबालिगों से ड्राइविंग और नियमों का पालन न करने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें लोगों की जान को खतरा होता है। इनमें से कुछ मुख्य कारण हैं क्षमता से अधिक सवारी बैठाना, बिना लाइसेंस या फिटनेस के गाड़ी चलाना, खतरनाक तरीके से मोड़ लेना और तेज रफ्तार।पुलिस ने बताया कि, शहर में लगभग 10 हजार से अधिक ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। ई-रिक्शा चालक बगैर नंबर, ड्रेस, लाईसेंस के सड़कों पर दौड़ रहे है। इसके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ऐसे चालकों पर नजर रखी हुई है।

वीर बाल दिवस पर 5 हजार बच्चों को साहस और राष्ट्रभक्ति की देंगे सीख

रायपुर/नवप्रदेश। सिख पंथ के साहिबजादा जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के अतुलनीय साहस और अद्वितीय बलिदान का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की है। इस दिन को ऐतिहासिक रूप से मनाने छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंयक आयोग द्वारा 20 दिसंबर को रायपुर में एक भव्य एवं प्रेरणादायी वीर बाल रैली आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। बच्चों में वीरता, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों का संचार करना मकसद है। समाज में भाईचारा, मानवीय मूल्यों तथा सेवा भावना को बढ़ावा देना है।इस रैली में रायपुर जिले एवं आसपास क्षेत्रों के लगभग 5000 स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल होंगे, जिनमें एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाइड, तथा वीरता खेलों जैसे ताइक्वांडो, बॉक्सिंग, किक बॉक्सिंग, जूडो, कराटे, फेंगशुई, गतका आदि से जुड़े खिलाड़ी विशेष रूप से भाग लेंगे। लगभग 1000 बच्चे सिख वेशभूषा में शामिल होंगे। रैली का मुय उद्देश्य साहिबजादों के अदय साहस, धर्मनिष्ठा और अटल विश्वास की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। वीर बाल रैली में मुय आकर्षण साहिबजादों के बलिदान पर आधारित ऐतिहासिक झांकी, वीरता खेल मार्शल आर्ट गतका का प्रदर्शन साथ ही ताइक्वांडो, जूडो, बॉक्सिंग, कराटे आदि का जीवंत प्रदर्शन, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की प्रेरणा मिलेगी।

धर्मान्तरित महिला के शव दफ़न को लेकर हुआ बवाल

कांकेर/दुर्ग/नवप्रदेश। कांकेर और दुर्ग जिले से धर्म परिवर्तन के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। दुर्ग में सामाजिक बैठक की आड़ में धर्मपरिवर्तन को लेकर विवाद गहरा गया। साहू समाज के व्यक्ति पर धर्मान्तरण कराने का आरोप लगा है। आरोपी व्यक्ति ने पूर्व में खुद भी धर्मपरिवर्तन कर चूका है। मामले में विवाद बढ़ता देख तहसीलदार और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान अधिकारी ग्रामीणों को समझाइश देते हुए नजर आए। पूरा मामला नेवई थाना क्षेत्र का है। वहीं कांकेर विधायक आशाराम नेताम के गृह ग्राम बेवरती में भी धर्मान्तरित महिला के शव दफ़न को लेकर जमकर विवाद हो गया। इस दौरान महिला की मौत के बाद गांव का एक परिवार शव दफ़न की तैयारी कर रहा था। इसी बीच ग्रामीणों ने धर्मान्तरित महिला के शव दफ़न का विरोध किया। परिवार को ग्रामीणों ने घेरा लिया है।

धमतरी में धर्मांतरण के बहाने महिला से गैंगरेप

■ पीड़िता बोली- प्रार्थना से बेटी की तबीयत ठीक होने की बात कही, घर बुलाकर किया दुष्कर्म

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में गैंगरेप का मामला सामने आया है। मगरलोड थाना क्षेत्र में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि धर्मांतरण का झांसा देकर चार लोगों ने उसके साथ रेप किया है। ये क्रम करीब 3 साल तक चलता रहा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर शनिवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच जारी है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने उसे ईसाई धर्म में शामिल होने और प्रार्थना करने से उसकी बेटी की तबीयत ठीक होने का आश्वासन दिया था। इसी बहाने उसे प्रार्थना के लिए अपने घर बुलाया गया, जहां उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया।

घर पहुंचकर भी किया रेप

शिकायत के मुताबिक, महिला अपनी बेटी की बीमारी से पिछले आठ साल से परेशान थी। 17 जनवरी 2022 को तड़के लगभग 3 बजे उसकी बेटी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इस पर महिला ने जब आरोपियों से संपर्क किया तो आरोपियों ने उसे कहा कि ईसा मसीह को मानने के बाद हिंदू देवी देवताओं की पूजा करना गलत है। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे अपमानित किया, जान से मारने की धमकी दी और कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। 15 जून 2025 को आखिरी बार दुष्कर्म हुआ। इस शिकायत के आधार पर मगरलोड थाना पुलिस ने धारा 70(1),299 बीएनएस एवं 4 छ.ग. धामिक स्वतंत्रता अधिनियम 1968 कायम कर विवेचना में लिया गया।

आरोपियों में ये शामिल

धनेश साहू, ग्राम कमरौद
मुनेश साहू, ग्राम सेन्हाभाठा
नंदू साहू, ग्राम सेन्हाभाठा
नरेन्द्र महार, खैरझिटी

थाना प्रभारी से संपर्क नहीं

इस मामले में जानकारी लेने के लिए मगरलोड थाने के टेलीफोन नंबर पर चार बार और थाना प्रभारी के निजी नंबर पर सात बार संपर्क करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा कुरूद एसडीओपी से भी मोबाइल फोन पर जानकारी लेने की कोशिश की गई, लेकिन किसी भी अधिकारी से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

अमीन भर्ती परीक्षा 7 को, साढ़े नौ हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की ओर से आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा सात दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 02.15 बजे तक जिले के 31 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। इसमें कुल नौ हजार 502 परीक्षार्थी शामिल होंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के संचालन के लिए सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। परीक्षार्थियों के लिये निर्देश जारी किया गया है कि परीक्षा दोपहर 12 बजे से 02.15 बजे तक आयोजित होगी।परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व 11.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचेंगें। ताकि सभी अभ्यर्थिओं का मेटल डिटेक्टर तथा फ्रिस्किंग जांच किया जा सके। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनना होगा। फूट बियर के रूप में चप्पल पहनेंगे। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउज, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जायेगी। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा।

प्रेम विवाह में दरार, नवविवाहिता ने की खुदकुशी, दर्ज हुआ बयान

कोरबा/नवप्रदेश। प्रेम विवाह के कुछ महीने बाद एक नवविवाहिता ने खुदकुशी कर ली। घटना का कारण नवविवाहिता के ससुराल में चल रहे घरेलू कलह बताया गया है। हालांकि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के कार्यपालिक दंडाधिकारी ने भी लड़की के मायके वालों का बयान दर्ज किया।घटना मानिकपुर चौकी अंतर्गत अमरैयापारा की है। क्षेत्र में रहने वाले अरूण कोसले ने जांजगीर-चांपा जिले की ग्राम आमाखोखरा में रहने वाली मधु सूर्यवंशी के साथ प्रेम विवाह किया था। पति-पत्नी अमरैयापारा के एक मकान में रहते थे। शनिवार को मधु ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। इस बीच कार्यपालिक दंडाधिकारी ने मधु के माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्यों का बयान दर्ज किया है। इसमें बताया गया है कि मधु ने जब अरूण से प्रेम विवाह किया था तब से वह अपने ससुराल में रह रही थी। मधु की सास और परिवार के अन्य सदस्य बार-बार यह ताना देते थे कि खाली हाथ ससुराल आई है। मायके से दान-दहेज नहीं लाई है। इसे लेकर परिवार में झगड़ा होता था। बताया जाता है कि एक दिन पहले शुक्रवार को भी परिवार में विवाद हुआ था। यह झगड़ा मधु और उसके सास के बीच हुई थी। आशंका है कि घरेलू कलह ही उसकी मौत का कारण बना होगा।

हिड़मा को श्रद्धांजलि, भाजपा ने कहा कांग्रेस का चेहरा उजागर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सह-सचिव प्रीति मांझी ने देश के सबसे कुयात नक्सलियों में से एक हिड़मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। बीजेपी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने इसे देश के प्रति कांग्रेस के असली रुख के तौर पर पेश किया और कांग्रेस की विचारधारा पर सवाल उठाए।हिड़मा जो सैकड़ों जवानों की निर्मम हत्या, निर्दोष आदिवासियों पर अत्याचार और विकास कार्यों में रुकावट डालने के लिए जिमेदार रहा है को श्रद्धांजलि देना कांग्रेस के लिए एक गंभीर मसला बन चुका है। कोमल सिंह ने कहा कि यह न केवल निंदनीय है, बल्कि यह नक्सलवाद को वैचारिक समर्थन देने जैसा है। बीजेपी का कहना है कि यह घटना कांग्रेस के असली चरित्र को उजागर करती है, जहां शीर्ष पदों पर बैठे नेता नक्सलवादियों के साथ खड़े दिखाई देते हैं, जो हिंसा और अराजकता फैलाने में लगे रहते हैं।

बीमा क्लेम रिजेक्ट, अब कंपनी को देने होंगे एक लाख 20 हजार

जगदलपुर।/नवप्रदेश। जगदलपुर. जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनियों के टालमटोल रवैये पर करारा रूख दिखाते हुए निवा ब्यूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को एक कैंसर पीड़ित की पत्नी को 1 लाख रुपए चिकित्सा व्यय के साथ-साथ मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, ऋण प्रदाता बजाज फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को भी सहयोग न करने के लिए 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह आदेश जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ ने पारित किया। दरअसल जगदलपुर निवासी अर्जुन बिसाई ने बजाज फाइनेंस से ऋण लेते समय निवा ब्यूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के साथ बीमा पॉलिसी कराई थी। बीमा अवधि के दौरान अर्जुन को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो गई, जिसके इलाज में भारी खर्च हुआ। दावे के बाद उनकी असामयिक मृत्यु हो गई। पत्नी रुक्मणी बिसाई ने बीमा कंपनी के समक्ष इलाज व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए दावा प्रस्तुत किया, लेकिन कंपनी ने आवश्यक दस्तावेज न देने का हवाला देकर इसे खारिज कर दिया। जिसके बाद रुक्मणी ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज की। सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि अर्जुन ने सभी जरूरी दस्तावेज समय पर जमा कर दिए थे, लेकिन बीमा कंपनी ने क्षतिपूर्ति से बचने के लिए जानबूझकर टालमटोल किया।

तमनार रेंज में हाथियों ने 12 किसानों की फसले रौंदी, किसान कर रहे रतजगा

■ 34 हाथियों का दल खेत में पहुंचा; आग जलाकर रात भर निगरानी करते रहे ग्रामीण

रायगढ़ /नवप्रदेश। रायगढ़ जिले में हाथियों ने एक बार फिर से किसानों की फसल को बर्बाद कर दिया है। 22 नवंबर की रात 34 हाथियों का दल में जंगल से निकलकर खेतों में पहुंचा। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों व वन अमला को लगी, मौके पर पहुंचकर उन्हें खदेड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन हाथी रात भर डटे थे और ग्रामीण आग जलाकर निगरानी करते रहे।

तमनार रेंज में 34 हाथियों का दल-वन मंडल रायगढ़ के तमनार रेंज में पिछले कुछ दिनों से 34 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जहां बीती रात हाथियों का दल सामारूमा व सराईपाली बीट के हर्राडीही गांव में पहुंचा। यहां कुछ किसानों की फसल को नुकसान करने के बाद हाथियों का दल जामडबरी और सामारूमा में पहुंचे और खेतों में घुसकर 10 किसानों की फसल को बर्बाद कर दिया। जब इसकी जानकारी ग्रामीणों और वनकर्मियों को लगी, तो वे मौके पर पहुंच गए और हाथियों को भगाने के लिए काफी प्रयास किया।

रात भर निगरानी करते रहे

इसके बाद भी हाथी रात भर भागे नहीं और वहीं डटे रहे। ऐसे में ग्रामीण व वनकर्मियों ने आग जलाकर रात भर वहीं निगरानी करते रहे। सुबह होने से पहले हाथियों का दल वापस जंगल की ओर चले गया। बताया जा रहा है कि हाथियों का दल यह सड़कों पर भी आ रहा है। वनकर्मियों के साथ ही ग्रामीणों ने हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन वे रात भर खेतों में रहे।

घरघोड़ा रेंज के छर्राटांगर में भी नुकसान-तमनार रेंज के अलावा घरघोड़ा रेंज में भी हाथियों ने 2 किसानों की फसल बर्बाद की है। रायगढ़ वन मंडल में 40 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसमें तमनार रेंज में 34 हाथी, रायगढ़ के पड़िगांव में 2, घरघोड़ा रेंज के छर्राटांगर बीट में 3 और कमतरा में 1 किसान का फसल बर्बाद हुई है।

भीषण सड़क हादसा: ट्रक ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर, दो एमबीबीएस छात्रों की मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर नेशनल हाईवे पर हाईवे ढाबा के करीब तेज रफ्तार ट्रक ने सामने आ रही बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मेडिकल छात्रा आली श्रीवास्तव ने उपचार के दौरान डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। वह जगदलपुर मेडिकल में एमबीबीएस कर रही थी। इस घटना से मीडिया जगत में शोक व्याप्त है। बताया जा रहा है कि, परपा थाना क्षेत्र स्थित हाइवे इन ढाबा के सामने यह हादसा दोपहर लगभग 3 बजे हुआ। जब मेडिकल स्टूडेंट अंकित दानी निवासी भिलाई सेक्टर 7 और आली श्रीवास्तव निवासी रायपुर, जो जगदलपुर से मेकाज आ रहे थे।

इलाज के दौरान ही छात्रा आली की मौत

इसी दौरान दावा के सामने आयरन ओर से लदे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए, वहीं बाइक सवार अंकित की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठी आली श्रीवास्तव को गंभीर स्थिति में डिमरापाल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी लगते ही मेडिकल छात्रों व डाक्टरों का जमावड़ा अस्पताल में लग गया। बताया जा रहा है कि, दोनों मृतक मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में वर्ष 2021 बैच के थे। घटना की जानकारी कैम्पस में लग गई और सीनियर डॉक्टरों व सहपाठियों का अस्पताल आना शुरू हो गया।

ट्रक के सामने के हिस्से में फंस गई थी बाइक

बाइक ट्रक के सामने के हिस्से में फंस गई थी। चालक ने बाहक को अपने सथ घसीटते हुए 100 मोटर आगे ले जाक रोक दिया। इस दौरान आसपास के लोगों ने दोनों को मेकाज पहुंचाया था। पुलिस से ट्रक का जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर आगे की जांच कर रही है। दोनों के शव को मेकाज के मरच्यूरी में रखा गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। रविवार को पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्व किया जाएगा।

बछड़े की एक टांग काटकर ले गया अज्ञात व्यक्ति, लोगों में भारी आक्रोश

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। बलौदा बाजार जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के ग्राम कोलिहा में कांजी हाउस के सामने अज्ञात व्यक्ति बछड़े का एक पिछला पैर काटकर ले गया। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल बछड़े की तड़प- तड़पकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर गांव समेत पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। सुबह करीब 7 बजे जब ग्रामीणों ने खून से लथपथ मृत बछड़े को देखा तो तत्काल इसकी जानकारी पूरे गांव और आसपास के इलाकों में फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा, जनप्रतिनिधि एवं गौसेवक मौके पर पहुंचने लगे। सरपंच गीता संतोष साहू, जनपद सदस्य रामजी निषाद सहित भारी भीड़ घटना स्थल पर मौजूद रही।

कड़ी कार्रवाई की मांग : घटनास्थल पर मौजूद गौ सेवकों ने इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य बताया और कड़ी कार्रवाई की मांग की। कुछ उग्र गौसेवकों ने अपराधियों को कड़ी चेतावनी भी दी, हालांकि पुलिस ने लोगों से संयम रखने की अपील की है। घटना की सूचना मिलते ही थाना भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्राथमिक जांच शुरू की।

विद्युत विभाग ने 7.32 लाख बकाये की वसूली 151 कनेक्शन काटे

बेमेतरा/नवप्रदेश। विद्युत विभाग ने बिजली बिल बकाएदारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शहर भर में डिस्कनेक्शन अभियान शुरू कर दिया है। विभाग का यह कदम उन उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूलने की दिशा में उठाया गया है जिन पर 2 करोड़ 44 लाख रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विभाग ने सहायक और कनिष्ठ अभियंता के नेतृत्व में 10 टीमों का गठन किया है। ये टीमें शहर के उन घरों और प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर रही हैं जिन्होंने महीनों से बिल का भुगतान नहीं किया है।

बकाया का पहाड़: 2.44 करोड़ से अधिक-विभाग के एई गुलाब साहू ने जानकारी दी कि कुल 5,755 शासकीय और अशासकीय उपभोक्ताओं पर कई महीनों का बिल बकाया है। शहर के 5,044 घरों और प्रतिष्ठानों पर 2 करोड़ 44 लाख 88 हज़ार रुपये से अधिक का भारी बकाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वसूली के लिए टीम का गठन किया गया है और डिस्कनेक्शन अभियान ज़ारी रहेगा। टीमों को निर्देश दिया गया है कि जो उपभोक्ता मौके पर राशि जमा नहीं करेंगे, उनका कनेक्शन तुरंत काटा जाएगा। एई साहू ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए जल्द से जल्द अपने बिलों का भुगतान करें।

शहर में कार्रवाई शुरू-शुक्रवार व शनिवार को अभियान के तहत विभाग की टीमों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कार्रवाई शुरू की। इस दौरान 151 बिजली उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए। कार्रवाई के दौरान कुछ बकाएदारों ने मौके पर ही भुगतान किया। विभाग ने लगभग 36 बकाएदारों से 7 लाख 32 हज़ार रुपये की राशि भी वसूल की।

हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा: देर से आए परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं

सेंटर पर क्वार्डिनेटर को घेरा, भेदभाव का लगाया आरोप, 360 परीक्षार्थियों में 233 परीक्षार्थी निर्धारित समय पर केंद्र पहुंचे

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा के दौरान देवकीनंदन स्कूल सेंटर पर हंगामा हो गया। निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया, जिसके बाद उन्होंने व्यापमं के क्वार्डिनेटर को घेर लिया और परीक्षा हॉल में प्रवेश देने की मांग की। परीक्षार्थियों का आरोप था कि जब एक परीक्षार्थी जो बाहर घूम रहा था उसे प्रवेश दे दिया गया, तो एकाध मिनट की देरी से आने वाले अन्य परीक्षार्थियों के लिए गेट बंद क्यों किया गया। उन्होंने इसे भेदभाव बताया।

देवकीनंदन स्कूल सेंटर से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, कुल 360 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। इनमें से 233 परीक्षार्थी निर्धारित समय पर केंद्र पहुंचे, जबकि 127 परीक्षार्थी गैरमौजूद रहे।

हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा के लिए व्यापमं की ओर से जारी निर्देशिका में ड्रेस कोड से लेकर सुबह 10:30 बजे से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने सहित 15 बिंदुओं पर सख्त निर्देश दिए गए थे। रायपुर, अंबिकापुर और रायगढ़ जैसे दूरस्थ स्थानों से बिलासपुर पहुंचे कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि उन्हें प्रवेश पत्र की स्पष्ट कॉपी निकलवाने में दिक्कत हुई, जिसके कारण उन्हें दोबारा भेजा गया। इस प्रक्रिया में उन्हें एक-दो मिनट की देरी हो गई, लेकिन उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं मिली।

130 परीक्षार्थी अनुपस्थित

व्यापमं परीक्षा के प्रभारी और डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर ने बताया कि हैंडपंप टेक्नीशियन पद के लिए शहर में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर 3101 परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 1971 परीक्षार्थी ही निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे। कुल 1130 परीक्षार्थी गैरमौजूद रहे, जो लगभग 36 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी दावा किया कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अवांछित गतिविधि या गड़बड़ी की कोई शिकायत कहीं से प्राप्त नहीं हुई है। हैंडपंप टेक्नीशियन पद के लिए आयोजित परीक्षा जिन सेंटरों में आयोजित की गई, उनमें शासकीय जेपी वर्मा पीजी आर्ट्स एंड कॉमर्स कालेज जरहाभाठा, गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स पीजी कालेज लिंक रोड, देवकीनंदन दीक्षित कन्या हाई स्कूल, महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स हायर सेंकेडरी स्कूल, स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट स्कूल, गवर्नमेंट हायर सेकंडेरी स्कूल राजेंदर नगर, हायर सेंकेंडरी स्कूल राजेंद्र नगर, सरकंडा स्कूल, पीएमश्री कन्या हाई स्कूल नूतन चौक, गवर्नमेंट स्कूल चांटीडीह स्कूल शामिल है।

स्कूल टीचर ने दी सफाई

देवकीनंदन सेंटर के गेट के बाहर परीक्षार्थी जब बाहर घूम रहे एक परीक्षार्थी के लिए गेट खोलने का आरोप लगा रहे थे, वहां तैनात टीचर ने सफाई दी कि वह अपना रोल नंबर ढूंढ रहा था। इधर व्यापमं के क्वार्डिनेटर डॉ. प्रवीण कुमार पांडेय का कहना है कि देवकीनंदन सेंटर में वह 10.50 बजे पहुंचे तो उन्हें गेट के बाहर कुछ परीक्षार्थी खड़े दिखे। ये लोग परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने की मांग कर रहे थे, लेकिन गेट बंद हो चुका था, इसलिए उन्हें अंदर प्रवेश नहीं दिया गया।

■ न्यूज गैलरी

मितानिन दिवस पर पार्षद कश्यप ने मितानिनों का किया सम्मान

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज मितानिन दिवस के अवसर पर वार्ड के मितानिनों का सम्मान किया गया । कुदुदान क्षेत्र की वार्ड पार्षद अनिता हिमांशु कश्यप ने मितानिनों का सम्मान करते हुए कहा है कि मितानिन हमारी सच्ची जनसेवक है। मितानिन दिवस के अवसरपर उन्होंने कहा कि आज सबके स्वास्थ्य की रक्षा मितानिन बहने करती हैं। शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचाने के साथ ही महिलाओं को इलाज की सुविधाभी प्रदान करती हैं। गंभीर अवस्था में महिलाओं को अस्पताल भी पहुंचाती हैं। लगातार घर-घर पहुंचकर जानकारी भी लेती है तथा निशुल्क दवा का वितरण भी करतीहैं। छोटे बच्चों की माता को बच्चों की सुरक्षा की जानकारी भी देती हैं और टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करती हैं। आज कुदुदंड की मितानिन बहनों को पार्षद अनीताकश्यप ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समाज सेवा के हित में काम करने की सलाह दी है। आज काफी संख्या में मितानिन बहने उपस्थित थी।

सीजे सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्त गुरु की खंडपीठ ने निचली अदालत के फैसले को किया रद्द

पहचान परेड की प्रक्रिया में मिली खामियों के आधार पर हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी को किया बरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत उम्रकैद की सजा पाए एक दोषी को बरी कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि पुलिस द्वारा पहचान परेड की प्रक्रिया में भारी खामियां थीं और अभियोजन पक्ष आरोपी को अपराध से जोड़ने वाली परिस्थितियों की कड़ी साबित करने में विफल रहा। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्त गुरु की खंडपीठ ने निचली अदालत के फैसले को रद्द करते हुए कहा कि भले ही यह साबित हो गया हो कि अपराध घटित हुआ है, लेकिन यह साबित नहीं हो सका कि अपराध अपीलकर्ता ने ही किया है।

प्रसेन कुमार भार्गव द्वारा सजा के खिलाफ अपील दायर की गई थी, जिन्हें बलौदाबाजार की विशेष अदालत ने 8 जुलाई 2022 को आईपीसी की धारा 450, 363,506-टू और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अभियोजन पक्ष का मामला था कि 26 सितंबर 2019 की रात, एक 11 वर्षीय नाबालिग लड़की को उसके घर से सोते समय अपहरण कर लिया गया। पीड़िता का आरोप था कि उसे एक 'कैप्सूल-नुमा' वाहन में ले जाया गया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने अपीलकर्ता का एक वाहन जब्त किया और पहचान परेड के दौरान पीड़िता द्वारा आरोपी की पहचान कराई गई। अपीलकर्ता के अधिवक्ता, तर्क दिया कि पूरी जांच प्रक्रिया दोषपूर्ण थी। उनका मुख्य तर्क यह था कि पीड़िता आरोपी को पहले से नहीं जानती थी, लेकिन औपचारिक पहचान परेड से पहले ही आरोपी को थाने में पीड़िता और गवाहों को दिखा दिया गया था। इसके अलावा,पहचान परेड जेल के बजाय सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस में आयोजित की गई थी, जो नियमों का उल्लंघन है।

नाबालिग पीड़िता का बयान स्वाभाविक व विश्वसनीय

बचाव पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अगर परेड से पहले आरोपी को गवाह को दिखा दिया जाए, तो पहचान का कोई महत्व नहीं रह जाता। राज्य की ओर से निचली अदालत के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि नाबालिग पीड़िता का बयान स्वाभाविक व विश्वसनीय है। उन्होंने तर्क दिया कि वाहन की बरामदगी और पीड़िता द्वारा आरोपी की पहचान करना अपराध साबित करने के लिए पर्याप्त है। हाईकोर्ट ने कहा कि 'मेडिकल रिपोर्ट से यह साबित होता है कि पीड़िता के साथ दुष्कर्म हुआ था, लेकिन मेडिकल राय केवल अपराध की पुष्टि करती है, अपराधी की पहचान नहीं करती, इसके साथ ही आरोपी को दोषमुक्त कर दिया।

पानी की टंकी में डूबने से 3 वर्षीय मासूम की मौत

■ कोटा क्षेत्र के अमने गांव में दर्दनाक हादसा

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अमने में शनिवार की दोपहर एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां खेलते-खेलते एक 3 वर्षीय मासूम बच्ची की पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई। गांव में घटी इस हादसे ने पूरे परिवार और आसपास के लोगों को गहरे सदमे में डाल दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका परी वैष्णव पिता कल्याणदास वैष्णव एवं माता सरस्वती वैष्णव, अपने मामा के घर अमने में थी। रोज की तरह वह घर के पास ही खेल रही थी। खेलते-खेलते वह आंगन के पास में बनी पानी की टंकी के नजदीक पहुंच गई। बताया जा रहा है कि टंकी खुली हुई थी, और बगल में गिट्टी का ढेर पड़ा हुआ था जिसके कारण मासूम संतुलन खो बैठी और उसमें गिर पड़ी। कुछ ही क्षणों में वह नीचे डूब गई और घटना किसी को पता भी न चल सकी। कुछ देर बाद जब परिजनों ने बच्ची को आसपास न देखकर खोजबीन शुरू की। उसी दौरान पानी की टंकी के पास उसकी चप्पल दिखाई दी। शक होने पर परिजन टंकी की ओर दौड़े और अंदर झांककर देखा तो परी पानी में डूबी हुई थी। बगैर समय गंवाए उसे बाहर निकाला गया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा ले जाया गया। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीत्कार मच गया। पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सूचना पर कोटा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।वही इस दर्दनाक हादसे से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

डीएलएस का इंटरनेशनल सेमिनार एक माइल स्टोन: प्रो. देशमुख

बिलासपुर/नवप्रदेश। रासायनिक प्रदूषकों के पारिस्थितिकी पर बड़े प्रभाव पड़ रहे हैं जिनसे मानव जीवन व पर्यावरण प्रभावित व क्षतिग्रस्त हो रहा है। इसके लिए पर्यावरण-सुरक्षित विकल्पों की आवश्यकता पर निरन्तर अनुसंधान की आवश्यकता है। यह महाविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस विषय पर उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। ' उक्त बातें डी एल एस महाविद्यालय में आयोजित 2 दिवसीय इंटरनेशनल सेमिनार में विशेष रूप से आमन्त्रित प्रो. एम. एम. देशमुख चेयरमैन माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया ने की-नोट स्पीकर की आसन्दी से व्यक्त किए। यह संगोष्ठी माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया व माइक्रोबायोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ' 'सूक्ष्मजीव प्रगति और पारिस्थितिक तंत्र के घटकों पर रासायनिक प्रदूषकों का प्रभाव' विषय पर सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि प्रो. ए. के. पाण्डेय पूर्व कुलपति विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, अध्यक्षता प्रो. आर. वी. शुक्ला कुलपति श्री दावरा विश्वविद्यालय रायपुर ने की। संस्थान की चेयरमैन निशा बसंत शर्मा एवं प्राचार्य डॉ. प्रताप पाण्डेय उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन के बाद अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों व विशेष वक्ताओं में प्रो. जयमपथी डिसनाईके (श्रीलंका), डॉ. अमृता रंजन (दक्षिण अफ्रीका) और डॉ. अपूर्व सरकार (बांग्लादेश) शामिल थे। डॉ. डी.एस.वी.जी.के. कलाधर ने सूक्ष्मजीवों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण तकनीक पर चर्चा की। डॉ. संतोष ठाकुर ने वीसीडी-डीएफटी तकनीक के माध्यम से कायरल एपॉक्साइड की संरचना पर अपने अध्ययन प्रस्तुत किए।

प्रकृति और मानव प्रणाली में संतुलन विकास का आधार: पाण्डेय

तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता प्रो. ए. के. पाण्डेय ने कहा कि शोध विषय पुस्तकों से नहीं, बल्कि आसपास की समस्याओं से चुने जाने चाहिए। उन्होंने प्रकृति और मानव प्रणाली में संतुलन को विकास का आधार बताया। डॉ. ए. के. श्रीवास्तव ने साइनोबैक्टीरिया के पर्यावरण महत्व को बताया। संगोष्ठी में डॉ. तरुण धर दीवान (परीक्षा नियंत्रक, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय), डॉ. एच. एस. होता (छात्र कल्याण अधिष्ठाता अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय),की गरिमामयी उपस्थिति रही।

युवक की आत्महत्या मामले में अपराध दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। उसलापुर रेलवे स्टेशन के आगे डाउन लाइन सिग्नल के पास 27 सितंबर की रात युवक गौरव उर्फ ईशांक सवन्नी 30 वर्ष ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के दौरान सूचक नीरज माखीजा और मृतक के पिता अशोक सवन्नी ने बताया कि गौरव को प्रियंका सिंह द्वारा नोएडा में लगातार झूठा केस कर परेशान किया जा रहा था, जिसके कारण वह मानसिक तनाव में था। पुलिस द्वारा मृतक के कमरे में उसके पर्स से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने अपनी मौत का कारण प्रियंका सिंह को बताया है।

गड़बड़ियों पर जांच को लेकर अटल विश्वविद्यालय फिर चर्चा में

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलसचिव के निष्कासन के बाद बिलासपुर के एक और बड़े राजकीय विश्वविद्यालय में भी कारवाई की मांग तेजी से उठने लगी है, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में हुए भ्रष्टाचार एवं अनियमिताओं की शिकायतों की जांच आज 6 महीने में भी पूरी नहीं की जा सकी है, ज्ञात होगी अटल विश्वविद्यालय में हुए कथित भ्रष्टाचार वित्तीय तथा प्रशासनिक अनियमिताओं, शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक पदों की भर्ती में की गई गड़बड़ियां तथा कई गंभीर मामलों में हुई शिकायतों के बाद जांच के लिए उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन पर अपर संचालक उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के द्वारा 2 जांच समितियां गठित की गई थी जिनमें अपर संचालक के नेतृत्व में क्रमशः तीन सदस्यीय तथा चार सदस्य जांच समिति विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर चुकी है एवं आरोपों पर जवाब देने हेतु पत्राचार भी विश्वविद्यालय से किया गया परंतु आज 6 महीने से अधिक बीत जाने के बावजूद समिति द्वारा जांच प्रतिवेदन विभाग को प्रस्तुत नहीं किया गया है इसी बीच में लगातार हुए छात्र आंदोलनों तथा शिकायतों के चलते तत्कालीन प्रभारी कुलसचिव शैलेंद्र दुबे को पद से हटकर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा डॉ तारनिश गौतम को प्रभारी कुलसचिव के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जांच समिति का कहना है कि विश्वविद्यालय के द्वारा अपेक्षाकृत जवाब नहीं दिया जा रहा तथा शिकायत से जुड़े दस्तावेज समिति को देने से बचा जा रहा है जबकि कई बार इस हेतु विश्वविद्यालय को पत्र के माध्यम से रिमाइंडर भेजा जा चुका है अब स्थिति यह है कि जांच समिति के संयोजक प्रवीण कुमार पांडेय इसी माह सेवानिवृत्त होने को है अब शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उनके सेवानिवृत्ति के बाद जांच और ठंडा बस्ती में चली जाएगी।

देश में कानून सर्वोपरि लोकतंत्र की यही वास्तविक शक्ति: सीजे सिन्हा

बलौदाबाजार में विधि के शासन विषय पर महत्वपूर्ण सेमिनार

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला अधिवक्ता संघ बलौदाबाजार द्वारा गत दिवस जिला' न्यायालय परिसर, बलौदाबाजार में 'विधि के शासन विषय पर महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा (मुख्य न्यायाधीश) ने कहा कि हमारे लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति यही है कि देश में कानून सर्वोपरि है और कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा पद कानून से ऊपर नहीं है । मुख्य न्यायाधिपति ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया तथा विषय पर विस्तृत, प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि, विधि का शासन यह सुनिश्चित करता है कि समाज के कमजोर वर्ग, महिलाएँ, बच्चे, पीडित, विचाराधीन बंदी और प्रत्येक व्यक्ति को समान न्याय मिले विधि का शासन' ही कमजोरों को शक्तिशाली से सुरक्षा प्रदान करता है तथा शासन में समानता, निषपक्षता, जवाबदेही एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। न्यायपालिका, अधिवक्ता एवं अभियोजन सभी मिलकर न्याय प्रणाली की इस नींव को मजबूत बनाने के उत्तरदायी हैं। मुख्य न्यायाधीश ने विधि के शासन स्थापित किये जाने में अधिवक्तागण की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि अधिवक्ता समुदाय न्याय प्रणाली के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, न्याय की यात्रा प्रायः एक अधिवक्ता से प्रारंभ होती है। आम नागरिक सबसे पहले उन्हीं से न्याय की आशा लेकर मिलता है। अधिवक्ता केवल मुकदमों का प्रतिनिधित्व ही नहीं करते, बल्कि वे न्याय के वाहक, अधिकारों के रक्षक और संविधान के प्रहरी होते हैं। अधिवक्ता, पक्षकारों की पीड़ा को अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं और न्यायालय के समक्ष दृढ़ता से प्रस्तुत करते हैं।

बांस गीत की प्रस्तुति 7 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। बांस गीत गाथा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित बांस गीत गाथा समारोह में सौ गायक और वादक कलाकार एक साथ बांस गीत गाथा का प्रदर्शन 7 दिसंबर 2025 को पंडित देवकी नंदन दीक्षित सभा भवन, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर बिलासपुर में दोपहर 2 बजे से करेंगे। बांस गीत गाथा अकादमी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ यादव (पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ शासन) ने बताया कि छत्तीसगढ़ की पुरातन कला बांस गीत यादवी संस्कृति का प्रतीक है जिसे बांस के पोली नली से निर्मित वाद्य को फूंककर वादक पुरुष स्वर निकालता है और साथी कलाकर यादवों की सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक चरित्रों को गाथा के रूप में प्रस्तुत करते है।

भ्रमण — आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने सकरी बटालियन का किया शैक्षिक भ्रमण

कैडेट्स में अनुशासन, सैन्य कार्यप्रणाली की समझ व नेतृत्व कौशल विकास करना उद्देश्य: डॉ. श्रीवास्तव

बिलासपुर/नवप्रदेश। आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने आज सकरी स्थित सैन्य बटालियन का शैक्षिक एवं प्रेरणादायी भ्रमण किया।

इस भ्रमण का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, सैन्य कार्यप्रणाली की समझ तथा नेतृत्व कौशल का विकास करना था। भ्रमण के दौरान कैडेट्स को बटालियन के विभिन्न प्रशिक्षण विंग्स, आधुनिक हथियारों, संचार प्रणाली, रणनीतिक अभ्यासों तथा सैनिकों की दैनिक दिनचर्या का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। अधिकारियों ने कैडेट्स को भारतीय सेना की कार्यप्रणाली, चुनौतियों, तकनीकी प्रगति तथा राष्ट्र सुरक्षा में उनकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कैडेट्स ने सैन्य अधिकारियों से संवाद कर अपने प्रश्न पूछे तथा सेना में कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त किया। यह अनुभव उनके आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं देशसेवा की भावना को और अधिक मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ। भ्रमण के दौरान कैडेट्स को बटालियन के विभिन्न प्रशिक्षण क्षेत्रों, आधुनिक हथियार प्रणालियों, संचार तकनीकों तथा सैनिकों की दिनचर्या की जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई। कैडेट्स ने सैन्य कार्यप्रणाली और राष्ट्र सुरक्षा में सेना की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के विशेष आकर्षणों में से एक था सैनिकों द्वारा किया गया हर्डल प्रदर्शन, जिसमें उन्होंने फिजिकल फिटनेस, संतुलन, गति नियंत्रण तथा बाधा चुनौतियों को पार करने की उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया। कैडेट्स को विशेष रूप से आयोजित आयुध प्रदर्शन दिखाया गया।

सकरी बटालियन का जताया आभार

विद्यालय के चेयरमैन डा. अजय श्रीवास्तव ने सकरी बटालियन, बिलासपुर के अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं समस्त सैन्य कर्मियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बटालियन द्वारा प्रदान की गई प्रशिक्षण सुविधाएँ, आयुध प्रदर्शन, हर्डल एक्टिविटी तथा सैन्य उपकरणों का ज्ञान कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने विशेषकर बटालियन द्वारा कैडेट्स को दिए गए सकारात्मक मार्गदर्शन, अनुशासन की शिक्षा और प्रेरणादायी वातावरण के लिए गहरा धन्यवाद प्रकट किया। चेयरमैन ने यह भी कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों में देशभक्ति, साहस, नेतृत्व क्षमता, टीम-वर्क और अनुशासन जैसी जीवन मूल्यों की नींव मजबूत होती है।

सुविचार

ज्यादा बोझ लेकर चलने वाले अक्सर डूब जाते हैं। फिर वह बोझ चाहे सामान का हो या अभियान का हो। - अज्ञात

एसआईआर को लेकर तकरार

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चुनाव आयोग ने वहां एसआईआर कराकर मतदाता सूचियों का गहन पुनरनिरीक्षण कराया था। चुनाव आयोग की इस कार्यवाही को लेकर महागठबंधन के नेताओं ने बहुत हाय तौबा मचाई थी। कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तेजस्वी यादव के साथ मिलकर वोटर यात्रा भी निकाली थी और वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाते हुए एसआईआर का जमकर विरोध किया था और एसआईआर के माध्यम ये वोट चोरी कराने के आरोप लगाये थे। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था और सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की प्रक्रिया पर रोक लगाने से स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया था। इसके बाद हुए बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को 2002 सीटें मिली और महागठबंधन का सुपड़ा साफ हो गया। जाहिर है एसआईआर और वोट चोरी का मुद्दा टांय टांय फिस हो गया। इसके बावजूद विपक्षी पार्टियों एसआईआर के खिलाफ विरोध कर रही हैं। चुनाव आयोग ने बंगाल, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित देश के 12 राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसे लेकर तकरार हो रही है। एसआईआर की प्रक्रिया का सबसे ज्यादा विरोध बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कर रही हैं। जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होना है। बंगाल में एसआईआर शुरू होते ही वहां वर्षो से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों में हडकंप मच गया है और वे बंगाल छोड़कर वापस बांग्लादेश जाने के लिए बॉर्डर पर डेरा डाले पड़े हुए हैं। इन घुसपैठियों की संख्या बॉर्डर पर लगातार बढ़ती जा रही है। कुछ घुसपैठिए तो नेपाल में भी घुसने की तैयारी में है। हजारों की संख्या में इन घुसपैठियों वापस लौटने के कारण ममता बनर्जी को अपना वोट बैंक खिसकता नजर आ रहा है। इसलिए उन्होंने एसआईआर के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। वे खुद सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रही हैं और केन्द्र सरकार को धमकी दे रही हैं कि यदि बंगाल में एसआईआर कराया गया तो केन्द्र सरकार को उखाड़कर फेंक दिया जाएगा। दरअसल ममता बनर्जी को अगले साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की हार की संभावना साफ नजर आ रही है क्योंकि बंगाल में लाखों घुसपैठिए कई सालों से डेरा डाले पडे हैं और इनमें से अधिकांश लोगों के आधार कार्ड, वोटरकार्ड और राशकार्ड भी बन चुके हैं और ममता बनर्जी सरकार इनको पूरा संरक्षण दे रही है। यदि इन घुसपैठियों खदेड़ दिया गया तो ममता बनर्जी की हार लगभग तय हो जाएगी। इसी तरह उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के सुप्रीमों अखिलेश यादव ने भी उत्तरप्रदेश में एसआईआर कराये जाने का विरोध किया है और दावा किया है कि उनकी पार्टी उत्तरप्रदेश में किसी भी मतदाता का नाम नहीं कटने देगी। उन्होंने एसआईआर की टाइमिंग को लेकर भी सवालिया निशान लगाया है कि चुनाव आयोग केन्द्र सरकार के इशारे पर ऐसे समय में एसआईआर करा रहा है जब शादी ब्याह का सीजन चल रहा है और लोग उसमें व्यस्त हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार में एसआईआर के नाम पर केन्द्र की एनडीए सरकार ने खेला करा दिया है लेकिन वे उत्तरप्रदेश में खेला नहीं होने देंगे। इसी तरह का बयान आम आदमी पार्टी के नेता भी दे रहे हैं और एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। केरल की वामपंथी सरकार ने तो एसआईआर की प्रक्रिया रोकने बाकायदा सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया है जहां उस पर सुनवाई होनी है। एसआईआर का विरोध वाकई समझ से परे हैं। इसके लिए पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने हरी झंडी दिखा दी थी फिर भी जो राजनीतिक पार्टियां एसआईआर रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर रही है। उससे कोई फायदा नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई जरूर करेगा और चुनाव आयोग को नोटिस भी देगा लेकिन बाद में उसे एसआईआर को मंजूरी देनी ही होगी। चुनाव आयोग की इस कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट दखल नहीं दे सकता यह उसने पहले ही स्पष्ट कर दिया है। यदि एसआईआर के काम में धांधली की सिकायत आती है और उसके सबूत सामने आते हैं तभी सुप्रीम कोर्ट इसमें हस्तक्षेप कर पाएगा। बिहार का उदाहरण सामने है जहां एसआईआर के दौरा किसी भी पात्र मतदाता का नाम काटे जाने की एक भी शिकायत सामने नहीं आई थी एसे में एसआईआर का विरोध सिर्फ राजनीति चमकाने के लिए ही किया जा रहा है।

संविधान और संसद: बिलों की मंजूरी में राज्यपाल की सीमाएँ

महेन्द्र तिवारी

अंततः यह फैसला भारतीय संघवाद की आत्मा के अनुरूप है। न तो न्यायपालिका सर्वशक्तिमान है, न राज्यपाल असीमित शक्तियों से लैस हैं। संविधान ने दोनों के कर्तव्यों और सीमाओं को परिभाषित किया है। सुप्रीम कोर्ट की यह राय उसी संवैधानिक मर्यादा की पुनः पुष्टि है। यह न केवल राज्यों की विधायी प्रक्रिया को गति देगा, बल्कि केंद्र और राज्यों के बीच आपसी विश्वास की राह भी कुछ हद तक आसान करेगा। लोकतंत्र का वास्तुशिल्प तभी स्थिर रहता है जब उसके सभी स्तंभ अपनी-अपनी सीमाओं और जिम्मेदारियों को समझकर कार्य करें। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उसी संतुलन को कायम रखने का एक सुविचारित प्रयास है—संविधान की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, शासन की प्रक्रिया को मजबूती प्रदान करने वाला।

भारतीय संविधान की संरचना संघवाद, शक्तियों के पृथक्करण और लोकतांत्रिक जवाबदेही की गहरी नींव पर टिकी है। इस ढांचे में राज्यपालों और राष्ट्रपति की भूमिका केवल औपचारिक नहीं, बल्कि एक संवैधानिक संतुलन बनाए रखने वाली जिम्मेदारी है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने राज्यपालों और राष्ट्रपति की बिल मंजूरी संबंधी शक्तियों पर जो महत्वपूर्ण राय दी है, उसने न केवल संवैधानिक विमर्श को नया आयाम दिया है, बल्कि शासन प्रक्रिया में लंबे समय से चल रहे एक संवैधानिक तनाव को भी स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। यह फैसला बताता है कि राज्यपाल बिलों को अनिश्चितकाल के लिए लंबित नहीं रख सकते, लेकिन न्यायपालिका उनकी निर्णय-सीमा तय भी नहीं कर सकती। इस दोहरे निष्कर्ष ने केंद्रङ्कराज्य संबंधों और विधायी प्रक्रिया की गरिमा पर कई महत्वपूर्ण सवालों और उत्तरों को एक साथ सामने रखा है।

संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 राज्यपाल और राष्ट्रपति को तीन स्पष्ट विकल्प देते हैं—बिल को मंजूरी देना, उसे विधानसभा को पुनर्विचार के लिए लौटाना, या उसे राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित करना। इन विकल्पों का स्वरूप बताता है कि संवैधानिक निर्माताओं ने राज्यपाल को केवल एक ÷रबर स्टैंप÷ की भूमिका नहीं दी थी, बल्कि एक विवेकाधारित जिम्मेदारी प्रदान की थी। किंतु प्रश्न यह है कि क्या इस विवेक का उपयोग असीमित समय पर टिका रह सकता है? हाल के वर्षों में कई राज्यों—विशेष रूप से तमिलनाडु, केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तेलंगाना—ने आरोप लगाया कि राज्यपाल राजनीतिक कारणों से विधेयकों को महीनों, कभी-कभी सालों तक लंबित रखते हैं, जिससे न केवल विधायिका की संप्रभुता प्रभावित होती है बल्कि शासन संचालन भी अवरुद्ध हो जाता है। यह राजनीतिक टकराव अंततः न्यायिक समीक्षा के दायरे में आया।

अप्रैल 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश दिया था कि राष्ट्रपति और राज्यपाल तीन माह के भीतर बिल पर निर्णय लें। यह आदेश राज्यों और केंद्र के बीच उत्पन्न तनाव को कम करने का एक व्यावहारिक प्रयास था। लेकिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वयं इस पर सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी,

यह कहते हुए कि संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेकाधिकार पर न्यायपालिका समयसीमा थोप सकती है या नहीं—यह खुद एक संवैधानिक प्रश्न है। इसी संदर्भ में 20 नवंबर 2025 को संविधान पीठ ने विस्तार से सुनवाई की और यह स्पष्ट किया कि न्यायपालिका किसी भी संवैधानिक पदाधिकारी पर समय सीमा लागू नहीं कर सकती। यह निष्कर्ष सेपरेशन ऑफ पावर्स के सिद्धांत को पुनः स्थापित करता है, जिसके अनुसार राष्ट्रपति और राज्यपाल की शक्तियाँ उनकी संवैधानिक स्वायत्तता के दायरे में आती हैं, और न्यायपालिका को इन शक्तियों का सूक्ष्म प्रबंधन नहीं करना चाहिए।

हालाँकि, पीठ ने यह भी उतनी ही स्पष्टता से कहा कि बिल को अनिश्चितकाल तक रोककर रखना संविधान की भावना के विपरीत है। यानी निर्णय लेना अनिवार्य है, पर उसकी समय सीमा न्यायपालिका तय नहीं करेगी। यह संतुलन संवैधानिक विवेक और लोकतांत्रिक जवाबदेही के बीच एक मध्य मार्ग प्रस्तुत करता है। अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि 'डिम्ड असेंट' जैसी कोई व्यवस्था—जिसमें समयसीमा पूरी होने पर बिल को स्वचालित रूप से मंजूर माना जाए—संवैधानिक रूप से मान्य नहीं है। ऐसा प्रावधान संविधान में नहीं है और इसे न्यायपालिका द्वारा निर्मित करना संघीय ढांचे पर अनुचित प्रभाव डालता। इसलिए असहमति हो सकती है, लेकिन स्वचालित सहमति नहीं हो सकती।

यह फैसला एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू पर भी रोशनी डालता है—विवेकाधिकार के मूल स्वरूप पर। अदालत ने कहा कि वह राज्यपाल के निर्णय की मेरिट यानी गुण-दोष की समीक्षा नहीं करेगी। यदि राज्यपाल लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं करते, तो न्यायालय प्रशासनिक निर्देश जारी कर सकता है कि राज्यपाल निर्णय लें, लेकिन वह यह नहीं कह सकता कि उन्हें मंजूरी देनी है या रोकनी है। यह रेखा सूक्ष्म जरूर है, पर संवैधानिक ढांचे की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह न्यायपालिका की अपनी सीमाओं का अहसास भी कराता है और पदाधिकारियों की संवैधानिक जिम्मेदारियों की याद भी दिलाता है।

इस निर्णय के राजनीतिक निहितार्थ भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। भारत की संघीय राजनीति लंबे समय से राज्यपालों की भूमिका को लेकर विवादों से घिरी रही है। कई बार राज्यपालों पर केंद्र की राजनीतिक इच्छाओं को लागू करने का आरोप लगता है, विशेषकर उन राज्यों में जहाँ विपक्षी दल सत्ता में हों। विधेयकों को लंबित रखना अक्सर राजनीतिक दबाव के एक उपकरण के रूप में देखा जाता है, जो न केवल राज्य सरकार की नीतिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है बल्कि जनता द्वारा चुनी गई विधानसभाओं की गरिमा को भी चोट पहुंचाता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस संदर्भ में एक संवैधानिक मर्यादा तय कर दी है कि लंबित रखना विकल्प नहीं है। इस सरल टिप्पणी का राजनीतिक प्रभाव गहरा है—अब राज्यपालों को कार्रवाई करनी ही होगी, चाहे वह मंजूरी हो या पुनर्विचार। इस प्रकार राज्य सरकारों को अपनी नीतियाँ लागू करने में अनावश्यक अवरोधों का सामना कम होगा।

इस निर्णय का एक व्यापक प्रभाव यह है कि संवैधानिक संस्थाओं के बीच सम्मानजनक दूरी और आवश्यक संवाद, दोनों की जरूरत को फिर से रेखांकित किया गया है। न्यायपालिका ने जहाँ अपनी सीमा का सम्मान किया, वहीं राज्यपालों को भी उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी की याद दिलाई। यह निर्णय सरकारों, राजनीतिक दलों और संवैधानिक पदाधिकारियों के लिए एक संदेश है कि शासन की प्रक्रिया दमित या बाधित होने के लिए नहीं, बल्कि सुचारु और संयमित ढंग से चलने के लिए बनाई गई है। किसी भी स्तर पर अवरोध लोकतांत्रिक व्यवस्था का अपमान है।

मनुष्य और मशीन के बढ़ते 'वैवाहिक संबंध': चिंतनीय पहलू

– हरीश शिवनानी

बात इसी सितंबर की है। एक छोटे देश अल्बानिया ने एक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- यांत्रिक बुद्धिमत्ता) 'डिएला' को स्त्री रूप देकर अपनी केंद्रीय सरकार में कैबिनेट मंत्री बना दिया और दुनिया में मनुष्य बनाम तकनीक को लेकर एक बहस की शुरुआत कर दी। इस बहस के बीच ही जापान की एक 32 वर्षीय महिला ऐमी कैनो ने नवंबर में अपने प्रेमी से लंबे ब्रेकअप के बाद चेटजीपीटी 'क्लॉस' से विवाह कर बहस को नया आयाम दे दिया है।

कैनो ने 'विवाह' करने के लिए यह 'एआई पर्सोना' (कृत्रिम,आभासी व्यक्ति) चेटजीपीटी पर अपनी बातचीत को स्वानुकूल करके बनाया- उसकी आवाज, टोन, पर्सनेलिटी तय कर एक डिजिटल इमेज भी बनाई और उसे नाम दिया 'क्लॉस'। इतना ही नहीं, उसने विवाह समारोह का आयोजन भी किया जिसमें कानौ ने 'ऑगमेंटेड रियलिटी ग्लास' पहने, जिनमें क्लॉस की लाइफसाइज इमेज उसके बगल में खड़ी दिखाई दे रही थी। यह कार्यक्रम नाओ और सायाका ओगासावारा ने आयोजित किया, जो '2 डी कैरेक्टर वेडिंग्स' करवाने में विशेषज्ञ हैं यानी वर्चुअल या 'फिक्शनल पार्टनर' से शादी करने वाले लोगों के लिए समारोह।

यह मामला तकनीक के अलावा सामाजिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से काफी दिलचस्प है जिसके कई चिंतनीय पहलू हैं। प्रश्न यह है कि क्या तकनीक अब पति-पत्नी जैसे नितांत निजी और अंतरंग मामले में भी मनुष्य का विकल्प बनने जा रही है? कैनो का 'क्लॉस' से प्रतीकात्मक विवाह पहला मामला नहीं है। मानव और 'पुरुष' या 'स्त्री' रूप बने एआई/रोबोट/होलोग्राम के बीच ऐसे 'विवाह' के अन्य मामले भी हैं जो कानूनी रूप से मान्य नहीं होते, लेकिन भावनात्मक रूप से व्यक्ति के लिए गहन होते हैं। 2017 में चीन के इंजीनियर झेंग जियाजिया ने खुद एक रोबोट 'यिंगयिंग' बनाया और उससे 'विवाह' कर लिया। 2018 में जापान के अकीहिको कोन्डो ने वर्चुअल पॉप स्टार हत्सुने मिकु (एक होलोग्राफिक एआई चरित्र) से तो 2023 में अमेरिकी रोसाना रैमोस ने रेप्लिका ऐप पर बनाए गए चैटबॉट 'एरेन कार्टल' से वर्चुअल मैरिज की। अमेरिका में ही 2025 में ट्रेविस नामक व्यक्ति ने चैटबॉट 'लिली रोज' से डिजिटल समारोह में विवाह किया। इसी तरह अलाईना विंटर्स ने भी एक रोबोट 'लुकास' से विवाह किया। इन विवाहों से सवाल भी उभरते है कि आखिर वह कौन-सी दुनिया है जिसमें इंसान मशीन के पास सुकून खोजने को मजबूर हो जाता है? वह कौन-सा जीवन है जहाँ लोग इतने अकेले हो चुके हैं कि एक डिजिटल साथी के सामने दिल खोलना आसान लगता है? ऐसे विवाह करने वाले सभी लोगों के तर्क में एक सामान्य बात थी कि वे इस भरी दुनिया में बेहद अकेलापन महसूस कर रहे थे और वर्चुअल रूप से उन्हें एक 'परफेक्ट पार्टनर' मिल गया है। दरअसल इन घटनाओं को सतह से नहीं, भीतर से देखने की ज़रूरत है। कभी मानव समाज का स्वरूप वृहद था, लोग एक ही छत के नीचे रहते थे, सब आत्मीय रिश्तों की डोर से बंधे थे।आगे चलकर विवाह का अर्थ बदल गया। रिश्तों का केंद्र 'साथीपन' बन गया, जिसमें अपनेपन की तलाश, भावनात्मक सहारा, दर्द और थकान को साझा करने की अपेक्षाएं थीं, लेकिन आधुनिक दुनिया इस साथीपन को धीरे-धीरे खोखला भी

करती गई। समय की कमी, अस्थिर रोज़गार, असुरक्षा का भाव, संत्रास, कुंठा, अवसाद, महानगरों का अजनबीपन सब मिलकर ऐसा माहौल बना रहे हैं,जहाँ रिश्तों का बंधन निभाने का धैर्य कम होता जा रहा है। उनकी दिनचर्या में लोगों से संपर्क तो है, पर संबंध नहीं, आत्मीयता तो कत्तई नहीं। ऐसे माहौल में मन ऐसी उपस्थिति खोजने लगता है जो थकती न हो, शिकायत न करे, गायब न हो जाए। ये विवाह उस खालीपन की तरफ़ ही इशारा करते हैं जिसे भरने के लिए हर कोई अलग राह चुनता है। कोई दोस्ती में, कोई प्रेम में, कोई कला में, कोई आध्यात्मिकता में। इसी आधुनिक जीवन का एक पथ तकनीक से भी होकर गुज़र रहा है। ये घटनाएं सिर्फ 'अनूठी खबर' मात्र नहीं है, बल्कि समाज शास्त्र के एक बड़े बदलाव की ओर संकेत करती हैं- जहाँ मानव संबंधों की पारंपरिक धारणाएँ बदल रही हैं। करीब तीन साल पहले इज़रायल के प्रोफेसर समाजशास्त्री एलियाकिम किस्लेव ने किताब लिखी- 'रिलेशनशिप 5.0: हाऊ एआई,वीआर एंड रोबोट्स विल रिशेप अवर इमोशनल लाइव्स'। यह किताब मानव संबंधों के इतिहास को तकनीकी विकास के चश्मे से देखती है। विकास का पहला चरण प्रागैतिहासिक काल से शुरू होता है। नवीनतम चरण 21वीं शताब्दी का है, जहां यांत्रिक बुद्धिमत्ता, वर्चुअल रियलिटी और रोबोट्स संबंधों का केंद्र बन रहे हैं। तकनीक अब सिर्फ उपकरण नहीं, बल्कि आधुनिक दौर में मशीनें 'भावनात्मक साझेदार' बन रही हैं। वे कहते हैं, ÷तकनीक अब हमारा नया जीवन साथी है।÷ ये 'डिजिटल साथी' भावना अकेल जीवन बिताने वालों के लिए एक वैकल्पिक सहारा बन रहे हैं। मशीनी साथी, खासकर चैटबोट, ऐसी प्रतिक्रियाएँ देते हैं जो सहानुभूति युक्त, स्थिर और प्रशंसात्मक हो सकती हैं। यह व्यवहार 'एम्पैथिक रीफ्लेक्टिंग साथी' जैसा हो सकता है- जो व्यक्ति को यह महसूस कराता है कि उसकी भावनाओं को समझा गया है और वे एआई के साथ गहरा आत्मीय रिश्ता महसूस करने लगते हैं। इतना सब होने के बावजूद यह बिंदु भी गौरतलब है कि ये रिश्ते पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं को चुनौती देते हैं, इनके जोख़िम भी बहुत हैं। लम्बा भावनात्मक रिश्ता सामाजिक हानि में बदल सकता है।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ अगर आप भी इंसान हैं, मनुष्य हैं तो थोड़ा रुकिए और उस मनुष्य के चेहरे पर लगे बोर्ड के पीछे भी देखने का प्रयत्न करिए। जहाँ मुस्कुराहट का भी बोर्ड लगा हो वहाँ भी धड़-धड़ा के मत घूसना और जहाँ दुखी चेहरा हो वहाँ भी मत घूसना। स्टे, थिंक, नजर घुमाइए, देखिए, समझिए और फिर धीरे-धीरे यात्रा करें। विवेकवान आदमी को विवेक से निर्णय करना चाहिए। समझना, लगे कि मामला ठीक है तो प्रवेश कर जाना।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1434-लंदन में थेम्स नदी का पानी का बर्फकेटूड़को रूप में जम गया था। 1542-एंग्लो-स्कॉटिश वॉर्स-इंग्लैंड ने सोल्वे मॉस की लड़ाई में अपनी जीत के साथ लगभग 1200 स्कॉटिश कैदियों को पकड़ लिया। 1642-हाबिल तस्मान की अगुवाई में एक डच अभियान वर्तमान तस्मानिया, ऑस्ट्रेलिया में पहुंचा। 1744-जॉन कार्टरेट ने उत्तरी विभाग के ब्रिटिश सचिव पद से इस्तीफा दिया। 1759-इटली में विसूवियस पर्वत शिखर पर ज्वालामुखी विस्फोट हुआ। 1827-फ्रांस के 430 सदस्य चैंबर ऑफ डेप्युटीज के लिए चुनाव में मतदान हुआ। ल्ट्रावार्स्टिस्ट, किंग चार्ल्स एक्स के समर्थक, 233 सीटों की बहुमत से हारे और उन्हें 180 सीटें प्राप्त हुई। 1831-ब्रिटेन के भौतिकशास्त्री माइकल फेरेडे ने बिजली की खोज की। 1859-ब्रिटिश प्रकृतिवादी चार्ल्स डार्विनवास द्वारा प्रजाति की उत्पत्ति पर पहली बार प्रकाशित हुआ और पहले दिन इसका प्रारंभिक प्रिंट रन बेचा। 1863-अमेरिकी गृहयुद्ध-युद्ध के दौरान, टेनेसी, टेनेसी, टेनेसीओनाओ अभियान के हिस्से के रूप में, केंद्रीय बलों ने शहर के कॉन्फेडरेट घेराबंदी को तोड़ने में मदद करने के लिए लुकआउट माउंटेन पर कब्जा कर लिया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खामोशी मतलब

खामोशी मतलब गुस्सा दुःख लाचारी नाराजगी या शुष्क सा खयाल कुछ भी हो सकता है कभी कभी खामोशी मतलब दुःख के भँवर में डूबते को साहिल कीउम्मीद खामोशी ले जाती है उस भँवर से दूर पर कभी कभी विरोध या सहमती भी हो सकता है कभी हार तो कभी हथियार भी हो सकता है हो सकता है चिंतन या खयालों के साथ सपने में मुस्काना और फिर बेख़याली में गुनगुना और धीमे से मुस्कुराना..... - **डेज़ी जयसवाल**

सुनों प्रेम का वास्ता

सुनों प्रेम का वास्ता तो सदा मन के तार से वो मौन ही दो मन के मिलने से पृथक होके भी जींवन में व्याप्त दूर करते हुए अंधेरे से है जो प्रेम के प्रकाश से धीरे-धीरे समय के साथ... प्रेम के नाम... मन मंदिर को प्रकाशित कर मुझमें और तुममें सदा के लिए जगमगाए वही प्रेम... शिव के शक्ति के रुप में समक्ष और प्रत्यक्ष रुप से नज़र आता है.... कि प्रेम यही जो निस्वार्थ और साथ जींवन की हर बात है...!!

– नंदिता तनुजा

मंत्र स्तुति और भजन, आने

मंत्र स्तुति और भजन, आने का तेरा उद्घोषण। ज्योति आरती और सुगंधन, आने का तेरा उद्घोषण। तिलक त्रिकूट और चन्दन, आने का तेरा उद्घोषण। ढोल मजीरा और वंदन, आने का तेरे उद्घोषण। अर्पण तर्पण और समर्पण, मेरे आने का उद्घोषण। घड़ी घंटा और ध्वनि संचरण आने का तेरा उद्घोषण। मैं तेरा और तू है मेरा, परम प्रेम का उद्घोषण। है, परम प्रेम का उद्घोषण।। – **राकेश मिश्रा**

स्वार्थ के कठिन मकड़जाल में स्वयं

स्वार्थ के कठिन मकड़जाल में स्वयं को उलझाकर तोड़ना होगा इस झुलसती मानवता को प्रेम के आँचल में ही लोटना होगा है धरा बहुत प्यासी अभी ऐ बादलों ! तुम्हें लौटना होगा । – **रामकिशोर उपाध्याय**

उल्लू जबसे गाँव का, बन बैठा सरपंच

उल्लू जबसे गाँव का, बन बैठा सरपंच। रात-रात भर जागता, खाता-पीता टंच।। खाता-पीता टंच, और दिन भर सोता है। वह तो हँसता खूब, गाँव लेकिन रोता है। सड़कें-बिजली-काम, नहीं पानी दो चुल्लू। बन आया सरपंच, गाँव में जबसे उल्लू।। – **भाऊराव महंत**

पुरुषों के पास मायका नहीं होता

पुरुषों के पास मायका नहीं होता है, ना कोई ऐसा आंगन, जहां वे निःसंकोच लौट सके। जहां कोई माथा चूम कर कहे, थक गए हो ना, थोड़ा आराम कर लो। वो चलते रहते हैं। निरंतर एक पुत्र, एक पिता एवं एक पति बनकर, अपने कंधों पर जिम्मेदारियां का बोझ । कभी खुद के लिए ठहर नहीं पाते। – **गौरी पटले**

ठोकरों के अनुभव जीवन की कमाई

ठोकरों के अनुभव जीवन की कमाई है अच्छी फसल का कारण बेहतरीन बुवाई है!! संबंधों में परिपक्वता संवेदना की सिलाई है बेटी से अधिक प्यारा होता जब जमाई है !! ख़र्चों पर आमदनी होती सवाई है ईमानदारी से रोटी जब कमाई है !! बेटियां अब नहीं होती पराई हैं रस्म रह गई अब सिर्फबिदाई है!! सम्बन्धों ने मीलों की दूरियाँ भुलाई हैं दिल से दिल की होती जब सगाई है!! – **अंजू डोकानिया**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। महत्वपूर्ण कार्य में आप आगे रहेंगे।

वृषः आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा। आप किसी काम में लापरवाही बिल्कुल ना करें। बड़ों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा और आप किसी से धन उधार लेने से बचें।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा, क्योंकि आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिए अपने खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में किसी अजनबी से सलाह ना लें।

सिंहः आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपका कोई बड़ा लक्ष्य पूरा हो सकता है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे।

कन्याः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर-परिवार में चल रही समस्याएं आज फिर से सिर उठाएंगी, जो आपके टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप कुछ नए लोगों से मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। आपको बड़ों की भावनाओं का सम्मान करना होगा। आप दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति की प्राप्ति के लिए रहेगा। करियर को लेकर दिन परेशान रहेगा, तो आपको कोई बेहतर अवसर हाथ लग सकता है। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे।

धनुः आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा। दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपकी कोई प्रॉपर्टी को लेकर डील यदि अटकी हुई थी।

मकरः आज आप अपनी वाणी और व्यवहार से लोगों का दिल जीतेंगे। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आज आपके काम की गति थोड़ी धीमी हो सकती है, लेकिन आपके अंदर ऊर्जा अधिक रहेगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपको छुटपुट लाभ के अवसरों को हाथ से नहीं जाने देना है। आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

मीनः आज का दिन आपको बिजनेस में अच्छा लाभ दिलाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। आप अपने कामों से लोगों का भरोसा जीतेंगे। आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है।

QUIZ TIME

1) गोवा के पास भारत और इटली के बीच नौसैनिक अभ्यास में किस भारतीय विमानवाहक पोत ने भाग लिया?

2) प्राचीन और अत्यधिक अपक्षयित मिट्टी में फॉस्फोरस के प्रमुख फ्रगेटकीपरफ्र के रूप में किस जीव समूह की पहचान की गई है?

3) हाल ही में भारत की पहली निजी सैन्य विमान फैक्ट्री का उद्घाटन किस राज्य में हुआ?

4) दुनिया का पहला 'कैशलेस समाज' कौन सा देश बना है?

5) हाल ही में जापान में पीएम मोदी को उपहार में दी गई दारुमा गुड़िया किस भारतीय भिक्षु के मॉडल पर आधारित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) आईएनएस विक्रमादित्य (2) मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीव (फंगी और बैक्टीरिया) (3) गुजरात (4) स्वीडन (5) बौद्ध भिक्षु बोधिधर्म

कार्टून

4 श्रम संहिता लागू करना मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम - कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। श्रम कानूनों में परिवर्तन को देश के मेहनतकश जनता के साथ छल है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि मजदूर संगठनों के कड़े विरोध के बावजूद केंद्र सरकार ने कॉर्पोरेट हित में मजदूरों को गुलाम बनाना चाहती है। 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को रद्द करके 4 श्रम संहिता मनमानी पूर्वक थोपना श्रमिकों पर अत्याचार है। नया कानून मजदूरों के जीवन और आजीविका को संकट में डालने वाला है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि श्रम नीति 2025 का मसौदा केवल कॉर्पोरेट परस्त नीतियों पर आधारित है मेहनतकश जनता के हितों के खिलाफ है। इस नई श्रम संहिताओं का आधार ही मजदूरों का शोषण और गुलामी है। पूंजीवादी गुलाम संघीयों और भाजपाइयों के लिए विकास का पर्याय ही कॉर्पोरेट का मुनाफा है, श्रमिकों का खून चूस कर पूंजीपतियों का पोषण करने का षड़यंत्र रचा गया है। श्रमवीरों के परिश्रम और पसीने की यह सरकार लगातार अपमानित कर रही है भाजपा सरकार।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अपने पूंजीपति मित्रों के मुनाफे के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक प्रक्रिया को तक कुचलने पर आमादा है। करोड़ों मजदूरों के हित प्रभावित होने वाले दो दर्जन से ज्यादा श्रम कानून, बिना चर्चा, बिना सदन में बहस के विपक्षी दल के सांसदों को मार्शल लगाकर बाहर करके पास कर दिया गया। कहीं पर किसी की सुनवाई नहीं है। काम के घंटे बढ़ाए गए, महिला श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाएं खत्म कर दी गई। भाजपा की सरकार केवल पूंजीपति मित्रों की सेवा में लगी है आम जनता इन कॉर्पोरेट परस्त नीतियों से तंग आ चुकी है।

गोगांव में जानलेवा हमले के मामले में आरोपी चिंटू बंजारे दोषी करार

रायपुर/नवप्रदेश। गोगांव थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में हुई जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी नीति श बंजारे उर्फ चिंटू को अदालत ने दोषी करार दे दिया है। मामले में आरोपी पर प्रार्थी रूखमणी महेश्वरी के दो बेटों–टीकम महेश्वरी और सूरज महेश्वरी–पर गंभीर हमला करने का आरोप साबित हुआ है। मामले के अनुसार 12 फरवरी 2022 की दोपहर लगभग चार बजे पुरानी पानी टंकी के पास आरोपी अपने साथी योगेश लहरे के साथ पहुंचा और टीकम महेश्वरी से विवाद करते हुए गाली-गलौज की। इसके बाद आरोपी ने धारदार हथियार से टीकम के कमर, पेट और सीने पर वार किए। वहीं बीच-बचाव करने आए सूरज महेश्वरी के सिर और कमर के नीचे भी चोट पहुंचाई गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शी स्थानीय लोग भी वहां मौजूद थे।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 62/2022 दर्ज किया और आरोपी व उसके साथी पर धारा 307, 323, 34 के तहत प्रकरण कायम किया। जांच में आरोपी के कब्जे से खून लगे कपड़े और लोहे का नुकीला चाकू जब्त किया गया, जिन्हें विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया। घटनास्थल का पटवारी नजरी नक्शा भी तैयार किया गया। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी नीति श बंजारे के खिलाफ धारा 294, 506(भाग-2), 307, 323, 326, 34 भा.दं.सं. के तहत आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी ने आरोपों से इनकार किया, लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उसे दोषी ठहराया।

मोजो मशरूम के अनैतिक क्रियाकलाप पर घुटने टेक चुकी है सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। मोजो मशरूम फैक्ट्री में लगातार उजागर हो रहे गैर कानूनी गतिविधियों पर प्रशासन की खामोशी पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा सरकार के संरक्षण में ही अनैतिक गतिविधियों का संचालन हो रहा है, मोजो मशरूम फैक्ट्री के संचालको के भाजपाइयों से क्या संबंध है? यह खुलासा आवश्यक है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश के बावजूद प्रशासन खामोश है। मासूम बच्चों को बंधक बनाकर बालश्रम कराया जा रहा है। राजधानी रायपुर से महज़ 30 किलोमीटर पर हाईवे किनारे संचालित हो रहे इस फैक्ट्री में खतरनाक केमिकल का उपयोग हो रहा है, बिना किसी सुरक्षा मानकों के नाबालिक बच्चों से जबरिया काम कराया जा रहा है, केवल बाल श्रम ही नहीं मानव तस्करी का भी मामला है ।

आवास मेला, सिर्फ 1 प्रतिशत बुकिंग अमाउंट में घर खरीदने का मौका

- छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की बड़ी योजना
- आज से तीन दिवसीय राष्ट्रीय आवास मेला

रायपुर/नवप्रदेश। घर का सपना देखने वाले परिवारों के लिए इस सप्ताह बड़ा अवसर आने वाला है। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड राजधानी रायपुर के बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर में 23 से 25 नवंबर 2025 तक राज्य स्तरीय आवास मेला 2025 का आयोजन कर रहा है।आवास मेला में 1 प्रतिशत दर पर स्पॉट बुकिंग, ऑन-स्पॉट साइट विजिट, बैंक लोन असिस्टेंस और आवास योजनाओं की पूरी जानकारी एक ही जगह उपलब्ध होगी।

मेले में लगे कई स्टाल

आवास मेला 2025 में लोगों को घर निर्माण और खरीद से जुड़ी सभी जानकारी एक ही स्थान पर मिलेगी। इसके लिए विभिन्न

जनता का बढ़ता विश्वास सबसे बड़ी पूंजी

गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने कहा कि राज्योत्सव के दौरान मिला उत्साहजनक प्रतिसाद लोगों के विश्वास का प्रमाण है. उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में कई जनहितैषी योजनाएं शुरू की गईं, जिनमें वन टाइम सेटलमेंट योजना-2 (ह्रस्र-2) बेहद सफल रही और आम लोगों को 30 प्रतिशत तक की छूट पर पक्का घर उपलब्ध कराया गया।

2000 करोड़ की नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ

रजत जयंती वर्ष (छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष) के उपलक्ष्य में इस मेले में 2000 करोड़ रुपये की नई आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। इन योजनाओं में 70 प्रतिशत आवास कमजोर आय वर्ग के लिए आरक्षित रहेंगे। मेले में राज्यभर की सभी आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों की जानकारी उपलब्ध होगी।

2027 तक हर परिवार को पक्का घर उपलब्ध कराना लक्ष्य

मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का मूल लक्ष्य है। साल 2027 तक हर परिवार को अपना पक्का घर उपलब्ध कराना। राज्य स्तरीय आवास मेला इसी दिशा में बड़ा कदम है, जहां लोगों को किफायती दरों पर घर उपलब्ध कराने की पूरी व्यवस्था की जा रही है।

'हाउसिंग बोर्ड को कर्जमुक्त करने के बाद बड़ा विस्तार'

वित्तीय एवं आवास मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि 2023 में सरकार संभालते समय हाउसिंग बोर्ड पर 790 करोड़ रुपये का भारी कर्ज था। लेकिन पिछले वर्ष एकमुश्त भुगतान कर बोर्ड को पूरी तरह कर्जमुक्त किया गया। ओपी चौधरी ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड के 10,000 से अधिक पुराने घर वर्षों से बिना बिके पड़े थे। जिन्हें बेचकर आय अर्जित की गई। यह कदम बोर्ड को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित हुआ।

प्रदेश में बदलेगा मौसम, बढ़ेगी ठंड

- 3 दिनों बाद तापमान फिर गिरने से ठंड बढ़ सकती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शुष्क मौसम का दौर जारी है. रायपुर में अधिकतम तापमान 30-31 डिग्री और न्यूनतम 16 डिग्री रहने का अनुमान है। आने वाले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री की वृद्धि हो सकती है, इसके बाद तापमान फिर गिरने से ठंड बढ़ सकती है। प्रदेशभर में वर्षा या बादलों की संभावना नहीं है।छत्तीसगढ़ में तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है. सुबह-शाम की ठंड के बीच मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि के संकेत दिए हैं। हालांकि यह राहत ज्यादा समय तक नहीं रहेगी और इसके बाद तापमान दोबारा गिरने से प्रदेश में ठंड बढ़ सकती है। इस दौरान प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है।

छत्तीसगढ़ के विभिन्न संभागों में मौसम सामान्य रहेगा और दिन के समय हल्की गर्मी, जबकि रात में ठंड महसूस होगी।

रायपुर संभाग में अधिकतम तापमान 29-31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.17 डिग्री रहने की संभावना है। बिलासपुर संभाग में अधिकतम तापमान 28-30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12-14 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। दुर्ग संभाग में अधिकतम तापमान 30-32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16-18 डिग्री रह सकता है।

आने वाले दिनों का पूर्वानुमान

अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। इसके बाद तापमान दोबारा गिर सकता है, जिससे ठंड में बढ़ोतरी होगी। इस दौरान पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने किसी भी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की है। फिलहाल मौसम सामान्य स्वरूप में बना रहेगा।

रायपुर का स्थानीय मौसम

राजधानी रायपुर में 23 नवंबर को आसमान साफ रहने का पूर्वानुमान है। शहर में अधिकतम तापमान लगभग 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री रहने की उम्मीद है। दिन सामान्य रहने के साथ रातें ठंडी बनी रहेंगी। दो दिनों के बाद भी प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

प्रदेश में मौसम शुष्क

छत्तीसगढ़ में बीते दिनों मौसम पूरी तरह शुष्क रहा और प्रदेश के किसी भी जिले में वर्षा रिकॉर्ड नहीं की गई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार प्रदेश में इस समय बारिश या बादलों का कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है।

तापमान के आंकड़े

मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री रायपुर के माना में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 09.9 डिग्री अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया। उत्तरी क्षेत्रों में सुबह और रात के समय ठंड अधिक महसूस की जा रही है।

सरगुजा संभाग में न्यूनतम तापमान सबसे कम रहने की संभावना है ।

जहां अधिकतम तापमान 26-28 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 09-12 डिग्री रह सकता है। बस्तर संभाग में ठंड हल्की रहेगी।

फसल का दाम भी बढ़ा और उपार्जन केंद्रों में मिल रही सुविधाएं

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम अरसिया में रहने वाले किसान श्री ठंड़ीराम बिंझवार अपने परिश्रम और खेती के प्रति समर्पण से एक मिसाल बने हुए हैं। आठ एकड़ भूमि में वे मुख्य रूप से मोटा धान की खेती करते हैं।

पिछले वर्ष उन्होंने 136 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र में बेचा था, जिससे प्राप्त राशि से उनके घर-परिवार की आवश्यक जरूरतें पूरी हुईं। इस वर्ष मौसम और मेहनत दोनों के सहयोग से उन्हें 160 क्विंटल धान बेचने की उम्मीद है, जो उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ करेगा। श्री ठंड़ीराम बताते हैं कि क्षेत्र में अधिकतर किसान धान की ही फसल लेते हैं और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही समर्थन मूल्य और आदान राशि से किसानों को बड़ी आर्थिक सहायता मिल रही है। सरकार की यह पहल न सिर्फ किसानों की आय बढ़ा रही है, बल्कि खेती को और अधिक लाभकारी भी बना रही है।उन्होंने उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाओं की भी प्रशंसा की और बताया कि पीने के पानी की सुविधा, आराम व बैठने के लिए कुर्सी, छांव की समुचित व्यवस्था है। इन सुविधाओं के कारण किसानों को उपार्जन केंद्र में किसी प्रकार की समस्या नहीं होती और वे संतोषपूर्वक धान विक्रय कर सकते हैं। श्री ठंड़ीराम बिंझवार की यह उपलब्धि बताती है कि यदि मेहनत और सही सहयोग मिल जाए तो खेती न केवल जीवनयापन का साधन, बल्कि समृद्धि का मार्ग भी बन सकती है और अन्य किसानों को प्रोत्साहित भी किया जा सकता है।

ऐसा लग रहा एसआईआर नागरिकों को परेशान करने के लिए हो रहा

रायपुर/नवप्रदेश। ऐसा लग रहा है एसआईआर नागरिकों को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जब से प्रदेश में एसआईआर शुरू हुआ है प्रदेश का हर मतदाता मानसिक रूप से परेशान है। लोग पहले की मतदाता सूचियों में अपने परिजनों का नाम ढूंढ रहे है, बीएलओ से अपना प्रपत्र देने की गुहार कर रहे, गणना प्रपत्र मिल भी गया तो उसको भरने और जमा करने के लिए परेशान हो रहे है। ऐसा लग रहा कि एसआईआर आम आदमी को परेशान करने का जरिया सरकार ने बना दिया है। हर आदमी अपनी नागरिकता बचाने की कवायद में लगा हुआ है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आयोग कहता है कि 97 प्रतिशत मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुंच गया है, धरातल पर गणना पत्रक 25 प्रतिशत घरों तक नहीं पहुंची है। जिनके घरों तक गणना पत्रक पहुंची है उसमें ये भी एक दो सदस्यों का गणना

पत्रक मिल नहीं रहा है। एक ही घर में कई सदस्यों के गणना पत्रक अब तक नहीं पहुंचे है, चुनाव आयोग कागजी दावा कर रहे है। आरक्षित सीटों की संख्या कम करने आरक्षित वर्गो के नाम मतदाता सूची में काटने की साजिश से मतदाता चिंतित है। बीएलओ को भाजपा नेता कार्यकर्ता ठीक से काम करने नहीं दे रहे है। ऐसी शिकायत जगह-जगह से आ रही है। भाजपा के नेता बीएलओ पर अनुचित दबाव डाल रहे है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष होकर काम नहीं कर रहा है। भाजपा की एजेंसी की तरह काम कर रही है।

डॉ अभिमन्यु साहू ने किया पीजी स्कॉलर्स का मार्गदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के प्रसिद्ध आर्युवेदिक हॉस्पिटल डॉ अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेश्यालिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अभिमन्यु साहू ने छ्ष्ठ (जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन) द्वारा आयोजित 1 दिवसीय वर्कशॉप में पीजी डॉक्टर्स का मार्गदर्शन किया, पीजी डाक्टर्स एवम जूनियर डॉ पास होने के बाद कैसे अपना खुद का क्लिनिक खोल सकते है सरकार की कौन कौन सी योजनाएं है जिनका वो लाभ उठा सकते है । क्लिनिक खोलते वक्त किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, आदि विषयों पे युवा डॉक्टरों का मार्गदर्शन किया 7 अकसर देखा गया है युवा डॉक्टर्स जानकारी के अभाव में सरकारी नियमों का पालन नहीं करते जिससे बाद में उन्हें परेशानी हो सकती है, इसके अलावा कैसे अपनी क्लिनिक की लोकेशन का चुनाव करें आदि विषयों पर भी डॉ अभिमन्यु ने डॉक्टर्स का मार्गदर्शन किया इस अवसर पर 150 से अधिक जूनियर डॉक्टर्स उपस्थित थे इसके अलावा

आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ प्रवीण जोशी, डॉ हरिनंदन मोहन शुक्ला , डॉ सरोज परहाते, डॉ एस.आर. इंचुलकर, डॉ संगीता भगत , डॉ अविनाश बैस जैसे वरिष्ठ डॉक्टर्स भी उपस्थित थे ।डॉ अभिमन्यु साहू ने किया पीजी स्कॉलर्स का मार्गदर्शन

रायपुर के प्रसिद्ध आर्युवेदिक हॉस्पिटल डॉ अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेश्यालिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अभिमन्यु साहू ने छ्ष्ठ (जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन) द्वारा आयोजित 1 दिवसीय वर्कशॉप में पीजी डॉक्टर्स का मार्गदर्शन किया, पीजी डाक्टर्स एवम जूनियर डॉ पास होने के बाद कैसे अपना खुद का क्लिनिक खोल सकते है सरकार की कौन कौन सी योजनाएं है जिनका वो लाभ उठा सकते है । क्लिनिक खोलते वक्त किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, आदि विषयों पे युवा डॉक्टरों का मार्गदर्शन किया 7 अकसर देखा गया है युवा डॉक्टर्स जानकारी के अभाव में सरकारी नियमों का पालन नहीं करते जिससे बाद में उन्हें परेशानी हो सकती है, इसके अलावा कैसे अपनी क्लिनिक की लोकेशन का चुनाव करें आदि विषयों पर भी डॉ अभिमन्यु ने डॉक्टर्स का मार्गदर्शन किया।

रिश्वतखोर एसडीओ को न्यायिक रिमांड पर 5 तक भेजा जेल

रायपुर/नवप्रदेश। 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए नगर पालिका परिषद गरियाबंद के सहायक अभियंता संजय मोटवानी को 5 दिसंबर तक के लिए 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। एंटीकरप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने उसे रिश्वत लेते हुए 22 नवंबर को रंगे हाथों पकड़ा था। साथ ही रिश्वत की रकम बरामद कर उसके घर की तलाशी लेने के बाद शनिवार को विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया था। इस दौरान ईओडब्ल्यू की ओर से आवेदन पेश कर बताया कि आरोपी एसडीओ ने बिल पास कराने के एवज में 1 लाख 25 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। शिकायत पर एसीबी ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए रंगे हाथो एसडीओ को पकड़ा था। आरोपी ने रायपुर के अमलीडीह निवासी ठेकेदार से शौचालय मरमत का बिल पास करने के एवज में रिश्वत मांगी थी।

पतुरियाडाँड़ हाई स्कूल में अंग्रेजी व्याख्याता मिलने से छात्रों के सपनों को मिली नई उड़ान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की युक्तियुक्तकरण योजना से स्कूलों में शैक्षणिक सुविधा बढ़ने से विद्यार्थियों को फायदा हो रहा है। कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे छोटे से गाँव पतुरियाडाँड़ के लिए हाई स्कूल खुलना किसी वरदान से कम नहीं था। वर्षों तक आसपास के गांवों के बच्चे सिर्फ इसलिए आगे की पढ़ाई से वंचित हो जाते थे क्योंकि हाई स्कूल की दूरी अधिक थी। लेकिन जब गाँव में हाई स्कूल प्रारंभ हुआ, तो यह न सिर्फ गांववासियों के लिए खुशी

आखिर पहुंची उम्मीद की रोशनी

का क्षण था, बल्कि उन बच्चों के लिए नई उम्मीद की किरण थी जो उच्च शिक्षा का सपना मन में लिए बैठे थे।

हाई स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के सामने एक बड़ी चुनौती थी कि अंग्रेजी विषय का नियमित शिक्षक उपलब्ध नहीं था। गांव के अधिकांश बच्चे अंग्रेजी और गणित को कठिन विषय मानते थे। अंग्रेजी शिक्षक न होने के कारण खासकर छात्राओं के सपनों पर असर पड़ने लगा था, क्योंकि इस स्कूल में उच्च शिक्षा का सपना देखने वाली अधिकांश विद्यार्थी लड़कियां ही थीं। सरकार की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया इस विद्यालय के लिए किसी सौभाग्य की तरह साबित हुई। इसी प्रक्रिया के तहत यहाँ अंग्रेजी विषय के व्याख्याता श्री विजय कुमार राठौर की नियुक्ति हुई। व्याख्याता के रूप में उन्होंने चार-पांच महीने पहले ज्वाइनिंग दी और तभी से छात्रों के लिए अंग्रेजी का डर धीरे-धीरे कम होता गया।

अब बच्चे बताते हैं कि ÷सर के आने के बाद अंग्रेजी पढ़ना मुश्किल नहीं लगता। अब हमें समझ में भी आता है और नियमित क्लास भी होती है।÷

कक्षा 9वीं की छात्राएँ कुमार धन कुंवर, सुनती, सरिता, सपना, विक्रम और 10वीं के विद्यार्थी आकांक्षा, अमृता, राजकुमारी, विजय, विष्णु, अशोक सभी एक ही बात कहते हैं ÷अगर शिक्षक नहीं होते तो हम कठिन विषय में फेल भी हो सकते थे। अब हमें अपने भविष्य पर भरोसा है।÷

किसानों की मेहनत रंग लाई समर्थन मूल्य में हो रही खरीदी

- धान खरीदी पर सरकार का भरोसा बढ़ा - किसान अन्नू जायसवाल

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के तिलकेजा निवासी किसान अन्नू जायसवाल इस वर्ष होने वाली धान खरीदी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। मात्र 3 एकड़ कृषि भूमि पर अपने पिता श्री रामू जायसवाल सहित सपरिवार खेती करने वाले अन्नू ने पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 60 क्विंटल धान की बिक्री कर अच्छी आमदनी प्राप्त की थी। समय पर मिले भुगतान ने उनकी खेती और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान की।

धान कटाई के कार्यों के बीच जब अन्नू अपनी फसल का मूल्यांकन कर रहे हैं, तो उनके चेहरे पर इस साल की खरीदी को लेकर उम्मीद साफ झलकती है। खेत में थ्रेसर और ट्रैक्टर की मदद से चल रहे कटाई कार्यों के बीच वे बताते हैं कि सरकार की पारदर्शी और सुचारु धान खरीदी व्यवस्था छोटे किसानों के लिए बड़ी राहत है।

अन्नू का कहना है कि पिछले वर्ष समय पर भुगतान मिलने से उन्होंने खेती के लिए बेहतर बीज, खाद और अन्य आवश्यक सामग्री जुटाई। इसके साथ ही परिवार की जरूरतें भी आसानी से पूरी हो सकीं। इस वर्ष भी वे उम्मीद कर रहे हैं कि धान खरीदी से उन्हें बेहतर आर्थिक लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ सरकार की धान की सर्वाधिक खरीदी मूल्य, डीबीटी के माध्यम से त्वरित भुगतान और खरीदी केंद्रों के बेहतर प्रबंधन से किसानों में भरोसा बढ़ा है। अन्नू जैसे अनेक छोटे किसान इन योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ उठाकर खेती में निरंतर सुधार कर रहे हैं।

■ न्यूज गैलरी

समावेशी शिक्षा पर विकासखंड स्तरीय अभिभावक कार्यशाला सम्पन्न

बीजापुर/ नवप्रदेश। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं समग्र शिक्षा कार्यालय बीजापुर के निर्देशन पर एवं जिला मिशन समन्वयक तथा सहायक कार्यक्रम समन्वयक (समावेशी शिक्षा) तारकेश्वर पैकरा के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय अभिभावक/पालक कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को ब्लॉक स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा बीजापुर में किया गया। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे शुरू हुआ, जिसमें अभिभावकों को समावेशी शिक्षा से जुड़ी समस्त गतिविधियों, प्रक्रियाओं और योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दौरान विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग बच्चों को आवश्यक उपकरण एवं सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) जागेश्वर कौशल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नागेश्वर निषाद, खंड स्त्रोत समन्वयक राजेश मिश्रा, बीआरपी समावेशी शिक्षा प्रभारी चितूराम बघेल सहित समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही। अधिकारियों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

सुदूर अंचलों में बीएलओ का उत्कृष्ट कार्य

बीजापुर/ नवप्रदेश। जिला प्रशासन के नेतृत्व में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) अभियान के तहत बीजापुर के दूरस्थ और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में बीएलओ और प्रशासनिक टीम द्वारा किए जा रहे कार्य ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। नदी, पहाड़ और घने जंगलों से घिरे नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र में भी प्रशासन मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।भैरमगढ़ ब्लॉक के कुटरु क्षेत्र में बीएलओ और स्थानीय प्रशासनिक टीम ने इन्द्रावती नदी को नाव से पार कर जर्रामरका, हुर्रेगवाली, पुसलंका, चिन्नाटोकामेटा और छोटेबोदली जैसे दुर्गम गांवों में पहुँच बनाई। कठिन पहाड़ी रास्तों से गुजरते हुए और कई किलोमीटर पैदल सफर करते हुए टीम ने 300 से अधिक मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किए।

चिन्नालाकोड़ेपाल, एवं चिन्नाकवाली में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

बीजापुर / नवप्रदेश। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम चिन्नालाकोड़ेपाल स्थित माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को एक विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर लगभग 435 छात्र, शिक्षक एवं ग्रामीण समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन SBI Sanjeevani MMU टीम द्वारा किया गया, जिसे SBI Foundation का सहयोग प्राप्त है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय एवं ग्रामीण समाज में दैनिक स्वच्छता आदतों, पर्यावरण संरक्षण और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को व्यापक स्तर पर प्रसारित करना था।

यूनिटी मार्च को लेकर जन सहयोग समाजसेवी संस्था का स्वच्छता अभियान ...

कांकेर / नवप्रदेश। शहर के नामचीन समाजसेवी संस्था जन सहयोग ने प्रति रविवार शहर के विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का सन्देश देता नज़र आता है। लेकिन 23 नवंबर रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यक्रम 'यूनिटी मार्च के रैली में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती तथा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती महोत्सव के कार्यक्रम समानांतर चल रहे हैं जिसके लिए एक वर्चुअल मीटिंग में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव प्रदेश भाजपा के संगठन प्रमुख पवन साय स्वच्छता अभियान के प्रदेश संयोजक शंभूराम गुप्ता भाजपा जिलाअध्यक्ष महेश जैन सहितअन्य वरिष्ठ नेताओं ने निर्देश दिया था और जन सहयोग समाजसेवी संगठन से भी यूनिटी मार्च के कार्यक्रम पथ पर स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की थी जिसे स्वीकार करते हुए जन सहयोग द्वारा आज सुबह से ही यूनिटी मार्च के प्रथम केंद्र बिंदु गोविंदपुर मैदान अर्जुनी में अपना स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर दिया गया।जिसमें जन सहयोग की ओर से अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी जो भाजपा की ओर से स्वच्छता अभियान के जिला प्रभारी भी हैं) के अलावा भूतपूर्व सैनिक टी के जैन अखिल भारतीय पूर्व सैनिक कल्याण परिषद, जितेंद्र प्रताप देव धर्मेंद्र देव पन्नालाल कवाची चैतूराम टीकम बिरजू राम कवाची श्रीमती लता गावडे श्रीमती सुमित्रा कवाची, गोलू कोर्राम, श्री विष्णु कवाडे सरपंच मनोज कवाची उप सरपंच सरवन टीकम राजकुमार मंडावी, कुमारी होलिका मंडावी एवं ग्राम वासियों तथा अनेक स्कूली छात्रों ने भी भारत माता तथा छत्तीसगढ़ महतारी की जय के नारे लगाते हुए अपनी ओर से भरपूर परिश्रम करते हुए भारी मात्रा में कूड़ा कचरा साफ कर नष्ट करने में उल्लेखनीय सहयोग दिया। संलग्न ग्राम वासी युवकों माताओं, बहनों ने भी श्रमदान में बढ़-चढ़कर भाग लिया ।

दसपुर उपार्जन केन्द्र में शुभारंभ से पहले गोदाम से मिला 63 कट्टा अवैध धान

अधिकारियों के सामने बंद पड़े गोदाम से निकला अवैध धान अफसरों के उड़े होश

अवैध धान का पंचनामा तैयार जांच के लिए बनी टीम

कांकेर / नवप्रदेश। धान खरीदी केंद्रों में ताला लटका है। अधिकांश धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी केंद्रों में बोहनी तक नहीं हुई है।

कांकेर मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर बसे ग्राम पंचायत दसपुर के धान खरीदी केंद्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत दसपुर के धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी केंद्र के शुभारंभ से पहले धान खरीदी केंद्र के एक रुम से अवैध रूप से रखे 63 कट्टा धान बरामद किया गया है। कांकेर तहसीलदार ने अवैध 63 कट्टा धान का पंचनामा तैयार कर जांच किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत दसपुर के धान खरीदी केंद्र से मिले 63 कट्टा अवैध धान की जानकारी देते हुए तहसीलदार पुष्पराज पात्र ने बताया कि 18 नवंबर 2025 दिन मंगलवार को सहकारी समिति धान उपार्जन केन्द्र दसपुर के समस्त कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में होने के कारण गोदाम क्रमांक 1 का ताले की चाबी नहीं होने के कारण लहसीलदार कांकेर व सरपंच ग्राम पंचायत दसपुर कोटवार तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में ताला तोड़ा गया जहां खाली पड़े गोदाम में 63 कट्टा अवैध धान मिलने से अफसरो के होश उड़ गए।तहसीलदार ने खाद्य विभाग के फूड ऑफिसर को जांच के निर्देश दिए है।

कंप्यूटर ऑपरेटर बसंत साहू के पास थी गोदाम की चाबी!

ग्राम पंचायत दसपुर के धान उपार्जन केन्द्र से मिले 63 कट्टा अवैध धान मिलने की जानकारी देते हुए किसानों ने बताया कि तत्कालीन साल में धान खरीदी केंद्र में कंप्यूटर ऑपरेटर बसंत साहू की जानकारी मिली है जिस गोदाम से 63 कट्टा अवैध धान मिला है उस गोदाम की चाबी बसंत साहू के पास रहती थी। 63 कट्टा धान उपार्जन केंद्र से मिलने से दसपुर उपार्जन केन्द्र पर सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर इतने बड़े पैमाने में अवैध धान को खपाए जाने की आशंका जताई जा रही है। बाहर हाल विभागीय जांच से सारी आशंकाए दूर होगा!

आखिर बंद पड़े गोदाम में 63 कट्टा धान कौन रखा उठ रहा सवाल!

बता दें कि दसपुर उपार्जन केन्द्र में शुभारंभ नहीं हुआ है। लेकिन धान उपार्जन केन्द्र के गोदाम में 63 कट्टा अवैध धान अधिकारियों के सामने पाया गया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इस अवैध धान के पीछे की पूरी कहानी कौन रच रहा था अवैध धान किसका है किसने बंद गोदाम में रखा ऐसे कई सवाल अवैध धान को लेकर उठ रहे है। बाहर हाल सूत्रों के अनुसार केंद्र प्रभारी नरेंद्र साहू है और कंप्यूटर ऑपरेटर बसंत साहू जिसके पास बंद पड़े गोदाम की चाबी होती है फिर अधिकारीयो को ताला क्यों तोडना पड़ा ऐसे कई अनसुलझे सवाल खड़े हो रहे है!

नशीली दवा की तस्करी में अभियुक्त शिवप्रसाद को सज़ा

मोटरसाइकिल व मोबाइल जब्त

विशेष न्यायाधीश शैलेश तिवारी ने सुनाया फैसला

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। नशीली दवाओं की तस्करी के गंभीर अपराध में बैकुंठपुर विशेष न्यायालय (एनडीपीएस एक्ट) ने कड़ा रुख अपनाते हुए अभियुक्त शिवप्रसाद साहू को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी ने मामले में निर्णय सुनाते हुए सज़ा और जुर्माना निर्धारित किया तथा जब्त संपत्तियों को न्यायालय में प्रदत्त कर दिया।

प्रकरण के अनुसार 18 अक्टूबर 2024 को दोपहर लगभग 3 बजे थाना पटना पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि ग्राम गिरजापुर अटल तिराहा के पास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक छ्त्त 16 छ्य 6486 में भारी मात्रा में अवैध नशीली दवा लेकर बिक्री के उद्देश्य से परिवहन कर रहा है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक लवांग सिंह की टीम ने तत्परता दिखाते हुए संदिग्ध वाहन को रोका। जांच पर वाहन चालक आरोपी शिवप्रसाद साहू निकला।

तलाशी के दौरान पुलिस ने पीयेवॉन स्पास प्लस कैप्सूल के 17,520 नग, कुल 6745.200 ग्राम, बरामद किए। पुलिस के अनुसार यह दवा Tramadol मिश्रण श्रेणी की है, जो सरकार की अधिसूचना क्रमांक 238॥ के अनुसार वाणिज्यिक मात्रा में आती है। आरोपी से लाइसेंस व चिकित्सकीय अनुमति पत्र मांगे जाने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद दवा, मोटरसाइकिल और संबंधित सामग्री जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

न्यायालयीन विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्यों के साथ बताया कि आरोपी अवैध नशीली दवाओं की तस्करी में संलिप्त था तथा बरामद माल बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। बचाव पक्ष द्वारा पेश तर्कों को ठोस प्रमाणों के अभाव में न्यायालय ने खारिज कर दिया।

निर्णय में विशेष न्यायालय ने दोषसिद्धि के साथ दंड निर्धारित किया तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन को जब्त संपत्ति के रूप में न्यायालय में जमा करने का आदेश दिया।

पीजी कालेज कांकेर में जनजातिय गौरव दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

कांकेर / नवप्रदेश। अग्रणी महाविद्यालय भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में भगवान बिरसा मुण्डा जयंती तथा जनतातिय गौरव माह के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आशारमा नेताम (विधायक, विधानसभा क्षेत्र कांकेर) मुख्य वक्ता विकास मरकाम (अध्यक्ष, छ.ग. आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य स्वस्थ्य परंपरा एवं औषधि पादम बोर्ड, राज्य मंत्री) विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र भाऊ (अध्यक्ष जनभागीदारी) थे तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ एन.एस.एस के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य तथा जनजातिय शहीदों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

राजकीय गीत के पश्चात डॉ. लक्ष्मी लेकाम द्वारा परिचयात्मक उद्बोधन तथा प्राचार्य स्वागत भाषण दिया गया। मुख्य वक्ता विकास मरकाम ने भगवान बिरसा मुण्डा की अमर कहानी के साथ-साथ शहीद गेंदसिंह, वीरनारयण सिंह गुण्डाधुर, लांगुर किसान (सरगुजा) आदि की वीर गाथा का वर्णन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन सबका संघर्ष अविस्मरणीय है और वर्तमान शासन प्रशासन द्वारा इस दिशा में अथक प्रयास किया जा रहा है। जिससे हम उन शहीदों को भी जान पाए है जो गुमनाम शहादत के पीछे थे। विधायक आशाराम नेताम ने कहा हमारे आदिवासी भाइयों का जीवन पड़ा कठिन होता है। इस संच से मैं शासन प्रशासन को धन्यवाद देता हूँ कि जनजातिय गौरव को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए और विश्व में इस संस्कृति को परोसने में उनका अमूल्य योगदान है। हम प्रकृति के पुजारी है और तीर, कमान, भाला हमारी पहचान है। बंदूक हमारी संस्कृति में नहीं है। लोगों से मिलजुल कर रहना हमारी जनजाति का स्वभाव है। आज संस्कृति में पढ़-लिखकर विकृति आ गई है। पाश्चात्य सभ्यता से इसे बचाना होगा।

मोबाइल दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

★ **पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए चोर और मोबाइल को किया बरामद**

कांकेर / नवप्रदेश। शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में 20 नवंबर की दरमियानी रात नरेंद्र मोबाइल में अज्ञात चोर के द्वारा 45 हजार के मोबाइल को ले उड़ा। लेकिन चोर कितना भी शातिर क्यों न हो चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। कोतवाली पुलिस में दुकान संचालक के चोरी की घटना के शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस एक्टिव मोड पर आकर चोर और चोरी किए गए मोबाइल को बरामद कर लिया गया है।

चोरी का गिरफ्तार आरोपी पड़ोसी जिला कोंडागांव के ग्राम धनोरा निवासी दिनेश कुमार मण्डावी पिता जीस्व रूपसिंह उम्र 21वर्ष निवासी पटेलपारा फुन्डेर को गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाली पुलिस मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र साहू पिता विजय लाल साहू निवासी बरदेभाठा थाना कांकेर जिला कांकेर थाना आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने नाम से नरेन्द्र मोबाईल दुकान महाराणा प्रताप चैंक नया बस स्टैण्ड के सामने दुकान हैं जिसमें 20नवंबर 2025 के रात्रि करीबन 3.30 बजे के आस- पास अज्ञात व्यक्ति के द्वारा टीना शीट को तोड़कर अन्दर घुसकर दुकान में रखे 06 नग नये मोबाईल नग किमती 9000 रूपये कुल किमती 45800 रूपये का फोन को चोरी कर ले गया है।प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध 409/25 धारा 331(4),05(ं) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना कांकेर पुलिस द्वारा अज्ञात चोर के संबंध में लगातार पतासाजी करते हुए 23 नवंबर 2025 को शिवनगर कांकेर में आरोपी को घेराबंदी कर पूछताछ करने पर अपना नाम दिनेश कुमार मण्डावी निवासी फुन्डेर थाना धनोरा जिला कोण्डागांव का रहना बताया एवं घटना दिनांक को चोरी करना कबूल करने पर 23 नवंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया एवं चोरी हुऐ 06 नग मोबाईल को बरामद कर विधिवत् कार्यवाही किया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर प्रधान आरक्षक शिव बेसरे पुरन साहू रूद्र जुर्री थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।

पेज 1 का शेष

प्रदेश भर में 20 ठिकानों पर...

पर भी टीमों ने दबिश दी है। डीएमएफघोटाले के मुख्य आरोपी कारोबारी हरपाल अरोरा के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की टीम छानबीन कर रही है। साथ ही बिलासपुर के कारोबारी अशोक टुटेजा के घर और कार्यालयों पर भी रेड की पुष्टि हुई है। सुबह शुरू हुआ यह तलाशी अभियान दोपहर तक कई जगहों पर जारी रहा। एसीबी-ईओडब्ल्यू द्वारा बरामद दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच के बाद आगे और बड़ी कार्रवाई संभव मानी जा रही है।

2019-20 में डीएमएफ सप्लाई कार्यों से जुड़े

इसके अलावा सरगुजा में एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने पशु चिकित्सक डॉ. तनवीर अहमद और अंबिकापुर के सत्तीपारा निवासी सप्लायर अमित अग्रवाल के ठिकानों पर रेड की। टीम यहां वित्तीय लेन-देन और विभागीय रिकॉर्ड से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है। कोंडागांव में कारोबारी कोणार्क जैन के घर और अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की गई। कोणार्क जैन वर्ष 2019-20 में डीएमएफ सप्लाई कार्यों से जुड़े रहे थे। टीम यहां दस्तावेजों और लेन-देन से संबंधित रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

लॉक खुलवाकर शॉप में घुसी टीम

कोंडागांव में सरगीपाल रोड स्थित व्यवसायी कोणार्क जैन के घर से जांच टीम निकलकर चोपड़ा मेटल पहुंची। यहां दुकान बंद होने पर टीम ताला खुलवाकर अंदर जांच कर रही है। कार्रवाई डीएमएफ सप्लाई घोटाले से जुड़ी है। टीम ने चोपड़ा मेटल शॉप का ताला खुलवाया, कार्रवाई चल रही है।

पूर्व आबकारी आयुक्त के भाई के घर दबिश

आबकारी विभाग के रिटायर्ड अधिकारी निरंजन दास के भाई चितरंजन दास के जगदलपुर में मैत्री संघ स्थित आवास में दस्तावेज खंगाल जा रहे हैं। यहां घर के बाहर सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं।

बलरामपुर में व्यवसायी के घर रेड

बलरामपुर में व्यवसायी मनोज अग्रवाल घर भी कार्रवाई जारी है। बस स्टैंड स्थित उनके घर को लॉक करके अधिकारी दस्तावेजों की कर रहे हैं। मनोज ष्ठरूस्न सप्लायर हैं। निरंजन दास के भाई चितरंजन दास के जगदलपुर स्थित घर पर जांच चल रही है।

बिलासपुर में अनिल टुटेजा के भाई के घर छापा

बिलासपुर में रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा के भाई अशोक टुटेजा के घर भी टीम ने दबिश दी है। दयालबंद और जगमल चौक के आसपास जांच जारी है। यह कार्रवाई शराब और डीएमएफघोटाले की जांच के तहत की जा रही है।

डीपफेक और आतंकवाद में ...

सकता है। इसलिए समय रहते पूरी दुनिया को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिए। मोदी-रामफोसा की द्विपक्षीय बैठक, टेक्नोलॉजी, स्किल डेवलपमेंट पर चर्चा की।

मोदी बोले- वैश्विक संस्थानों में सुधार की जरूरत

मोदी जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका नेताओं की बैठक में शामिल हुए। इसमें विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी शामिल हुए। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा और दक्षिण अफीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी बैठक में मौजूद रहे।

खनिजों की महत्वपूर्ण भूमिका

महत्वपूर्ण खनिजों पर जोर देते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक विकास के लिए स्थिरता और स्वच्छ ऊर्जा आवश्यक हैं, जिसमें इन खनिजों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने इन खनिजों को मानवता की साझी संपदा बताया। उन्होंने कहा: ÷इसलिए, भारत जी20 क्रिटिकल खनिज चक्रीय पहल का प्रस्ताव रखता है। यह पहल री-साइक्लिंग, अर्बन माइनिंग और सेकंड-लाइफ बैटरी जैसे नवाचारों को बढ़ावा दे सकती है।

टीम का ऐलान, 3 दिसंबर...

के खिलाफ बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले ऋतुराज की अरसे बाद वापसी हुई है। जबकि तिलक वर्मा भी टी20 इंटरनेशनल में अच्छा प्रदर्शन के चलते ओडीआई सेटअप में वापस आए हैं। ऋतुराज ने भारत के लिए 6 और तिलक ने 4 वनडे इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं। ये दोनों स्टार खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर वनडे टीम का पार्ट नहीं थे। 15 सदस्यीय टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा के रूप में दिग्गज बल्लेबाज मौजूद हैं। भारत-साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को रांची में होना है।

तेजस क्रैश: विंग ...

स्याल का पार्थिव शरीर तमिलनाडु के एयर फोर्स स्टेशन सुलूर पहुंचा। यह वही बेस है जहां से आईएएफ की नंबर 45 स्क्वाड्रन एचएएल तेजस फाइटर जेट का संचालन करती है।

दुबई एयर शो में तेजस के क्रैश होने से हुआ हादसा

शुक्रवार शाम दुबई एयर शो के दौरान एक एयर डिस्प्ले के वक्त भारतीय वायुसेना का तेजस फाइटर जेट अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वीडियो में दिखा कि विमान हवा में नियंत्रण खोकर तेजी से नीचे गिरा और टकराते ही आग का गोला बन गया। इस भीषण हादसे में विंग कमांडर नमांश स्याल की मौत हो गई।

विस अध्यक्ष रमन सिंह का ...

बताते हैं कि ग्राउंड इंटेलिजेंस, आधुनिक हथियारों और संयुक्त ऑपरेशन के कारण नतीजे प्रभावी रहे हैं। सम्मेलन में आगे की रणनीति का ब्लूप्रिंट भी तैयार होने की उम्मीद है।

ग्राम पंचायत कलगांव में मितानिन दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया

अंतागढ़/ नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कलगांव में मितानिन दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। आज आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कलगांव की सरपंच श्रीमती प्रमिला नरेन्द्र नाग, वार्ड क्रमांक 5 के उपसरपंच सहित गाँव की सम्मानीय माताएँ और सभी मितानिन बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी जी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना कर की गई। इसके पश्चात सरपंच श्रीमती प्रमिला नरेन्द्र नाग के करकमलों से सभी मितानिन बहनों को रजाई एवं वस्त्रफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सरपंच महोदया ने मितानिन दिवस पर सभी बहनों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि– ÷मितानिन बहनें हमारे गाँव की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। आपने मानव सेवा में जो महत्वपूर्ण योगदान दिया है वह अतुलनीय है। भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ गांव को जागरूक और स्वस्थ बनाने में अपनी भूमिका निभाती रहें।

मसाज के नाम पर अवैध देह व्यापार, दो स्पॉ सेंटरों में छापेमारी

भिलाई/नवप्रदेश। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने शुक्रवार को देर रात दो स्पा सेंटरों में दबिश देकर एक महिला संचालिका और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यहां मसाज की आड़ में अवैध देह व्यापार की सूचना मिली थी। तीनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को मुखबिर से खबर मिली कि स्मृति नगर इलाके के लविश फैमिली स्पा एंड सैलून और ड्रीम कैचर स्पा एंड सैलून में मसाज के नाम पर अवैध देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर

पुलिस ने टीम बनाकर दोनों जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान स्पा सेंटर में संदिग्ध गतिविधियां पाई गईं। मौजूद लोगों से पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के दौरान संचालिका व उसके साथियों के खिलाफ आपत्तिजनक स्थिति और अवैध गतिविधियों में संलिप्तता के पर्याप्त सबूत मिले।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लविश फैमिली स्पा एंड सैलून और ड्रीम कैचर स्पा एंड सैलून की संचालिका अहिल्या सागरवंशी (36 वर्ष) और उनके पति दिग्विजय सागरवंशी निवासी सिकोलाभाठा जयंती नगर, दुर्ग को हिरासत में लिया। इसके अलावा अंकुश ईखार (29 वर्ष), निवासी हाउसिंग बोर्ड जामुल, थाना जामुल को भी संदिग्ध गतिविधियों में पाए जाने पर पकड़ा गया। पुलिस ने तीनों से पूछताछ के बाद प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत आगे की कार्रवाई की। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि मसाज के नाम पर लड़कियों को बुलाने और अवैध रूप से देह व्यापार कराने की सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। नगर पुलिस अधीक्षक भारती मरकाम के निर्देशन में टीम ने दबिश दी।

चेन स्नेचिंग करने वाला गिरोह पकड़ाया, 5 गिरफ्तार

■ सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाली महिलाओं की करते थे चेन स्नेचिंग

भिलाई/नवप्रदेश। पुलिस ने जिले में सक्रिय चैन स्नैचिंग गैंग का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों समेत एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से करीब 45 ग्राम सोने के चैन और 10 लॉकेट सहित कुल 6 लाख रुपए का माल और घटना में प्रयुक्त दो बाइक (मूल्य लगभग 1 लाख रुपए) बरामद किया गया है। आरोपियों को टाउनशिप, प्रियदर्शनी परिसर और कुम्हारी में

चेन स्नैचिंग की घटनाओं के बाद घेराबंदी कर पकड़ा गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार 5 नवंबर से 19 नवंबर के बीच भिलाई और कुम्हारी क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं को निशाना बनाकर कई चैन स्नैचिंग की घटनाएं हुई। 5 नवंबर को सेक्टर-1 की सड़क 09, 19 नवंबर को सेक्टर-10 की सड़क 12 और सड़क 23, और 8 अक्टूबर को प्रियदर्शनी परिसर में महिलाओं से चैन छीनी गई थी। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए दुर्ग पुलिस ने मॉर्निंग पेट्रोलिंग, नाका बंदी, फिक्स प्वाइंट ड्यूटी और सिविल कपड़ों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच में संदिग्धों की पहचान होने पर पुलिस ने बीएसयूपी कॉलोनी, कैपिटल सिटी फेस-2, सड्डू रायपुर में दबिश देकर पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर, अब्दुल मुकीम और ज्वाला बैरागी को मेस्ट्रो और दो एचएफ डीलक्स के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ज्वाला बैरागी निवासी बैरागी मोहल्ला, पावर हाउस भिलाई ने इन वारदातों में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली। अब्दुल मुकीम, पुरुषोत्तम और एक नाबालिग के साथ सुबह भिलाई क्षेत्र में बाइक बदल-बदलकर घूमता था। मौका मिलते ही चैन स्नैचिंग करता था।

■ न्यूज गैलरी

नेशनल इंटीग्रेशन कैंप में बीआईटी के स्वयंसेवक आदित्य का चयन

दुर्ग। राष्ट्रीय सेवा योजना, बीआईटी दुर्ग के सक्रिय स्वयंसेवक आदित्य संतोष नायर का चयन नेशनल इंटिग्रेशन कैंप के लिए किया गया है। यांत्रिक इंजीनियरिंग के 7 वें सेमेस्टर के विद्यार्थी आदित्य अपनी लगन, अनुशासन और सेवा-भाव के लिए निरंतर सराहे जाते रहे हैं। यह राष्ट्रीय शिविर 22 से 28 नवंबर तक सरदार पटेल विश्वविद्यालय, आनंद (गुजरात) में आयोजित होगा, जिसमें आदित्य सीएसवीटीयू भिलाई का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस साल सीएसवीटीयू से 10 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। आदित्य के चयन पर संस्था के प्राचार्य डॉ. एसके जैसवाल, डॉ. डीएस रघुवंशी, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, सीएसवीटीयू भिलाई, और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी व अभिजीत लाल ने हार्दिक बधाई दी।

स्टूडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

दुर्ग। सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा की कार्यप्रणाली, गन्ने से शक्कर बनाने की प्रक्रिया और गन्ने के अवशिष्ट से बिजली बनाने की प्रक्रिया को समझा। छात्र-छात्राओं ने कवर्धा स्थित रानी दहरा जलप्रपात का मनोरम दृश्य का आनंद भी लिया। भोरमदेव मंदिर का दर्शन कर प्राचीन मान्यताओं को जाना।

4 साल के बेटे को जान से मारने वाले सौतेले पिता और मां को उम्रकैद की सजा

बेटे को पटक-पटककर मार डाला, चुपचाप कर दिया अंतिम संस्कार

भिलाई/नवप्रदेश। कुम्हारी के शंकर नगर में 4 साल के बेटे की हत्या करने वाले सौतेले पिता और मां को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। सौतेले पिता और मां ने बेटे की हत्या फरवरी 2024 में की थी। पुलिस को पता चला कि सौतेला पिता बच्चे से अमानवीय व्यवहार करता था। घटना वाले दिन भी आरोपी पिता ने बच्चे को उठाकर पटका था और पेट पर प्रहार किया था। मारपीट के कारण बच्चे की मौत हो गई थी। घटना के बाद पति-पत्नी ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। आरोपी मनप्रीत सिंह और उसकी पत्नी गायत्री साहू शंकर नगर में काजू मुसलमान के मकान में किराए पर रहते थे। यहीं पर बेटे जगदीप के

साथ मारपीट की गई। मौत होने पर बालक का चुपचाप अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मामले की सूचना कुम्हारी पुलिस को आरोपी दंपत्ति के पड़ोसी हरिनाथ यादव ने दी थी। यादव ने पुलिस को बताया कि मनप्रीत अक्सर अपने सौतेले बेटे जगदीप के साथ अमानवीय व्यवहार करता था। उन्होंने दो महीने पहले की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि मनप्रीत ने बच्चे के गले में रस्सी बांधकर उसे हवा में उठा दिया था, जिससे उसकी जान बाल-बाल बची थी। वह लगातार बच्चे को पीटता रहता था। 31 जनवरी की शाम को मोहल्लेवासियों ने आरोपी दंपत्ति को बच्चे को बुरी तरह पीटते हुए देखा था। अगले ही दिन रात में जगदीप की मौत की जानकारी मिली। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बच्चे के शरीर पर कई गंभीर चोटें थीं। रिपोर्ट के अनुसार पेट और गुप्तांगों पर प्रहार, जमीन पर पटकना और लगातार मारपीट के कारण उसकी मौत हुई थी। कुम्हारी पुलिस ने अपराध क्रमांक 32/2024 दर्ज कर दोनों आरोपियों मनप्रीत सिंह और गायत्री साहू को गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी निरीक्षक संजीव मिश्रा ने घटनास्थल का नक्शा, गवाहों के बयान और चिकित्सीय साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय में आरोप-पत्र प्रस्तुत किया था। इस मामले में अदालत ने कहा कि बालक पूरी तरह असहाय था। अभियुक्तों ने अपने ही संरक्षण में रह रहे 4 वर्षीय मासूम पर घोर अमानवीय अत्याचार किया और उसकी असमय मृत्यु का कारण बने। मासूम बालक अपनी रक्षा करने में पूर्णतः असमर्थ था। ऐसे अपराध समाज की चेतना को झकझोर देते हैं। ऐसे मामलों में नरमी बरतना उचित नहीं। कठोर दंड से समाज में यह संदेश जाता है कि बच्चों पर अत्याचार करने वाला कोई भी व्यक्ति कानून से बच नहीं सकता। दोनों अभियुक्त 2 फरवरी 2024 से न्यायिक अभिरक्षा में हैं। अदालत ने उनकी अवधि का समायोजन करने और उन्हें आगे की सजा काटने केंद्रीय कारागार दुर्ग भेजने का आदेश दिया है। सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर की अदालत ने सौतेले पिता मनप्रीत सिंह और मां गायत्री साहू को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास और 1,000 रुपए जुर्माने की सजा दी है।

सड़क हादसे में महिला की मौत : 9 माह पहले हुई थी शादी

भिलाई/नवप्रदेश। राजनांदगांव से अपने मायके भिलाई आ रही महिला साक्षी द्विवेदी (29 साल) की सड़क हादसे में मौत हो गई। आज सुबह पावर हाउस ओवरब्रिज के नीचे तेज रफ्तार ट्रेलर ने पीछे से साक्षी की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गई। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। साक्षी राजनांदगांव की एक निजी कंपनी में एचआर एग्जीक्यूटिव थी। साक्षी राजनांदगांव में ससुराल में रहती थी। 22 नवंबर की सुबह वह छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से पावर हाउस स्टेशन पर उतरी। उसके पिता साक्षी को स्टेशन लेने पहुंचे थे। स्टेशन से पिता-बेटी बाइक से भिलाई-3 स्थित अपने निवास जा रहे थे। पावर हाउस ओवरब्रिज के नीचे उतरते ही पीछे से तेज रफ्तार ट्रेलर की जोरदार टक्कर से पिता बाइक समेत दूर जा गिरे। साक्षी पीछे की ओर सड़क पर गिरते ही ट्रेलर की चपेट में आ गई। ट्रेलर महिला को कुछ दूर तक घसीटता हुआ निकल गया।

साक्षी की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार साक्षी की शादी इसी साल फरवरी 2024 में हुई थी। घटना की खबर मिलते ही पति और ससुराल पक्ष भी भिलाई पहुंच गया। परिवारजनों ने बताया कि साक्षी बीमार मां को देखने नियमित रूप से भिलाई आती थी।

शनिवार-रविवार की छुट्टी होने के कारण अक्सर मायके में समय बिताती थी। हादसे के बाद साक्षी के पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। वे बार-बार कह रहे हैं कि अगर वे स्टेशन न गए होते या रास्ता बदल लेते तो बेटी बच जाती। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

विधायक चंद्राकर ने किया पीएससी टॉपर देवेश का सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीजी पीएससी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले धनोरा ग्राम के निवासी देवेश साहू पिता होलधर साहू के निवास स्थान पहुंचकर उनका स्वागत-अभिनंदन किया। विधायक चंद्राकर ने देवेश साहू को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ललित ने कहा कि उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार का, बल्कि पूरे दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। देवेश साहू की उपलब्धि से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। विधायक चंद्राकर ने कहा साय सरकार पीएससी भर्ती के साथ-साथ सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता प्रक्रिया अपनाकर युवाओं के हौसले को पंख देने का काम कर रही है। मेहनत करने वाले अभ्यर्थी अपनी काबिलियत के बल पर मुकाम हासिल कर रहे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पीएससी परीक्षा में गड़बड़ी कर घोटाले का गढ़ बना दिया था। आज भ्रष्टाचार करने वाले जेल में है। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिलीप साहू, उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, जनपद सदस्य जितेन्द्र टंडन, फत्ते लाल वर्मा, प्रवीण यदु, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे सहित परिवार जन उपस्थित रहे।

नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य, आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। मोहननगर थाना क्षेत्र में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग को नाबालिग लड़के से अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी परमसुख सोनी ने स्कूटी में लिफ्ट देने के बहाने नाबालिग के साथ अश्लील हरकत की। घटना के बाद पीड़ित ने घर जाकर परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने मोहन नगर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को रात के समय नाबालिग बालक ने स्कूटी पर आए आरोपी से लिफ्ट मांगी। आरोपी ने उसे लिफ्ट दी और इसके बाद आरोपी ने नाबालिग के साथ जबरन अश्लील हरकतें शुरू कर दी। पीड़ित नाबालिग के अनुसार आरोपी ने उसके प्राइवेट पार्ट को छूना शुरू कर दिया। नाबालिग किसी तरह आरोपी से बचकर निकला और अपने घर पहुंचकर पूरी घटना अपने परिजनों को बताई। पुलिस ने बताया कि मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण फौरन कार्रवाई की गई। आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी परमसुख सोनी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के साथ पाक्सो अधिनियम के तहत गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।

सीजीपीएससी परीक्षा में खुशबू जानी की सफलता से गुजराती समाज गौरवान्वित

भिलाई। खुशबू जानी ने सीजी पीएससी परीक्षा में पहले ही प्रयास के फाइनल इंटरव्यू राउंड में 12 वाँ स्थान प्राप्त किया है। वे उमेश जानीऔर दिव्या जानी की सुपुत्री हैं। खुशबू का चयन छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा अधिकारी पद पर हुआ है। खुशबू की इस उपलब्धि पर श्री गुजराती समाज, सेक्टर 4 के पदाधिकारियों समेत समूचा भिलाई नगर गौरवान्वित है। खुशबू की असाधारण उपलब्धि कड़ी मेहनत, अटूट धैर्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण

है। उनकी सफलता समाज के हर युवा को संदेश देती है कि मन में दृढ़ निश्चय हो तो कोई भी सपना दूर नहीं। दिव्या उमेश जानी के मार्गदर्शन, अनुशासन और सतत प्रयासों ने खुशबू की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

भिलाई। बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम बोड़ेगांव में नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय की ओर से सीएचओ उर्वशी देशलहरा व नर्सिंग स्टाफ ने सहयोग दिया। शिविर में 57 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। सभी लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयाँ प्रदान की।

पुलिस अभिरक्षा से फरार

भिलाई। पत्नी को जबरन मायके से उठाकर रायपुर ले जाने वाला हेमंत अग्रवाल आज पुरानी भिलाई थाना से पुलिस को चकमा देकर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। पत्नी तान्या देवांगन को पुलिस ने मायके पक्ष को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 19 नवंबर को आरोपी हेमंत अग्रवाल अपनी पत्नी तान्या देवांगन को बिजली आफिस कुरुद के पास से क्रूरतापूर्वक मारपीट करने के बाद रायपुर ले गया था। तान्या देवांगन की मां सरिता देवांगन की रिपोर्ट पर जामुल पुलिस ने आरोपी हेमंत अग्रवाल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया।

अय्यप्पा मंदिर में भागवत सप्ताह यज्ञ

भिलाई/नवप्रदेश। अय्यप्पा सेवा संघम सेक्टर-2 भिलाई स्थित अय्यप्पा मंदिर में इस साल 37 वाँ भागवत सप्ताह यज्ञ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ 17 नवंबर से 23 नवंबर तक मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच भक्तिमय अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज भागवत सप्ताह यज्ञ के पाँचवें दिन रुक्मणी स्वयंवर महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने दिव्य दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रद्धापूर्वक महाभोग परोस कर यज्ञ महोत्सव का मंगल प्रारंभ किया। सांसद ने प्रदेश के समस्त अय्यप्पा भक्तों और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और उन्नति के लिए भगवान श्री अय्यप्पा से मंगल कामनाएँ कीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। आयोजन में अय्यप्पा सेवा संघम के अध्यक्ष ईकेएस नायर सहित अन्य पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता व भक्तगण उपस्थित रहे।

भक्ति का विज्ञान: पाँच भावों में भगवान की उपासना : साध्वी ब्रज चकोरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भक्ति मार्ग पर प्रकाश डालते हुए साध्वी ब्रज चकोरी देवी जी ने आज के प्रवचन में बताया कि भगवान की भक्ति पाँच भावों से की जाती है।

शांत भाव -इस भाव में भक्त भगवान को राजा के रूप में देखता है और स्वयं को उनकी प्रजा। इस भाव में सम्मान तो होता है, लेकिन प्रेम दूरी पर रहता है।

सख्य भाव -इस भाव में भगवान स्वामी हैं और भक्त स्वयं को उनका दास मानता है। यह भाव शांत भाव से ऊँचा है क्योंकि इसमें समर्पण की भावना होती है।

सखा भाव -इस भाव में भक्त भगवान को अपना मित्र मानता है। यह स्वामीङ्कदास के भाव से भी ऊँचा है क्योंकि इसमें निकटता और आत्मीयता अधिक होती है।

दास्य (वात्सल्य) भाव - इस भाव में भक्त भगवान को अपना पुत्र मानता है और स्वयं को उनकी माता। यह भाव सखा भाव से भी श्रेष्ठ है क्योंकि माताङ्कपुत्र का संबंध सबसे गहरा, निश्छल और निस्वार्थ होता है।

माधुर्य भाव -यह पाँचों भावों में सर्वोच्च है। इस भाव में भक्त भगवान को अपना प्रियतम मानता है और स्वयं को उनकी प्रेयसी। इस भाव की विशेषता यह है कि माधुर्य भाव वाला भक्त बाकी सभी भावों में भी भगवान से प्रेम कर सकता है, लेकिन अन्य भावों वाले भक्त माधुर्य भाव से प्रेम नहीं कर सकते।

साध्वी जी ने बताया कि माधुर्य भाव भी तीन स्तरों में होता है:

1) भक्त भगवान से अपने सुख के लिए प्रेम करता है।

2) भक्त भगवान के सुख और अपने सुख – दोनों का ध्यान रखता है।

3) सबसे उच्च भाव – जिसमें भक्त केवल भगवान के सुख का ही ध्यान रखता है और अपने सुख की कोई इच्छा नहीं रहती।अंत में साध्वी जी ने यह घोषणा की कि प्रवचन श्रृंखला की अवधि बढ़ाकर अब 23 नवंबर तक कर दी गई है।

सेक्टर-9 हास्पिटल. विश्व सीओपीडी दिवस पर जेएलएन चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम

भारत में मृत्यु का दूसरा बड़ा कारण सीओपीडी, बचाव के उपाय जरूरी

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के श्वसन चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व सीओपीडी दिवस 2025 के अवसर पर विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। चिकित्सालय के मुख्य ओपीडी परिसर और चेस्ट ओपीडी में आयोजित कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ विनीता द्विवेदी मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डा कौशलेंद्र ठाकुर व मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डा उदय कुमार ने संयुक्त

रूप से किया।

डॉ विनीता द्विवेदी ने बढ़ते रोग भार पर चिंता जताते हुए कहा कि समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग और त्वरित पहचान को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा उदय कुमार ने आमजन को समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने, उपचार का पूर्ण पालन करने और धूम्रपान व घरेलू प्रदूषण जैसे जोखिम कारकों से बचने की सलाह दी। सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष श्वसन चिकित्सा डॉ सोनाली त्रिवेदी ने कहा कि क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) भारत में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। जन-जागरूकता चिंताजनक रूप से कम है। उन्होंने सीओपीडी के त्वरित संदेह, निदान और प्रभावी प्रबंधन के लिए उपलब्ध विभिन्न तरीकों की जानकारी दी और लोगों से प्रारंभिक लक्षणों के प्रति सजग रहने की अपील की।

इस अवसर पर नर्सिंग छात्रों द्वारा प्रस्तुत जागरूकता नाटक ने आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। सीओपीडी रोगियों के दैनिक संघर्षो और परिवारों पर पड़ने वाले भावनात्मक प्रभाव को दर्शाते हुए इस नाटक ने समय पर परामर्श, रोकथाम व जीवनशैली में सुधार जैसे संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित किए।

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ रौनक दास ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कंसल्टेंट डॉ सुदीप्तो दासगुप्ता ने नि:शुल्क स्पाइरोमेट्री जांच शिविर की जानकारी दी, जिसके माध्यम से श्वसन क्षमता में कमी का प्रारंभिक परीक्षण संभव हुआ। जागरूकता पहल के अंतर्गत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ अथुल अंगज ने पोस्टर प्रतियोगिता के पुरस्कृत प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। सर्वश्रेष्ठ पोस्टरों को अब ओपीडी परिसर में प्रदर्शित किया गया है, जो रोगियों व आगंतुकों को जागरूक और प्रेरित करने में सहायक होंगे।

वार्डों में टैक्स वसूलने पहुंची निगम की टीम

■ निगम कमिश्नर के सख्त निर्देश पर बकाएदारों के नल कनेक्शन काटने बनी निगम की टीम

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम की टीम वार्डों में टैक्स वसूली कर रही है। निगम प्रशासन ने साफ कहा है कि बकाया टैक्स राशि जमा न करने पर उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन काटे जाएंगे। निगम की राजस्व टीम शहर के कई वार्डों में अभियान चलाकर वसूली कर रही है। अभियान के दौरान वार्ड नंबर 5 में नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई करने पहुंची टीम को जीवराखन पिता लाल गुप्ता ने 9,952 रुपये का बकाया टैक्स

जमा कर दिया। वार्ड नंबर 32 में चंदा बाई पति चांद मल जैन ने 28,915 रुपये जमा किये। महानंद साव से 7,200 रुपये का बकाया टैक्स जमा किया। राजेश्वरी पति जगदीश ने निगम की टीम को 33,390 रुपये जमा किये। इसी तरह जयलाल लक्ष्मण साव पिता लुभवा साव ने 62,630 रुपये का चेक दिया।

निगम अधिकारियों ने बताया कि बकाया टैक्स वसूलने के लिये करदाताओं को कई दिनों से नोटिस दिया जा रहा था। भुगतान न करने पर अब कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान उपभोक्ताओं से भविष्य में समय पर टैक्स भुगतान करने की अपील की गई। अभियान में सहायक राजस्व अधिकारी थान सिंह यादव, आरएसआई संजय मिश्रा, उमेश चंद्राकर व उमेश यादव की सक्रिय भूमिका रही।

न्यूज गैलरी

महतारी सदन भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम गढ़डोंगरी (माल) में आज महतारी सदन भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन समारोह विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता ग्राम पंचायत गढ़डोंगरी की सरपंच रंजनी नेताम ने की। जिसमे कार्यक्रम में प्रकाश बेस भाजपा जिलाध्यक्ष धमतरी, जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम, जनपद सदस्य पन्नालाल मरकाम, शिवनाथ मरकाम, गोंडवाना समाज के अध्यक्ष टिकेश्वर प्रसाद, उपसरपंच गढ़डोंगरी मॉल भुवनेश्वर नेताम, उपसरपंच गढ़डोंगरी रै. दलगंजन मरकाम, रामदयाल यादव, पूर्व सरपंच कपिल कुमार मरकाम, मनोहर लाल सोनवानी, टिकेश्वर ध्रुव, राजकुमार नेताम, कुलदीप, गोपाल ध्रुव, हनी कश्यप, रवि भट्ट सहित ग्राम पंचायत पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि अरुण सार्वा ने अपने संबोधन में कहा कि ÷विष्णुदेव की सरकार में विकास कार्यों को नई गति मिली है। डबल इंजन की सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को तेजी से जमीन तक पहुँचा रही है। महतारी सदन का निर्माण महिलाओं के समूह, संगठन तथा विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन में अहम भूमिका निभाएगा। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने भी अपने उद्बोधन में सरकार की विकास योजनाओं और जिला पंचायत अध्यक्ष के सतत प्रयासों की सराहना की।ग्रामीणों ने महतारी सदन के निर्माण को गांव में विकास एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए हर्ष व्यक्त किया।

धार्मिक एवं दर्शनीय स्थल का विकास मेरी प्राथमिकता - इन्द्र साव

भाटापारा । विधानसभा क्षेत्र का ग्राम रामपुर आज पर्यटक के रूप में देखा जाने लगा है, यहां स्वयंभू शिव मंदिर जो साक्षात शिव जी का वास है ऐसे दर्शनीय स्थल आने वाले समय में तीर्थ स्थल के नाम से जाने जाएंगे,उक्त उदगार विधायक इंद्र साव ने ग्राम रामपुर में सी.सी. रोड एवं स्वागत द्वार का भूमिपूजन करने के पश्चात उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कही। विधायक इंद्र साव ने कहा कि धार्मिक एवं दर्शनीय स्थल का विकास मेरी प्राथमिकता में है।मै जब विधायक नहीं था तब भी यहां आता रहता था और अब मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि इस गांव में विधायक के रूप में आने का अवसर मिला,ये सब यहां विराजित भोले बाबा की कृपा है।आज मै यहां भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने जरूर आया हु,लेकिन उसके साथ साथ यहां के स्वयंभू शिव जी का आशीर्वाद लेने आया हु।विधायक श्री साव ने कहा कि उनके मन में हमेशा धार्मिक स्थल को दार्शनिक स्थल के रूप में पहचान देने की रही है इस गांव का लोग धार्मिक और पर्यटक स्थल के रूप में जाने ऐसी उनकी मंशा है,आने वाले समय में इस गांव को भी रमणीक बनाने कार्य योजना तैयार कर उसे मूर्तरूप देने उनका प्रयास रहेगा।

इसके पूर्व ग्रामवासियसों ने राउत नाचा एवं सुवा नृत्य के माध्यम से विधायक इन्द्र साव का जोरदार स्वागत किए। ग्राम वासियों की मंशा के अनुरूप श्री साव ने मेन रोड़ से शिवमंदिर तक सी.सी. रोड व स्वागत द्वार का निर्माण एवं मंदिर परिसर में नलकूप खनन कार्य को पूर्ण किया गया। इस अवसर पर जित्तू ठाकुर, कुलेश्वर वर्मा, सत्यजीत शेंडे, सरपंच राजेश ध्रुव,उपसरपंच अमर सिंह गेंदले,पंचगण बैजनाथ यदु, मोतीलाल आडिल, रामप्रसाद मांडले, कौशलराम साहू, नेतुराम साहू, प्रेमलाल ध्रुव, युवराज साहू, भारत साहू, ललिता साहू, दशरथ ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, तिरिथराम साहू, तुलाराम यादव, फगुराम नवरंगे, गणेशराम साहू, गोविंद साहू, बसंत ध्रुव, बहोरिक निषाद, रामभरोस साहू, सोमनाथ विश्वकर्मा, उधोप्रसाद अग्रवाल, टीकाराम साहू, गोपाल यदु, राहसबाई गेंदले, देवमती यदु, साहिनबाई ध्रुव, गोविंद यदु, परमेश्वर यदु, जितेंद्र यदु, विष्णु यदु, साधराम यदु, हरि यदु, तुलसी लहरी, विशाल धृतलहरे, रोशन आडिल, रामचंद निषाद, सीताराम विश्वकर्मा, रेशम विश्वकर्मा, मनहरण यादव, भारत यादव, दुकलहा यादव, भरोस सतनामी, दया कर्माकूट, बिशम्भर निषाद सहित काफी बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सभी मतदाताओं का फॉर्म जमा हो, कार्यकर्ता अपने बूथ पर सक्रिय और सजग रहे: इन्द्र साव

■ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग में विधायक इन्द्र साव ने दी जरूरी जानकारी

भाटापारा/ नवप्रदेश। नगर के पदमा रिसॉर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ता का एस आई आर को लेकर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर..का आयोजन किया गया,जिसमें कांग्रेस पार्टी द्वारा नियुक्त सभी बी एल ए सहित क्षेत्र विधायक इन्द्र साव,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार विनोद वर्मा, लोकसभा प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया । इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने बताया कि मतदाता गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया के तहत आयोग द्वारा नियुक्त बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को Enumeration Form की दो प्रतियां दे रहे हैं, जिन्हें मतदाताओं को भरकर वापस जमा करना है। श्री साव ने कहा कि स्ढ्ढक्र केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह चुनाव प्रणाली की रीढ़ है। प्रत्येक क्चरु की जिम्मेदारी है कि बूथ स्तर पर सटीक जानकारी दर्ज कर पारदर्शिता बनाए रखें। चुनाव आज तकनीकी हो गया है, इसलिए हमारी तैयारी भी उतनी ही सुदृढ़ होनी चाहिए। यह कार्य केवल फॉर्म भरने का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सुरक्षा का है जिसकी जिम्मेदारी हम सभी की है।

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम 2002 या 2003 की वोटर लिस्ट में है, या उसके माता-पिता, दादा-दादी या नाना-नानी का नाम सूची में मौजूद है, तो फॉर्म में उसे लिंक करना होगा। साथ ही अपनी नई फोटो लगाकर फॉर्म जमा करना होगा। इस दौरान बीएलओ किसी भी दस्तावेज की मांग नहीं करेंगे। फॉर्म लेने के बाद बीएलओ एक प्रति पर हस्ताक्षर कर मतदाता को वापस दे देंगे और एक प्रति अपने पास रखेंगे। यदि बीएलओ के आने पर घर में कोई सदस्य मौजूद न हो, तो भी चिंता की बात नहीं है। बीएलओ तीन बार घर पर आएंगे और घर का कोई भी एक सदस्य यह प्रक्रिया पूरी कर सकता है। जो लोग घर से बाहर हैं या दूसरे शहर में रहते हैं, वे वोटर कार्ड को मोबाइल नंबर से लिंक करके फॉर्म ऑनलाइन भी भर सकते हैं।वही उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी में बताया कि यदि मतदाता या उसके परिवार के बुजुर्गों का नाम 2002 या 2003 की वोटर लिस्ट में नहीं है, तब भी वह Enumeration Form भर सकता है। ऐसी स्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय नोटिस जारी कर सुनवाई करेगा और सुनवाई के दौरान मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित 10 दस्तावेजों पासपोर्ट, जन्म प्रमाणपत्र,जाति प्रमाण पत्र, स्कूल सर्टिफिकेट, डोमिसाइल सर्टिफिकेट इत्यादि में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

टेकारी मंडी में 400 कट्टा रबी फसल का पुराना धान खरीदी का मामला हुआ उजागर

■ किसानों के शिकायत के बाद मामला सामने आया

धरसीवां । राजधानी रायपुर से लगा हुआ प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति टेकारी ,धरसींवा जिला रायपुर पं. क्रमांक 303 में बीते दिनों कर्मचारियों के मिलीभगत से लगभग 400 कट्टा रबी फसल का पुराना धान का क्रय कर लिया गया , इस मामले की जब किसानों ने एवं आस पास के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित कर्मचारियों व अधिकारियों से लिखित शिकायत दर्ज कराया तो मामले में गोल मटोल करते हुए आज सुबह शिकायत करता किसानों एवं सरपंचों को उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में जाँच कराने की बात कहा गया था।

आज सुबह से ही आस पास के किसान व जनप्रतिनिधि दोषी व्यक्ति व संलिप्त कर्मचारियों व अधिकारियों के ऊपर कार्यवाही कराने हेतु मंडी में उपस्थित हुए , किंतु प्रशासन के कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी इस मामले का न तो संज्ञान लिए न ही किसी प्रकार का कार्यवाही हुआ ,

जब किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस मामले की जानकारी स्वयं उच्च अधिकारियों को दिए तब घंटो इंतिजार के बाद इसमें पंचनामा कार्यवाही हुआ।

ग्राम पंचायत छपोरा के सरपंच राजकुमार भारती , पूर्व सरपंच श्री मोतीलाल साहू सहित किसानों ने टेकारी धान मंडी में पुराने धान खरीदी करने का लिखित शिकायत किया है।

इस मामले को उजागर करते हुए भाजपा के प्रदेश मंत्री व सांसद प्रतिनिधि अशोक सिन्हा ने बताया कि एक तरफहमारी सरकार दूसरे राज्यो से परिवहन कर हमारे राज्य में ला रहे धान को रोकने के लिए जगह जगह बेरिकेट्स लगाकर उस पर कार्यवाही कर रहा है अब तक हजारों टन धान पकड़ा जा चुका है किंतु वही दूसरी तरफ अधिकारियों व कर्मचारियों के मिलीभगत से पुराने धान को खरीदी करने का यह नए तरीके का मामला सामने आया है जो संगीन अपराध है, इसमें आस पास गाँव के अपराधी किश्म के कुछ लोग इस अपराध में कर्मचारियों के साथ साठ गांठ कर इस कुकृत्य को कर रहे है।

नगरी के छात्र भी करेंगे प्रतियोगी परीक्षाओं में नाम रोशन

■ नगर पंचायत नगरी को मिला विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी की सौगात

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के होनहार छात्र राज्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर सफल भी होते रहे हैं किंतु कही न कही सुविधाओ के अभाव के चलते ये सफलता का प्रतिशत काफी कम था।इसे देखते हुए धमतरी जिले के युवा कलेक्टर ने शानदार पहल की है जिससे पूरे क्षेत्र के युवाओं में अत्यंत हर्ष है।

ज्ञात हो कि नगरी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 7 स्थित सामुदायिक भवन के पास जिला कलेक्टर अविनाश मिश्रा की पहल पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए नए लाइब्रेरी भवन का शुभारंभ किया गया।कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान लाइब्रेरी का फीता काटकर विधिवत लोकार्पण किया। कलेक्टर श्री मिश्रा की इस पहल से नगरी में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के अवसरों में वृद्धि होगी और आदिवासी वनांचल क्षेत्र जो कि पूर्व में भी अनेक प्रसानिक अधिकारी राज्य और केन्द्र को दे चुका है उसमें काफी तेजी आएगी और इस क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता मिलेगी।

युवा कलेक्टर अविनाश मिश्रा की दूरदर्शिता से नगरी क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों के तेजी से होने की संभावनाएँ बढ़ी हैं।पढ़ाई के साथ खेल को महत्व प्रदान करते हुए कलेक्टर द्वारा आगामी दिनों में यहाँ के खिलाड़ियों के लिए बॉक्स क्रिकेट मैदान की सौगात भी प्रदान की जाएगी, जिसे लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

कुषिका का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ चयन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव संकुल मेंढ़ा से कु.कुषिका बाघमारे का चयन कक्षा छठवीं हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के लिए हुआ है। जिसमें विद्यालय परिवार व उनके गृह परिवार में खुशी का माहौल है ।कु.कुषिका बाघमारे मेंढ़ा निवासी जितेंद्र कुमार बाघमारे की पुत्री है जो शुरू से ही मेधावी रही है वह नियमित साइकिल चलाते हुए मेंढ़ा से शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव में पढ़ने आती थी यह एक मिसाल है छात्र की नवोदय में चयन होने पर विद्यालय के प्रधान पाठिका श्रीमती मंजरी गजभिये, प्रेरणा स्रोत रही शिक्षक श्रीमती मनु ठाकुर तथा नवोदय कोच शिक्षक श्री कनक राम साहू ,विद्यालय परिवार के अध्यक्ष श्री अश्वनी कुमार साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवांगन सरपंच श्री मदन लाल देवांगन (नवागांवकोल्हापुरी)उप सरपंच ताराचंद सिंह जी ने उनके उज्जवल भविष्य की मनोकामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की है।

एफएलएन मेला में 48 अवधारणाओं के लगे स्टॉल

■ जिले के 873 विद्यालयों के एफएलएन मेला में 36032 बच्चों का हुआ 48 अवधारणाओं में आंकलन

नगरी/नवप्रदेश। राज्य शिक्षा विभाग,एससीईआरटी एवं समग्र शिक्षा के समन्वय निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के समस्त प्राथमिक विद्यालयों में 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। यह मेला पारंपरिक मेले से हटकर था, इस मेले में विद्यालय के बच्चों ने हिंदी,गणित,अंग्रेजी और बालवाड़ी से संबंधित 48 अवधारणाओं पर स्टाल लगाए हुए थे। प्रत्येक स्टॉल सीखने-सिखाने की रोचक गतिविधियों पर आधारित था जहां बच्चा जाकर खेलकूद के माध्यम से विषयगत अवधारणाओं का स्वयं आंकलन किये। धमतरी जिले में यह एफएलएन मेला डाइट नगरी के निर्देशन में एक उत्सव की भांति पूरे जिले भर के विद्यालयों में मनाया गया। जहां जनप्रतिनिधियों,शाला प्रबंधन समिति एवं विभाग के अधिकारियों को आमंत्रित कर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धमतरी जिले के नगरी ब्लॉक के 341 विद्यालय के11987विद्यार्थी,कुरूद ब्लॉक के 184 विद्यालय के 9681 विद्यार्थी,धमतरी ब्लॉक के 195 विद्यालय के 8034 विद्यार्थी एवं मगरलोड ब्लॉक के 153 विद्यालय के 6330 विद्यार्थी एफएलएन मेला में शामिल हुए।इस तरह पूरे जिले के 873 विद्यालयों के 36032 विद्यार्थियों का एक ही दिन में 48 विषयगत अवधारणाओं के द्वारा खेल-खेल से आंकलन किया गया।डाइट नगरी प्राचार्य प्रकाश राय एवं जिला एफएलएन प्रभारी संगीता रनघाटी ने बताया कि एफएलएन मेला की तैयारी के लिए जिले भर के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को दो चरण में तीन-तीन दिवस का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। डीआरजी शिक्षक कैलाश सोन, अनुसुईया सिन्हा,लालाराम साहू,दीपेंद्र साहू,कमलेश देवांगन एवं चारो विकासखंड के प्रशिक्षक बीआरजी के मार्गदर्शन में जिले के शिक्षकों ने मेले में स्टॉल किस तरीके से होना चाहिए,उनका संचालन कैसे हो,मेले के आयोजन में किन-किन बारीकियों को ध्यान में रखना है इस पर अपनी समझ बना कर स्टॉल के लिए आवश्यक सामग्रियों का निर्माण किये।

आरएसएस शताब्दी वर्ष गृह संपर्क अभियान जारी नगर व गांवों में घर घर पहुंच रहे है स्वयंसेवक

डोंगरगांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत वृहद गृह संपर्क अभियान में संघ के स्वयंसेवक घर-घर दस्तक दे रहे हैं । इस दौरान संघ के सौ वर्षों के सफर की जानकारी सहित आरएसएस के विभिन्न कार्यों एवं कार्य पद्धति को भी बता रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत नगर के वार्ड दो और किलापारा में संपर्क अभियान प्रारंभ किया जिसमें खंड संघचालक दिग्विजय शांडिल्य, नगर के वरिष्ठ स्वयंसेवक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पूर्व पार्षद संतोष यादव वरिष्ठ शिक्षक जीवन साहू, जिला प्रचार प्रमुख प्रेम गोस्वामी, खंड कार्यवाह भजन लाल साहू, राष्ट्र सेविका समिति की मिताली, तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अन्य पदाधिकारियो सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने घर-घर दस्तक देकर संघ के स्थापना तथा संघ की आवश्यकता तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा चलाए जा रहे पंच परिवर्तन कार्यों को विस्तार से बताते हुए राष्ट्र और समाज के सभी पंच परिवर्तन कार्य को आवश्यक बताते हुए सभी की सहभागिता का आव्हान किया। ज्ञात हो कि संघ के इस गृह संपर्क अभियान में स्वयंसेवकों के द्वारा नगर एवं ग्राम के प्रत्येक घरों में भारत माता का तैल चित्र तथा पत्रक एवं साहित्य का वितरण किया जा रहा है।

चुनौती भरा रहा है संघ का सफर

गृह संपर्क अभियान के दौरान गोष्ठी में श्री गांधी ने कहा कि,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा तमाम चुनौतियों और झंझावातों से भरी रही है, लेकिन संघ ने हमेशा अपने मूल्यों और लक्ष्यों को कायम रखा। संघ का यह अनवरत प्रयास समाज को एकजुट करने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता रहा है। इस दौरान राजेन्द्र देवांगन,भोज साहू, हेमलाल साहू, ईश्वर साहू, तामेश्वर साहू, चमन वर्मा, राकेश देवांगन, प्रतीक साहू सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, मातृशक्ति एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

श्री द्वारशिवनी व्यापारी विकास संघ बैठक संपन्न

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। श्री द्वारसिवनी व्यापारी विकास संघ की बैठक दिनांक 21, 11, 2025 दिन शुक्रवार को 170 लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।।जिसमें श्री गणेश जी व छत्तीसगढ़ महतारी ,देवी देवताओं की छाया चित्र पर पूजा पाठ कर गुलाल चंदन बंदन लगाकर बैठक संपन्न किया गया।। जिसमें संघ के संरक्षक यदुनंदन श्रीवास, महेंद्र सिंह ठाकुर ,नत्थू कश्यप, नेमीचंद जैन, रामप्रसाद साहू , रामू राम साहू ,दिलीप निषाद, और डॉ नाग माता,जितेंद्र सिंहा ,सुशील शर्मा ,चमन यदु, भीखम साहू , की उपस्थिति में द्वारशिवनी व्यापारी विकास संघ के अध्यक्ष युवराज बंटी सिंहा ने कहा कि हमारी व्यापरी संघ में प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष काफी बढ़त में दिख रहा है ।। 170 लोगों की जनसंख्या अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिल रहा है मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि हमारी संग में किसी भी व्यपारी भाई की समस्या को लेकर संघ में अवगत कराता है ।।तो तुरंत निराकरण किया जाएगा।। साथ ही विषय में नगर पंचायत की सुलभ सोचालय को जल्द ही चालू कराने के लिए व नगर व्यवसायिक परिसरों में चोरी को रोकने के लिए थाना प्रभारी को आवेदन दिया जाएगा ।। संघ के कोषाध्यक्ष चमन यदु सचिव भीखम साहू के द्वारा वार्षिक आय व्यय की जानकारी दिया गया।। जिसमें प्रमुख रुप से संरक्षक,अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ,सचिव, कार्यकारणी सदस्य यदुनंदन श्रीवास ,महेंद्र सिंह ठाकुर ,नेमीचंद जैन, नत्थू कश्यप ,रामप्रसाद साहू , रामू राम साहू, जितेंद्र सिंहा , सादीक खान ,करीम खान ,चमन यदु , भीखम साहू ,अशोक सिंहा ,कमलेश कश्यप , सुशील शर्मा , लीलाधर साहू, संतोष सिंह ठाकुर , तिलक ,चीकू सोनी, प्रकाश श्रीवास,वेद राम साहू ,कामता निषाद, पुनीत यदु ,शत्रुघ्न साहू, नरेंद्रनिषाद ,ओम प्रकाश साहू, कृष्णा साहू , ऋषि साहू ,रुप साहू, पिंटू श्रीवाश ,बिल्लू साहनी, प्रेम लाल साहू ,शिवम तिवारी ,त्रिलोक यदु, पूनम लाल साहू ,धर्मेंद्र ,अनिल साहू ,मनोज सोनकर, श्री राम ,ऋषिकेश , दादू पंडित, दुष्यंत यदु ,अशोक साहू ,बालाजी राव, चीकू सोनी, पप्पू साहू , मोनू मंगलम राकेश सिन्हा ,महेश सिंहा ,हरिशंकर सिंहा नरेंद्र निर्मलकर की उपस्थिति में बैठक कार्यक्रम का संचालन करीम खान व आभार चमन यदु भीखम साहू के द्वारा किया गया है।।

छिबर्रा में मितानिन दिवस पर मितानिनों का हुआ सम्मान

मितानिनों के सहारे ग्रामीण क्षेत्रों में टिका स्वास्थ्य विभाग- नंदिनी दीवान

पिथौरा/नवप्रदेश। मितानिन दिवस पर ग्राम पंचायत छिबर्रा मे मितानिनों को श्रीफल व साड़ी देकर सम्मानित किया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच नंदिनी दीवान, उपसरपंच श्याम सेन, शीला पटेल, स्वास्थ्य संयोजक प्रितम उईके, महिला स्वास्थ्य संयोजक उर्वशी उईके, मितानिन दशोदा निर्मलकर, मितानिन बांबी ठाकुर, ललित यादव, नकुल, पीलाराम, हेमलता, पुष्पा, कल्याणी आदि ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

इस मौके पर महिला स्वास्थ्य संयोजक उर्वशी उईके ने कहा की मितानिनों द्वारा अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभा रही हैं। लोगों को टीकाकरण, मलेरिया, उल्टी दस्त सहित स्वास्थ्य हेतु आवश्यक जानकारी देना एवं अन्य कार्य अत्यंत सराहनीय हैं। कोविड संक्रमण के दौर में भी मितानिनों ने अहम भूमिका निभाई चाहे संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता अभियान हो या कोविड टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करना, उन्होंने सभी जिम्मेदारियों को सफलता पूर्वक निभाया।

न्यूज गैलरी

वार्ड क्रमांक 8 में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के दौरान भाजपा-कांग्रेस में विवाद

एमसीबी/नवप्रदेश। नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ वार्ड क्रमांक 08 में मतदाता सूची पुनरीक्षण के समय फार्म भरने की प्रक्रिया के दौरान भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच विवाद हो गया। दोनों दलों ने एक-दूसरे पर निर्वाचन प्रक्रिया के नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।भाजपा के पूर्व पार्षद अजीमुद्दीन अंसारी का आरोप था कि कांग्रेस कार्यकर्ता बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के साथ मिलकर मतदाताओं के फार्म भर रहे हैं, जो निर्वाचन नियमों का उल्लंघन है। वहीं, कांग्रेस नेताओं गिरीश चंदेल, विक्की दत्ता और गीतिका चंदेल ने भाजपा के आरोपों को निराधार बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया।पूरा विवाद बीएलओ की उपस्थिति में हुआ, जिन्होंने मौके पर मामला शांत कराने का प्रयास किया और प्रक्रिया जारी रखी। दोनों पक्षों ने चुनाव आयोग के नियमों का हवाला देकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की।

ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने पुलिस ने 7 गाड़ियों पर की चालानी कार्रवाई

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए मनेन्द्रगढ़ पुलिस ने शनिवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान अवैध पार्किंग में खड़ी सात गाड़ियों पर चालान कार्यवाही की गई। पुलिस के अनुसार, लंबे समय से अव्यवस्थित पार्किंग और बढ़ते ट्रैफिक दबाव के कारण शहर में जाम की स्थिति बन रही थी। स्थिति को नियंत्रित करने और नियमों की सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी मनीष तिवारी ने बताया कि अभियान के दौरान एक वाहन,जिस पर 'भारत सरकार' लिखा था, को भी नियमानुसार चालान किया गया, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि कानून सबके लिए समान है। कार्रवाई के दौरान कोतवाली थाना स्टाफ ने वाहन चालकों को भविष्य में तय स्थानों पर वाहन खड़ा करने और यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी। पुलिस ने नागरिकों से यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग की अपील की है तथा बताया कि आगे भी ऐसे अभियान समय-समय पर जारी रहेंगे।

पर्यटन संस्कृति धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने 73.41 लाख से निर्मित मांगलिक भवन का किया लोकार्पण

मांगलिक भवन का नगरवासियों सहित आने वाले पीढ़ी को भी मिलेगा लाभ: मंत्री अग्रवाल

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार के कार्यकाल में विकास की गंगा बह रही है। नगर पंचायत लखनपुर का डा. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन का निर्माण इसका जीता जागता उदाहरण है। पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहें है इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं नहीं है।

उपरोक्त बातें पर्यटन संस्कृति धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन राजेश अग्रवाल ने 19 नवम्बर दिन बुधवार की शाम नगर पंचायत लखनपुर के वार्ड क्रमांक 06 में 73.41 लाख लागत से निर्मित डॉ भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन का लोकार्पण समारोह में शामिल नगरवासियों को सम्बोधित करते हुये कहा। लोकार्पण समारोह के बतौर मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन राजेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज नपं अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू नेहा सन्नी बसल रहे। लोकार्पण कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री राम माता जानकी लक्ष्मण के छायाचित्र में धूप दीप प्रज्वलित कर पंडित पुजारियों के मुखारविंद से उच्चरित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फीता काट कर किया गया। अध्यक्ष उपाध्यक्ष नगर कर्मियों ने मचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किये। मंत्री अग्रवाल ने आगे कहा - काफी समय से नगर वासियों की मांग थी कि मंगलिक भवन का निर्माण हो भाजपा के पूर्ववर्ती डा रमन सिंह शासन

काल में भवन की स्वीकृति मिली थी जमीन अभाव के कारण यह भवन नहीं बन सका था। पुनः विष्णु देव साय की सरकार मे 75 लाख रुपये के भवन निर्माण के लिए स्वीकृति मिली। जमीन अभाव होने कारण पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल नपं अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू के साथ तत्कालीन सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार से जमीन आवंटन करने चर्चा किया गया जिसपर कलेक्टर सरगुजा के सहयोग से डा भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन हेतु जमीन आबंटित हुई। और अब साकार रूप में यह भवन बनकर तैयार हुआ है। इस भवन के बनने से नगर वासियों को शादी विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य आयोजित कराने में सहुलियत होगी। केबिनेट मंत्री अग्रवाल ने अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू उपाध्यक्ष नेहा सन्नी बंसल एवं उनके टीम द्वारा किये जा रहे नगर विकास कार्यों की सराहना करते हुये उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बहुत कोशिशों के बाद किसी तरह डा भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन का निर्माण कराया गया जो आने वाले पीढीयों के लिए उपयोगी साबित होगा।दरअसल पूर्व में बनाया गया सामुदायिक भवन काफी छोटी सामाजिक कार्यक्रमों के लिए अपर्याप्त थी। इस नये भवन के बनने से नगर वासियों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा । गौरव पथ बनाये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा इस पर भी सहमति बन चुकी है निश्चित तौर पर यथा शीघ्र जूना लखनपुर शराब दुकान से लेकर अस्पताल चौक तक गौरव पथ का निर्माण होगा। कार्यक्रम में राकेश अग्रवाल, राकेश साहू सचीन बंसल सुभाष अग्रवाल हरविंद अग्रवाल राहुल अग्रवाल, बृजकिशोर पांडेय सुरेश साहू सुरेन्द्र साहू पूर्व तबरेज आलम नसरत अली,महमूद ख़ान नपं उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे पार्षद शमीम खान बघोलन राम ईश्वर राजवाड़े अमीत बारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी विद्या सागर चौधरी जितेन्द्र सिंह प्रदीप एक्का मेघनाथ खलखो,रामहरि शर्मा नगर वासी काफी संख्या में उपस्थित रहे।मुख्य नगरपालिका अधिकारी विद्या सागर चौधरी के आभार उद्बोधन के साथ कार्यक्रम मुकम्मल हुई।

जांजगीर-चांपा के सबरीया डेरा में महुआ शराब की अवैध कारोबार का बिछा जाल

पानी पाउच की तरह पैक करके महुआ शराब की घर पहुंच सेवा, पुलिस बेबस

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले के बिर्रा क्षेत्र में अवैध महुआ शराब कारोबार का नेटवर्क अब पानी पाउच की तरह पैकिंग कर थोक सप्लाई के मॉडल में बदल गया है। ग्रामीणों के अनुसार करनौद सबरिया डेरा में बनी गुप्त फैक्ट्रियों से रोजाना दो से तीन सौ लीटर शराब तैयार कर छोटे तस्करों के घरों तक पहुंचाई जा रही है। यह पूरा नेटवर्क इतनी मजबूती से फल-फूल रहा है कि स्थानीय युवाओं में इसकी लत तेजी से बढ़ रही है। क्षेत्र के लोग आरोप लगा रहे हैं कि यह कारोबार अचानक नहीं पनपा बल्कि लंबे समय से जारी संरक्षण और निगरानी की कमजोरी ने इसे बड़े स्तर की तस्करी में बदल दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिले के पुलिस अधीक्षक जहां सबरिया समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं जमीनी स्तर पर बिर्रा क्षेत्र में हालात बिल्कुल उलटे दिखाई दे रहे हैं। यहां अवैध

शराब फैक्ट्रियों पर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों का भरोसा लगातार टूट रहा है और पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा बताए अनुसार करनौद सबरिया डेरा के पास तालाब और नहर किनारे कई छोटी फैक्ट्रियां बनाई गई हैं, जहां हर दिन महुआ शराब बड़ी मात्रा में तैयार होती है। आधुनिक पैकिंग मशीन की तरह पाउच में शराब भरकर इसे छोटे तस्करों तक पहुंचाया जाता है, जो फिर गांवों और कस्बों में इसे आसानी से आगे बेचते हैं। इस अवैध कारोबार ने इलाके में शराब की उपलब्धता को इतना बढ़ा दिया है कि कम उम्र के लड़के भी इसकी लत में फंसते जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में घर-घर तक शराब पहुंचने लगी है, जिससे सामाजिक माहौल पर गहरा असर पड़ रहा है।

> इस मामले में थाना प्रभारी से बात करने पर उन्होंने कहा कि मामले की जांच करने टीम भेजकर कार्रवाई की जाएगी। वास्तविक जांच के बाद ही पूरा मामला साफ हो पाएगा। अपराधी पर कार्रवाई होगी।
>
> **जय साहू**
> थाना प्रभारी
> बिर्रा

वसूली तंत्र और दलालों की सक्रियता का नया खुलासा

सूत्रों का दावा है कि इस पूरे अवैध नेटवर्क में वसूली का एक समानांतर तंत्र भी सक्रिय है। ग्रामीण बताते हैं कि करनौद सबरिया डेरा क्षेत्र में वसूली के लिए एक दलाल को आगे रखा गया है, जो हर महीने अवैध कारोबारियों से लिफाफा इकट्ठा कर देता है। ग्रामीणों का गंभीर आरोप है कि इस दलाल के इशारे पर थाना स्तर के कई फैसले लिए जा रहे हैं। गांववालों का कहना है कि अवैध कारोबारियों में यह भरोसा बैठ चुका है कि महीने की वसूली पूरी होते ही उनका काम बेधड़क चलता रहेगा। इसी वजह से बड़ी नहर और तालाब किनारे खुलेआम शराब उत्पादन जारी है और कोई रोक-टोक नहीं होती। इससे न सिर्फ राजस्व की भारी हानि हो रही है बल्कि कानून का भय भी समाप्त होता जा रहा है।

कार्रवाई न होना बड़ा सवाल, बिर्रा पुलिस की भूमिका पर बढ़ती नाराजगी

सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब ग्रामीणों को अवैध फैक्ट्रियों की जानकारी है, तब बिर्रा पुलिस इन स्थानों तक क्यों नहीं पहुंच पा रही। लोगों का आरोप है कि महीनों से जारी शिकायतों के बावजूद न तो छापेमारी की गई और न ही किसी फैक्ट्री को बंद करवाया गया । ग्रामीणों की मानें तो यह चुप्पी संदेह को और गहरा कर रही है। स्थानीय लोग खुले तौर पर कह रहे हैं कि अगर पुलिस वास्तविक कार्रवाई करे तो इन फैक्ट्रियों को 24 घंटे में बंद किया जा सकता है। पर लगातार कार्रवाई न होना यह दर्शाता है कि कहीं न कहीं इस पूरे नेटवर्क को संरक्षण मिला हुआ है। जिले की कानून व्यवस्था और पुलिस की साख पर ऐसे आरोप गंभीर असर डाल रहे हैं। ग्रामीण अब उच्च स्तर पर जांच की मांग उठाने लगे हैं ताकि सच्चाई सामने आ सके और अवैध शराब कारोबार पर कड़ाई से रोक लग सके।

नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं सारगर्भित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीतः ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' रहा, जिसके माध्यम से जनजातीय समुदाय की आदिम संस्कृति, स्वाभिमान की परंपरा, राष्ट्रनिर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा सामाजिक समरसता पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में जनजातीय समाज की परंपराओं, संस्कृति, लोककथाओं, स्वाधीनता संग्राम में उनके योगदान तथा आज के आधुनिक समाज में उनकी पहचान और अधिकारों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा, तात्या भील जैसे महापुरुषों के अद्वितीय योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि जनजातीय समाज सदियों से प्रकृति संरक्षण, सामाजिक संतुलन और साझेदारी की अद्भुत परंपरा का पालन करता आया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीलू जायसवाल, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, ने कहा कि महाविद्यालय में जनजातीय छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रवृत्ति योजनाएँ, कौशल-विकास गतिविधियाँ तथा सुरक्षा-सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जनजातीय छात्राओं से शैक्षणिक अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने और समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। श्रीमती जायसवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि जनजातीय समाज ने सदैव अपनी परंपराओं और संस्कृति का संरक्षण किया है। जनजातीय समुदाय ने 'जन-जंगल-जमीन' को सर्वोपरि माना है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आधुनिक समाज के लिए प्रेरणा-स्रोत हैं। साथ ही उपस्थित जनों से आह्वान किया कि वे देश की संस्कृति और विरासत को मजबूती से समर्थन दें।

डीएवी गोढ़ी में छात्रों ने रोपे पौधे

बिल्हा/नवप्रदेश। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में अंतर सदनीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय था ' एक पेड़ मां के नाम', जिसमें कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने इस गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस एन पाण्डेय ने कहा कि हम 'एक पेड़ माँ के नाम' विषय पर वृक्षारोपण कर प्रकृति और मातृत्व–दोनों के प्रति सम्मान व्यक्त कर रहे हैं। जैसे माँ निःस्वार्थ भाव से हमारा पालन-पोषण करती है, वैसे ही पेड़ हमें जीवनदायिनी हवा, छाया और संतुलित पर्यावरण देते हैं। प्रत्येक लगाया गया पौधा हमारी माँ के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। मेरा आग्रह है कि आप सभी न केवल पेड़ लगाएँ बल्कि उनकी देखभाल भी जिम्मेदारी से करें। एक पौधा बड़ा होकर जिस तरह सबको लाभ देता है, उसी प्रकार आप भी समाज के लिए उपयोगी बनें। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मादा भालू अपने बच्चों के साथ भीड़ की ओर दौड़ी, वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़ के आमाखेरवा रोड चौरा के पास मादा भालू अपने बच्चों के साथ दिखाई देने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि भीड़ की आवाज और हलचल से मादा भालू अचानक घबरा गई और उसने अपने बच्चों को असुरक्षित मानते हुए भीड़ की दिशा में दौड़ लगा दी। इस दौरान लोगों में अफरा-तफरी मच गई, हालांकि किसी

तरह की अनहोनी नहीं हुई। यह घटना वार्ड क्रमांक 16 से वार्ड क्रमांक 22 के बीच के क्षेत्र में बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मादा भालू लंबे समय से अपने बच्चों के साथ शहर और आसपास के इलाकों में विचरण कर रही है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। वन विभाग की टीम क्षेत्र में मौजूद थी,जिसके चलते स्थिति पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया। बावजूद इसके, लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ हैं।

खंड स्तरीय महिला क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

लखनपुर/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकास खंड स्तरीय महिला खेलकूद का आयोजन किया गया, जिसमे विकास खंड स्तर के समस्त संकुल क्षेत्र के स्कूली बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। वालीबाल खो-खो 100 मीटर की दौड़ 400 मीटर दौड़ तवाफेक बेडमिंटन सिंगल व डबल रस्साकस्सी व फूटबॉल खेल का आयोजन किया गया। जिसमे 100 मीटर दौड़ में मिरती मिंज कुन्नी प्रथम स्थान वृंदा द्वितीय, रिया पैकरा तृतीय,400 मीटर दौड़ में -- ग्राम पुहपुटरा के सरस्वती प्रथम, ग्राम तूरना के सोमी द्वितीय,

ग्राम पुहपुटरा के भूमिका तृतीय,तवा फेंक में भूमिका प्रथम साधना द्वितीय,बबली तृतीय, बेडमिंटन में लखनपुर सेजस के आरूषी प्रथम बृंदा राजवाड़े द्वितीय, लखनपुर सेजस के अनिषा तृतीय फूटबाल में कस्तूरबा गांधी आश्रम रजपुरी कला लखनपुर विजेता हायर सेकंडरी स्कूल जमदरा उपविजेता खो-खो में हायर सेकंडरी स्कूल कुन्नी विजेता हायर सेकंडरी स्कूल पुहपुटरा उपविजेता वालीबाल में कस्तूरबा आश्रम विजेता कन्या हाई स्कूल उप विजेता तथा बेडमिटन में - आरूषी सिंह, साक्षी बेक विजेता, नंदनी राजवाड़े नीशा राजवाड़े उपविजेता रहे। तथा रस्साकसी में सेजस लखनपुर विजेता हायर सेकंडरी स्कूल लटोरी उपविजेता रहे। वहीं 18-35 वर्ष उम्र के प्रतिभागी खिलाड़ियों ने 100 मीटर दौड़ में पूर्णिमा सिंह प्रथम करिश्मा टोप्पो द्वितीय400 मीटर दौड़ में गायत्री प्रजापति प्रथम सेमा मरावी द्वितीय तवा फेंक में हितेश्वरी राठिया प्रथम गायत्री प्रजापति द्वितीय खो-खो में - सेमा मरावी कुन्नी फूटबॉल में संध्या व साथी कुन्नी प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश बारी मंडल अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि जंप उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, दरोगा राम, यतेंद्र पांडेय,घरभरन राजवाड़े आनेन्द राजवाड़े, इंद्रजीत राजवाड़े गोविंद सिंह पैकरा खंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार गुप्ता आलोक सिंह (सहायक खंड शिक्षा अधिकारी) दीपेश पांडे (बीआरसी) प्राचार्य जे एम मैथ्यु आरके विश्वकर्मा, मंडल संयोजक अरविंद गुप्ता, अनुराधा सिंह दीप्ति वर्मा दुष्यंत कश्यप, समस्त जन शिक्षक, ग्रामीण खेल प्रेमी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

विडंबना | राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा जनजाति परिवारों की गर्भवती माताओं व बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों को नहीं मिल रहा पोषण आहार, कागजों में संचालित हो रहा आंगनबाड़ी केंद्र

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। जिले को कुपोषण से मुक्त करने जहाँ शासन कई सारी योजनाएं संचालित कर रही है वहीं लखनपुर विकासखंड में एक जगह ऐसा भी है जहाँ राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा जनजाति परिवारों के गर्भवती माताओं तथा बच्चों को पोषण आहार नहीं मिलने से बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। यहाँ आंगनबाड़ी केंद्र का हाल कुछ ऐसा है कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल कागजों में ही संचालित है तथा पोषण आहार भी कागजों में ही बांटकर लोगो को कुपोषण से मुक्त किए जाने के सभी दावे मिथ्या साबित हो रही है।

दरअसल लखनपुर विकासखंड के ग्राम रेमहला राईभवना आंगनवाड़ी केंद्र का है जहाँ इस आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता पूजा यादव तथा सहायिका अनुराधा लकड़ा पदस्थ हैं। इस आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष आरक्षित बच्चों की दर्ज संख्या 20 के करीब है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूजा यादव के अपने मायके में निवास करने तथा सहायिका अनुराधा लकड़ा को परियोजना अधिकारी के द्वारा मौखिक रूप से भूरकुड़वा आंगनवाड़ी केंद्र में अटैच किए जाने की वजह से राईभवना का यह आँगनबाड़ी कई हफ्तों तक नहीं खुल पाता है। आंगनबाड़ी के नहीं खुलने से विशेष आरक्षित जनजाति के परिवार की गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों को गर्म भोजन,रेडी-टू-ईट सहित

पोषण आहार की समय पर नहीं मिल पाता जिससे यहाँ के बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने विशेष आरक्षण प्राप्त इन जनजातियों के पोषण के लिए कई सारी योजनाएं संचालित की हैं वावजूद अधिकारियों तथा स्थानीय स्तर के आंगनबाड़ी कर्मचारियों की लापरवाही व उदासीनता भरे रवैये के कारण इन योजनाओं का लाभ इन विशेष आरक्षण प्राप्त जनजातियों के परिवारों व उनके बच्चों को नही मिल पा रहा है। अब देखने वाली बात होगी की यहाँ निवास करने वाले विशेष आरक्षित पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगो को आंगनवाड़ी केन्द्रों से गर्म भोजन , रेडी -टू-इट और पोषण आहार मिल पाएगा या फिर शासन के कुपोषण दूर करने के सारे प्रयास केवल आंगनवाड़ी के रजिस्टरों और परियोजना कार्यालय के दस्तावेजों तक हो सिमट कर रह जाएँगे।

गंभीर कुपोषित तीन बच्चे

राईभवना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र अंतर्गत पहाड़ी कोरवा जनजाति के 06 माह से 03 वर्ष तक के दो गंभीर कुपोषित व 03 वर्ष से 06 वर्ष तक एक गंभीर कुपोषित बच्चा है। इस संबंध में जब सुपरवाईजर अनीता क्रस से फ़ोन के माध्यम से बात की गई तो उनके द्वारा कहा गया की मैं अंबिकापुर अपने काम से आई हूँ और मैं बाहर जा रही हूँ।आंगनवाड़ी केंद्र के नियमित संचालन के सवाल पर उन्होंने कुछ भी कहने से साफ़ मना कर दिया।सोमवार को बाहर से आकर बात करती हूँ ।

कैडेट्स की ऊर्जा और अनुशासन ने शहर में युवाओं की प्रेरणा का संदेश फैलाया

बिलासपुर में 77वां एनसीसी दिवस उत्साह और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में 77वां एनसीसी दिवस इस बार पहले से कहीं अधिक ऊर्जा, उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। नवंबर माह के अंतिम रविवार को आयोजित इस भव्य समारोह में शहर के 26 से अधिक स्कूलों और कॉलेजों के तकरीबन 1000 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। पूरे दिन चलने वाले कार्यक्रमों ने न सिर्फ शहरवासियों को आकर्षित किया, बल्कि युवाओं की अनुशासन, एकता और राष्ट्रसेवा के प्रति भावना का अद्भुत प्रदर्शन भी देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे अर्पा रिवर व्यू से निकली जागरूकता रैली के साथ हुई। लाल-काली वर्दी में सजे कैडेट्स ने नेहरू चौक, पोस्ट ऑफिस चौक और देवकीनंदन चौक से गुजरते हुए अनुशासित मार्च के साथ लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा।

रैली के दौरान कैडेट्स ने स्वच्छता, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़े संदेशों को पोस्टर, स्लोगन और नारों के माध्यम से आमजन तक पहुँचाया। शहर के अलग-अलग इलाकों में लोग रुककर रैली को देखते रहे और युवाओं के जोश की जमकर सराहना की।सिम्स ऑडिटोरियम में रैली के पहुंचने के बाद कार्यक्रम का अगला चरण शुरू हुआ, जिसमें सामाजिक सेवा पर विशेष ध्यान दिया गया। सिम्स अस्पताल के ब्लड बैंक में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जहां एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ अधिकारी और कई स्वयंसेवक भी पहुंचे। दिनभर चले इस शिविर में लगभग 150 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जो एनसीसी की एकता और अनुशासन की भावना के साथ-साथ समाज के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समारोह में उन कैडेट्स को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय स्तरीय कैंपों–जैसे रिपब्लिक डे कैंप, तिरंगा रैली, थल सेना कैम्प और एडवेंचर गतिविधियों–में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 77वां एनसीसी दिवस समारोह एक दिन का आयोजन ही नहीं, बल्कि युवा शक्ति और राष्ट्रभक्ति का एक जीवंत उत्सव बनकर उभरा। पूरे कार्यक्रम में कैडेट्स की ऊर्जा, अनुशासन और देशप्रेम की भावना खुलकर सामने आई। शहरवासियों ने भी इस आयोजन को प्रेरणादायी पहल बताते हुए कहा कि इससे युवाओं में राष्ट्रीय चेतना, सेवा भावना और जिम्मेदारी के प्रति समझ और मजबूत होती है। बिलासपुर में आयोजित यह भव्य समारोह आने वाले वर्षों में एनसीसी को और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

शहर का नाम राष्ट्रीय पटल पर उज्ज्वल किया

इन कैडेट्स की उपलब्धियों ने न सिर्फ संस्थान बल्कि बिलासपुर शहर का नाम राष्ट्रीय पटल पर उज्ज्वल किया है। मंच से अधिकारियों ने एनसीसी को युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए कैडेट्स को आगे भी ऐसी ही उपलब्धियाँ हासिल करने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने कहा कि एनसीसी सिर्फ सैन्य प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को विकसित करने का बड़ा प्लेटफार्म है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बड़ी संख्या में कैडेट्स ने स्वयंसेवा, पर्यावरण अभियान और रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, जो समाज के प्रति उनकी जागरूक सोच का प्रमाण है।

■ न्यूज गैलरी

डीपी विप्र कॉलेज में समाजशास्त्र और समाजकार्य परिषद का गठन

बिलासपुर/नवप्रदेश। डीपी विप्र कॉलेज के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग में परिषद का पुनर्गठन किया गया। समाजशास्त्र परिषद की अध्यक्ष पद पर सुमन साव का चयन किया गया। इसी प्रकार समाजकार्य परिषद की उपाध्यक्ष हेमलता, सचिव पूनम व सहसचिव नीलिमा कश्यप को बनाया गया। समाजकार्य विभाग में धनंजय रजक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तमेश रजक, सचिव आकाश सोनी, सह सचिव गुर्लीन कौन चुनी गई। समाजशास्त्र एवं समाजकार्य परिषदों के गठन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक समझ, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना है। चयनित पदाधिकारियों को विभागीय गतिविधियों के संचालन, अकादमिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिषदें विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने पदाधिकारियों को सक्रिय भागीदारी और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। उप प्राचार्य डॉ. एमएस तंबोली ने भी सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

अचानकमार टाइगर रिजर्व में पर्यटन विकास को नई दिशा

वनमंत्री कश्यप ने निरीक्षण कर दिए नए रूट और सुविधाओं के निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। अचानकमार टाइगर रिजर्व में पर्यटन विकास की संभावनाएं अब और मजबूत होने वाली हैं। छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप शुक्रवार को एटीआर के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे, जहाँ उन्होंने कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का निरीक्षण किया और नए पर्यटक रूट विकसित करने के निर्देश दिए। अचानकमार के घने जंगलों में उस समय हलचल बढ़ गई जब वनमंत्री केदार कश्यप स्वयं निरीक्षण हेतु पहुंचे।

मंत्री ने मुख्य पर्यटक मार्गों का जायजा लिया और अधिकारियों को पर्यटक सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।शिवतराई स्थित बैगा रिसॉर्ट पहुंचने पर स्थानीय ग्रामवासियों और महिलाओं ने मंत्री का पारंपरिक स्वागत किया। उन्होंने रिसॉर्ट के संचालन, कैंटीन व्यवस्था और सोवेनियर शॉप की विस्तृत समीक्षा की और सुधार के बिन्दु तय किए।मंत्री ने निर्देश दिए कि बैगा रिसॉर्ट की आय बढ़ाने के लिए बिलासपुर और रायपुर के होटल संचालकों व टूर ऑपरेटर्स के साथ समन्वय बढ़ाया जाए। साथ ही एटीआर के प्रचार-प्रसार को तेज कर पर्यटन आकर्षण बढ़ाने पर जोर दिया।उन्होंने अचानकमार क्षेत्र में सड़कों की लंबाई और मौजूदा वाटर बॉडी की मैपिंग कर नए पर्यटक रूट तैयार करने को कहा, ताकि पर्यटकों को वन्य प्राणियों के बेहतर दृश्यावलोकन के अवसर मिल सकें।

एटीआर को नई पहचान मिलेगी

चरागाह विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए खाद्य घास प्रजातियों के बीज संग्रहण और विस्तार के निर्देश भी दिए। यह इस वर्ष मंत्री का दूसरा प्रवास था। 19 मई को दिए गए निर्देशों की समीक्षा में अधिकांश कार्यों के पूर्ण होने पर उन्होंने संतोष जताया और कहा कि पर्यटन सुविधाओं में निरंतर सुधार से एटीआर को नई पहचान मिलेगी। निरीक्षण के दौरान प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण पांडेय सहित वरिष्ठ वन अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री के नए निर्देशों से अचानकमार टाइगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

विकास कार्यों में गति और सुशासन को मिला सुदृढ़ आधार

■ आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू का राजस्थान दौरा

बिलासपुर/नवप्रदेश। दौरे की शुरुआत श्री साहू ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर जी के साथ राजस्थान के प्रसिद्ध रणकपुर जैन मंदिर में दर्शन किए। इसके उपरांत उदयपुर प्रवास के दौरान मनोहर लाल के मार्गदर्शन में सर्किट हाउस, उदयपुर में नगर निगम आयुक्त, विभागीय अधिकारी, तथा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्री साहू ने विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर निकाय एवं संबंधित विभागों के विभिन्न कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। राज्य मंत्री ने सभी अधिकारियों को लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने, सेवा प्रदायगी में दक्षता बढ़ाने तथा विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। राजस्थान प्रवास के अंतर्गत श्री साहू सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर के यहाँ उनकी सुपौत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। श्री साहू ने नवदंपत्ति के उज्ज्वल, सुखमय एवं समृद्ध भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और परिवार के आनंदमय अवसर में सहभागी बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

हल्दी चूर्ण, चिरचिरे की भस्म और थूहर दूध से बना क्षारसूत्र मलद्वार के रोगों के लिए वरदान

बिलासपुर/नवप्रदेश। वैद्यशाला आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान, अरपा पुल के पास, मेन रोड नेहरू चौक में 20 नवंबर को विश्व बवासीर दिवस (वर्ड पाईल्स डे) के अवसर पर 5 दिवसीय निःशुल्क पाईल्स (बवासीर), फिशर (मलद्वार का छिलना), फिस्टुला (भगंदर) जांच एवं चिकित्सा हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न जिलों, ग्रामीण अंचलों, नगरवासियों द्वारा लाभ प्राप्त किया जा रहा है। शिविर के चौथे दिन मिलाकर लगभग 575 रोगियों ने जांच कराई एवं चिकित्सा प्राप्त की जिसमें लगभग 215 पाईल्स, 95 मलद्वार का छिलना (फिशर), 185 भगंदर (फिस्टुला), 11 एनोरेक्टल प्रोलेप्स (गुदभ्रंस) एवं शेष अन्य रोगो के मरीज थे। इस शिविर में साथ ही वातरोग (घुटने-कमर-गर्दन कंधे कोहनी एड़ी दर्द), त्वचा रोग, डायबिटीज (मधुमेह / शर्करा रोग), शिशु रोग, स्त्री रोग जैसे इनफर्टिलिटी, श्वेत, रक्तप्रदर रोग, अनियमित मासिक धर्म आदि रोगों के भी मरीजों का आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सकों ने चिकित्सा प्रदान की।

12 वर्षों से नि:शुल्क सेवा

वैद्यशाला संस्था द्वारा विगत 12 वर्षों से माह नवम्बर में चिकित्सा शिविर कर 24 रोगियों की नि:शुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा (शल्य-क्रिया) अपने खर्चे में कराई जाती है। शिविर में लगभग 10 चिकित्सकों द्वारा सेवा प्रदान की जा रही है जिसमें डॉ. मनोहर जी. टेकचंदानी से. नि. जिला आयुर्वेद अधिकारी, डॉ. विमल शर्मा आयुर्वेद विशेषज्ञ, डॉ. किरण वर्मा शिशु रोग विशेषज्ञ (आयु.), डॉ. मोनिष्का शर्मा शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ (आयु.), डॉ. चंचला तिवारी स्त्री रोग विशेषज्ञ (आयु.), डॉ. दीक्षा गौरहा एवं संस्था के संस्थापक अपनी सेवायें दे रहे है। आखिरी दिन रविवार को सरकारी अवकाश होने स अधिक संख्या में रोगियों के आने की उम्मीद है। शिविर का पंजीयन मों. नं. 86028-11002, फोन नं. 07752-412224, 455551, 455552 में अग्रिम पंजीयन करा कर किया जा सकता है।

सभी रोगियों कों दैनिक जीवनशैली के विकृत होने वाले गंभीर रोग हेतु जागरूक कने पत्र-पत्रिकाओं का भी निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। मलद्वार के रोगों का मुख्य कारण मलबद्धता (कब्ज) माना जाता है। आधुनिक जीवनशैली में अनेकानेक जनसामान्य कब्ज (पेट साफ न होना) से परेशान है। अतः कब्जियत को दूर करने से भी चिकित्सा लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

नया श्रम कानून श्रमिक हित में नहीं : राय

बिलासपुर/नवप्रदेश। नया श्रमिक कानून लागू करते समय केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडवीया ने जो दावा किया है वह सारी बातें हवा हवाई है श्रमिकों के हित के लिए लड़ने वाले श्रमिक संगठनों का निर्माण ना हो सके ऐसे सभी कानून केंद्र की मोदी सरकार ने पास किया। श्रमिक क्षेत्र का भला करने की बात कर रही है केंद्र सरकार जो पूरी तरह से कपोल कल्पित बातें हैं वर्तमान कानून केवल और केवल श्रमिकों का शोषण करने के लिए बनाया गया है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने की बीएलओ प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

करगी रोड (कोटा)/ नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 के तहत बी.एल.ओ. प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन साहू धर्मशाला में किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। मास्टर ट्रेनर दिलीप श्रीवास और परमेश्वर मिर्री द्वारा सभी बी.एल.ए. प्रतिनिधियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश, नई प्रक्रियाएँ तथा फॉर्म भरने की विधि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन नामावली प्रक्रिया में पारदर्शिता, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपित करने, त्रुटि सुधार तथा घर-घर सत्यापन की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया गया। कांग्रेस पदाधिकारी अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बी.एल.ए. का दायित्व मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, जिसके लिए सभी को जिम्मेदारी और सजगता के साथ कार्य करना आवश्यक है। प्रशिक्षकों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आगामी पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता, सतर्कता और समयबद्ध तरीके से संपन्न करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, बी.एल.ए. प्रतिनिधि, प्रशिक्षक एवं ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित में ब्लॉक के हर मंडल प्रभारियों की नियुक्ति की गई, जिससे संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

मितानिनों को श्रीफल और शाल देकर किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। मितानिन दिवस पर ग्राम पंचायत सिलपहरी में गांव की मितानिनों को श्रीफल व साल देकर सम्मानित किया गया ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीकाराम यादव सरपंच मौजूद रहे। सरपंच टीकाराम यादव ने मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा कि मितानिन सरकार की योजना को घर-घर जाकर पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है चाहे वह गर्भवती महिलाओं को प्रसव दर्द आने पर उन्हें अस्पताल ले जाना हो या टीकाकरण करना हो वह अपने कर्तव्यों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ता इस अवसर पर मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य उनके द्वारा बच्चों को टीका लगाने से लेकर गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना अस्पताल ले जाना जच्चा बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधित जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच टीकाराम यादव,पूर्व सरपंच सेवक पाल उपसरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम पटेल सचिव घनश्याम पटेल पंच प्रतिनिधि धरमू पटेल पंच प्रकाश यादव पंच दिलकुमार नायक, प्रिया यादव सक्रिय महिला रेशमा भारद्वाज मंजू जांगड़े सुनीता भारद्वाज,मितानिन रूख्र मनीषा यादव, मितानिन शीतला देवी पाटले, मितानी सत्या डाहिरे मितानिन दुलौरिन टोनडर मितानिन सुनीता नायक व अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

मितानिन योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाती हैं

परिचर्चा

सीवीआरयू के उत्कृष्ट केन्द्रों से लाभान्वित हो रहे विद्यार्थी व शिक्षण संस्थान

विश्वविद्यालय के क्रियाकलाप व विद्यार्थियों सहित सामाजिक सरोकार के दृष्टि से भी प्रकल्पों को समझा

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्थापित रचनात्मक प्रकल्पों का भ्रमण अवलोकन एवं परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर सियान समिति के सदस्य, स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट मल्टीपरपज स्कूल बिलासपुर के विद्यार्थी एवं बालोद की शिक्षण संस्थान से कल 200 से अधिक लोगों ने विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। सभी ने नए प्रकल्पों को सराहा और विश्वविद्यालय के ज्ञान पद प्रकल्पों की स्थापना, उद्देश्य, क्रियाकलाप एवं विद्यार्थियों सहित सामाजिक सरोकार के दृष्टि से भी प्रकल्पों को समझा। यह आयोजन उन्नत भारत अभियान इकाई, छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति केंद्र, छत्तीसगढ़ी संजोही, ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

इस विषय पर जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय में स्थापित उत्कृष्ट के दो प्रकल्पों में भारत के कोने-कोने से विद्यार्थी, शिक्षा विद, विषय विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थी आमजन लेकर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, मद्रास, बेंगलुरु से भी विद्यार्थी हमारे विश्वविद्यालय आ रहे हैं। इन प्रकल्पों को जन सुविधा और सामाजिक सरोकार की दृष्टि से भी खुला रखा गया है। जिसमें की सभी को इस बारे में विस्तार से और वास्तविक जानकारी मिल सके। खासकर छत्तीसगढ़ी जीवन शैली, छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति, छत्तीसगढ़ी साहित्य, छत्तीसगढ़ के नैसर्गिक उत्पाद की जानकारी सभी को मिले। इसी क्रम में बलदाऊ राम साहू, सियान समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में 50 सदस्य टीम विश्वविद्यालय पहुंची। महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम के सभी सदस्य 60 वर्ष से अधिक के थे। सभी ने विश्वविद्यालय में स्थापित छत्तीसगढ़ी संजोही, छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति केंद्र, छत्तीसगढ़ी शोध एवं पीठ को देखा और सराहा भी साथ ही साथ उन्होंने इसके उत्कृष्ट के लिए भी विश्वविद्यालय को मार्गदर्शन दिया है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट मल्टीपरपज के विद्यार्थियों ने और प्राध्यापकों ने विश्वविद्यालय में स्थापित रेडियो रमन 90.4 और इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण किया। डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में स्थापित रेडियो रमन 90.4 एक सामुदायिक रेडियो है। जहां विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को भी निखारा जाता है। उनके द्वारा लिखित, कहानी, कविता का पाठ विद्यार्थी स्वयं करते हैं। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों की विषय वार रिकॉर्डिंग भी यहां की जाती है। इसके अलावा अंचल की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का रेडियो रमन सबसे बड़ा माध्यम है।

जिज्ञासा ही संकल्प का पहला रूप : कुलपति

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने विद्यार्थियों से रूबरू हुए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी विषय के बारे में जानना, जिज्ञासु होना और उसकी जानकारी जुटाना वास्तव में उसे प्राप्त करने के पहले का कर्म है । जब आपकी जिज्ञासा होगी और आप उसे जिज्ञासा की दिशा में आगे बढ़ेंगे तो उसे प्राप्त करने के लिए भी संकल्प लेंगे। आज इस विद्यार्थियों ने जितनी जिज्ञासा से विश्वविद्यालय को देखा समझा और जाना है निश्चित रूप से उनका भविष्य एक बड़े संकल्प के रूप में उनकी राह देख रहा है।

इस साल के 99% दिन भारतीयों ने झेली चरम मौसम की मार... इस हाल के जिम्मेदार भी हम

नई दिल्ली। भारत में मौसम अब पहले जैसा नहीं रहा. साल 2025 के पहले 9 महीनों (जनवरी से सितंबर) में कुल 273 दिनों में से 270 दिन देश के किसी न किसी हिस्से में चरम मौसमकी घटनाएं हुईं. यानी करीब 99त्न दिन भारत ने लू, शीत लहर, आंधी-तूफान, भारी बारिश, बाढ़, भूस्खलन या बिजली गिरने जैसी आपदाएं झेलीं.

यह खुलासा सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट और डाउन टू अर्थ की नई रिपोर्ट क्लाइमेट इंडिया 2025 में हुआ है. रिपोर्ट कहती है कि अब चरम मौसम पूरे देश में फैल गया है. सभी 36 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्रभावित हुए – यह पिछले 4 साल में पहली बार हुआ है. इससे मौतें भी 48% बढ़ गईं - 2025 में 4064 लोग मारे गए.

चरम मौसम क्या होता है?

संयुक्त राष्ट्र के IPCC के अनुसार, चरम मौसम वो घटनाएं हैं जो किसी जगह पर सामान्य से बहुत अलग और खतरनाक होती हैं. भारत में IMD (मौसम विभाग) इन्हें इस तरह परिभाषित करता है...

बहुत भारी बारिश: 24 घंटे में 12-20 सेमी से ज्यादा.

लू: तापमान 40-45 डिग्री से ऊपर.

शीत लहर: बहुत ठंड.

चक्रवात, बाढ़, भूस्खलन, ओले, आंधी, बिजली गिरना आदि.

IMD की वेबसाइट क्लाइमेट हजार्डस एंड वल्नेरेबिलिटी एटलस ऑफइंडिया (2022 में लॉन्च) में ये परिभाषाएं हैं.

वैज्ञानिक कारण: जलवायु परिवर्तन मुख्य दोषी

चरम मौसम क्यों बढ़ रहा है? वैज्ञानिकों के अनुसार, मुख्य कारण मानव गतिविधियां हैं जो जलवायु बदल रही हैं. यहां सरल भाषा में कारण...

ग्रीनहाउस गैसें और ग्लोबल वॉर्मिंग: हम कोयला, पेट्रोल-डीजल जलाते हैं तो ष्टह्र2, मीथेन जैसी गैसें निकलती हैं. ये गैसें सूरज की गर्मी को धरती से बाहर नहीं जाने देतीं ङ्क इसे ग्रीनहाउस प्रभाव कहते हैं. 1957 के बाद 2024-25 में ष्टह्र2 का सबसे बड़ा इजाफा हुआ. नतीजा: धरती का तापमान 1.1-1.5 डिग्री बढ़ गया, जिससे लू 30 गुना ज्यादा होने लगी. भारत में 2024 की एक-तिहाई लू जलवायु परिवर्तन से आई.

समुद्र गर्म होना और ज्यादा नमी: हिंद महासागर तेजी से गर्म हो रहा है. गर्म पानी से ज्यादा भाप हवा में जाती है, जिससे बादल भारी हो जाते हैं. तेज बारिश होती है. इससे बाढ़, भूस्खलन बढ़े. केरल, हिमाचल में यही कारण है.

एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या, मृतकों में दो बच्चे भी शामिल

दुमका । झारखंड के दुमका जिले में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या से सनसनी फैल गई है। घटना हंसडीहा थाना क्षेत्र के बरदेही गांव की है, जहां पति, पत्नी और उनके दो छोटे बच्चों के शव मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच शुरू कर दी है। यह वारदात जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर हुई। पुलिस के अनुसार, घर के अंदर पत्नी और दोनों बच्चों के शव मिले, जबकि पति का शव घर से लगभग 500 मीटर दूरी पर खेत में पाया गया। पति के गले पर रस्सी के निशान मिले हैं, जिससे मामले को लेकर कई तरह के संदेह पैदा हो रहे हैं। मृतकों की पहचान बीरेंद्र कुमार (32), उनकी पत्नी आरती कुमारी (27), बेटे विराज (2) और बेटी रूही (4) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बीरेंद्र मछली बेचने का काम करते थे और दो दिन पहले ही पत्नी को मायके से वापस लाए थे। रविवार सुबह जब घर का दरवाजा खोला गया, तो अंदर आरती और बच्चों के शव पड़े मिले। इसके बाद ग्रामीणों ने बीरेंद्र की तलाश की और उनका शव खेत में मिला। सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना प्रभारी ताराचंद दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घर तथा आसपास के इलाके की जांच शुरू की। दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि पुलिस टीम स्थल पर मौजूद है और मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी।

प्रदूषण पर सरकार का बड़ा एक्शन डीजल ऑटो पर लगाया कंपलीट बैन

नोएडा। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण के स्तर को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक सख्त और बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से नोएडा और गाजियाबाद में डीजल से चलने वाले ऑटो रिक्शा पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी दी कि यूपी सरकार ने एनसीआर के यूपी क्लस्टर में डीजल वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को रोकने के लिए यह आदेश जारी किया है, जिसके तहत अब इन दो प्रमुख शहरों में डीजल ऑटो सड़कों पर नहीं दौड़ सकेंगे। यह कार्रवाई प्रदूषण से निपटने के लिए तैयार किए गए एक व्यापक एक्शन प्लान का हिस्सा है। प्रशासन ने न केवल नोएडा और गाजियाबाद, बल्कि एनसीआर के अन्य जिलों के लिए भी समयसीमा निर्धारित कर दी है। आदेश के अनुसार, बागपत जिले में भी इस साल के अंत तक यानी 31 दिसंबर 2025 के बाद डीजल ऑटो पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

दो साल में 5 डॉक्टरों ने मिलकर जुटाए थे 26 लाख रुपये

कई शहरों को थी दहलाने की साजिश दिल्ली ब्लास्ट में बड़ा खुलासा

नई दिल्ली। व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल मामले के मुख्य आरोपी मुजम्मिल गनी ने ह्वढ्ढ की पूछताछ में कई अहम बातें बताई हैं। उसके अनुसार, 5 डॉक्टरों ने मिलकर 26 लाख रुपये जुटाए थे, ताकि देश के कई शहरों में एक साथ बड़े हमले किए जा सकें। यह नेटवर्क करीब दो साल से विस्फोटक सामग्री और रिमोट ट्रिगर डिवाइस इकट्ठा करता रहा। अधिकारियों ने बताया कि गनी ने खुद 5 लाख रुपये दिए, आदिल अहमद राथर ने 8 लाख, उसके भाई मुजफ्फर राथर ने 6 लाख, शाहीन शाहिद ने 5 लाख और डॉ. उमर उन-नबी ने 2 लाख रुपये दिए। सारी रकम उमर को दी गई थी, जिससे संकेत मिलता है कि मुख्य जिम्मेदारी उसी के पास थी। गनी ने स्वीकार किया कि उसने गुरुग्राम और नूह से 3 लाख रुपये में 26 क्विंटल ह्क्क्य खाद खरीदी थी। अधिकारियों के अनुसार, गनी की भूमिका सामग्री इकट्ठा करने की थी, जबकि उमर इस खाद को विस्फोटक में बदलने और रिमोट डेटोनेटर तैयार करने का काम देख रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि बड़ी मात्रा में अमोनियम

नाइट्रेट और यूरिया भी जमा किया गया था। हमले से जुड़े कामों को स्पष्ट रूप से बांटा गया था, तकनीकी हिस्से की जिम्मेदारी उमर पर थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक तीन डॉक्टर-मुजम्मिल गनी, शाहीन शाहिद और आदिल राथर-गिरफ्तार हो चुके हैं। आदिल का भाई मुजफ्फर राथर अफगानिस्तान में होने की आशंका है। अल-फलाह मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले निसार उल-हसन की तलाश जारी है। जांचकर्ताओं का मानना है कि 10 नवंबर को लाल किले के पास कार में रखे विस्फोटकों को भी उमर ने ही सक्रिय किया था।

बड़ा खुलासा! यासीन मलिक ने ही वायुसेना के जवानों पर चलाई थी गोलियां, 34 साल बाद दो गवाहों ने की पहचान

जम्मू । श्रीनगर में वर्ष 1990 में वायुसेना अधिकारी सहित चार कर्मियों की हत्या मामले में शनिवार को जम्मू की टाडा अदालत में दो प्रमुख चश्मदीद गवाहों ने आतंकी और मुख्य आरोपित यासीन मलिक समेत तीन अन्य-जावेद मीर, नाना जी और शौकत बख्शी की कोर्ट में पहचान की। शनिवार को चारों आरोपियों की टाडा अदालत में पेशी हुई। यासीन मलिक तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में उपस्थित हुआ। जिरह के दौरान बुलाए गए दोनों अहम गवाहों-जिनमें वायुसेना का एक स्टाफर और एक अन्य चश्मदीद शामिल था-ने अदालत में स्पष्ट रूप से कहा कि हमला यासीन मलिक ने ही किया था। उन्होंने उसे मुख्य शूटर करार देते हुए बताया कि गोलीबारी उसी ने शुरू की थी। इस हमले में चार वायुसेना कर्मी शहीद हुए थे, जबकि 22 अन्य घायल हो गए थे। शहीदों में वायुसेना के अधिकारी रवि खन्ना भी शामिल थे। जिरह के दौरान गवाह अपने पहले दिए बयान पर दृढ़ रहे।

चक्रवाती तूफान की बढ़ी संभावना

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव क्षेत्र अब मजबूत हो गया है. मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि इसके आगे और विकसित होकर चक्रवात बनने की संभावना बढ़ गई है. आने वाले दिनों में मौसम पर इसका असर दिख सकता है. मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना है जिसका असर आने वाले दिनों में नजर आ सकता है.

बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना: आईएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना है. इसके 24 नवंबर के आसपास अवदाब में बदलने की संभावना है. आईएमडी ने एक विशेष बुलेटिन जारी किया. इसमें कहा गया है कि मलक्का जलडमरूमध्य के पास दक्षिण अंडमान सागर में चक्रवाती परिसंचरण की वजह से एक कम दबाव क्षेत्र बना है. विभाग के अनुसार इसकी काफी संभावना है कि यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए 24 नवंबर 2025 के आसपास दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और पास के दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर अवदाब में बदल जाएगा.

कम दबाव क्षेत्र चक्रवाती तूफान बनेगा क्या? शनिवार को मौसम विभाग ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए बताया कि यह सिस्टम (जो अभी संभावित अवदाब है) पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ सकता है. यहीं नहीं अगले 48 घंटों में दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर और मजबूत होने की संभावना है. आईएमडी वैज्ञानिकों का कहना है कि यह कम दबाव क्षेत्र चक्रवाती तूफान बनेगा या नहीं, यह अभी निश्चित नहीं है.

खेल व्यापार एवं मनोरंजन

पहली बार विमेंस ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ, भारतीय टीम बनी विजेता

कोलंबो। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विमेंस ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप 2025 जीत लिया है. 23 नवंबर (रविवार) को कोलंबो के पी. सरवनमुट्टू स्टेडियम में आयोजित फाइनल में भारतीय टीम ने नेपाल को 7 विकेट से हराया. खिताबी मुकाबले में नेपाल ने भारत को जीत के लिए 115 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 12.1 ओवर में हासिल कर लिया.

पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया एक भी मैच नहीं हारी और हर मुकाबले में अपना दबदबा दिखाया. इस टूर्नामेंट का आयोजन पहली बार किया गया था. पहले ही संस्करण में भारतीय महिला टीम ने खिताब जीत इतिहास रच दिया. यह जीत भारत के लिए इसलिए भी

खास है क्योंकि लगभग तीन हफ्ते पहले ही भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 जीता था. ये दोनों जीतें दिखाती हैं कि भारत में महिलाओं का क्रिकेट अब काफी लोकप्रिय हो चुका है.

खिताबी मुकाबले भारत की कप्तान टीसी दीपिका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था. नेपाल की टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 114 रन ही बना सकी. रनचेज में भारत की ओर से खुला शरिर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों पर नाबाद 44 रन बनाए और टीम को आसानी से जीत दिलाई.

इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया. वहीं नेपाल ने दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई. भारत ने लीग स्टेज के मैच में पाकिस्तान को 8 विकेट से पराजित किया था, जो उसके लिए यादगार जीत रही थी.

विमेन्स ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप 2025 में कुल छह देशों भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने भाग लिया. टूर्नामेंट की शुरुआत 11 नवंबर को नई दिल्ली में हुई, फिर कुछ मैच बेंगलुरु में खेले गए. इसके बाद नॉकआउट स्टेज के मुकाबले श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित हुए.

साउथ अफ्रीका के लिए सेनुरन मुथुसामी का यादगार शतक

गुवाहाटी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है. इस मुकाबले में दूसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है. दूसरे दिन (23 नवंबर) स्टम्प तक भारत ने अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 9 रन बना लिए. यशस्वी जायसवाल 7 और केएल राहुल 2 रनों पर नाबाद है. भारत की पहली पारी में 4.4 ओवरों का खेल हुआ है. भारत साउथ अफ्रीका से पहली पारी के आधार पर 480 रन पीछे है.

साउथ अफ्रीकी टीम ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए. भारतीय टीम को कोलकाता टेस्ट मैच में 30 रनों से हार का सामना करना पड़ा था. इस जीत के चलते साउथ अफ्रीका सीरीज में 1-0 से आगे है. टीम इंडिया को सीरीज ड्रॉ कराने के लिए ये मुकाबला जीतना ही होगा.

6 साल बड़े अक्षय कुमार की मां का रोल करके शेफाली शाह को हुआ पछतावा, बोलीं- अपनी कब्र खुद खोदी...

2005 की फिल्म 'वक्त: द रेस अगेंस्ट टाइम' में शेफाली शाह ने एक्टर अमिताभ बच्चन की पत्नी और अक्षय कुमार की मां का रोल किया था. जो उनसे उम्र में सिर्फ छह साल बड़े हैं. 'दिल्ली क्राइम' और 'ह्यूमन' जैसी वेब सीरीज से छाप छोड़ने वाली एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें अपने करियर में इतनी जल्दी मां का रोल करने का अफसोस है. दरअसल टाइम्स नाउ को दिए अपने इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि अक्षय कुमार की मां का किरदार निभाना उनके लिए किसी झटके से कम नहीं था. इस किरदार को निभाकर उन्होंने अपने लिये ही कब्र खोद ली थी. बता दें कि शेफाली के पति विपुल अमृतलाल शाह ने 'वक्त' फिल्म डायरेक्ट की थी. लेकिन उन्होंने शेफाली से इस रोल को न करने की सलाह दी थी. एक्ट्रेस ने कहा, 'मेरे पति ने कहा, इसे मत लो. अमितजी ने सुझाव दिया, क्यों न शेफाली को इसके लिए चुना जाए, और फिर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वह इसके लिए सूट करेंगी.' एक दिन मैंने अपने बालों में पाउडर लगाया ताकि मैं ज्यादा उम्र की और ज्यादा मैच्योर दिख सकूं।

खबरों की मरम्मत

बीएलओ बोले तो डिलीवरी ब्वॉय

छत्तीसगढ़ में भी एसआईआर का काम जोर शोर से चल रहा है। जिसमें शिक्षा कर्मियों को बीएलओ बनाकर काम पर लगा दिया गया है। जो डिलीवरी ब्वॉय की तरह नगरी-नगरी, द्वारे- द्वारे भटकते फिर रहे हैं। स्थिति यह है कि छमाही परीक्षा के दौरान विद्यार्थी स्कूलों में मास्टर जी को ढूंढ रहे हैं और मास्टर जी घर घर जाकर मतदाताओं को ढूंढ रहे हैं और मतदाता अपनी संदूकों में 2003 से मतदाता होने का प्रमाण ढूंढ रहे है। कुल मिलाकर मजेदार अंताक्षरी चल रही है। विद्यार्थी गा रहे हैं - नगरी - नगरी द्वारे- द्वारे ढूंढू रे सांवरिया... तो गुरूजी गाते फिर रहे हैं - तेरे नाम का दीवाना तेरे दर को ढूंढता है.. वहीं मतदाता गा रहे हैं - ढूंढो ढंग रे साजना मोरे कान का बाला...।

क्रेडिट लेने से चूक रहे हैं कांग्रेसी

छत्तीसगढ़ में सत्ता से बाहर होने के बाद से कांग्रेसी इस कदर हताश हैं कि वे विपक्ष की भूमिका निभाने में भी रुचि नहीं ले रहे हैं। राज्य सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना में संशोधन कर उसे सौ यूनिट तक सीमित कर दिया लेकिन कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतर कर आंदोलन करने की जगह जुबानी जमा खर्च अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। अब सरकार ने खुद ही हाफबिजली योजना का दायरा 200 यूनिट तक कर दिया है। इस तरह कांग्रेसी, सरकार पर दबाव बनाकर उसे इस तरह का फैसला लेने के लिए विवश करने के लिए क्रेडिट लेने से चूक गए। भूपेश बघेल की सरकार के कार्यकाल के दौरान शुरु की गई गोठान योजना को बंद करते समय भी कांग्रेसी प्रखर विरोध करते तो आज उसी योजना का नाम बदलकर उसे फिर से लागू कराने का श्रेय भी उन्हें मिल सकता लेकिन यहां भी वे चूक गए।

गोबर खरीदी पर पुनर्विचार हो

प्रदेश सरकार जब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं की नोंक पलक संवार कर और उसे नई बोतल में पुरानी शराब की तरह परोस ही रही है तो उसे गोबर खरीद योजना पर भी पुनर्विचार करना चाहिए। यह ठीक है कि गोबर खरीदी के नाम पर घोटाला हुआ होगा लेकिन इससे लाखों लोगों को अतिरिक्त आय अर्जित करने का भी अवसर मिला था। गोधन संरक्षण और संवर्धन के साथ ही गोबर और गोमूत्र की बिक्री से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही थी और लोगों का आमदनी का एक जरिया भी मिला था। ग्रामीणों की मांग है कि फिर से गोबर खरीदी शुरू की जाए। कांग्रेसी चाहें तो इस मांग को पुरजोर ढंग से उठाकर इसके लिए सरकार पर दबाव बना सकते हैं। अन्यथा इस बारे में भी सरकार ने खुद ही फैसला कर लिया तो क्रेडिट का एक और मौका उनके हाथ से निकल जाएगा।

लाल आतंक का काला अध्याय

कुख्यात नक्सली कमांडर माडवी हिड़मा के मारे जाने के बाद बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण करने लगे हैं। जिससे लाल आतंक का काला अध्याय इतिहास से मिटने की संभावना बलवती हो गई है। माओवादियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में विजय तभी संभव है जब इनके हिमायतियों अरबन नक्सलियों की नाक में भी नकेल कसी जाए। जो कामरेड हिड़मा लाल सलाम लिखकर उसे श्रद्धांजलि देने का दु:साहस दिखाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। खलनायक को नायक बताने के लिए उधार खाए बैठे लाल आतंक के पैरोकार इन सफेदपोशों का भी उपचार करना जरूरी है। लाल आतंक से कम खतरनाक नहीं है ये सफेद आतंक। कायदे से तो छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री को भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और बिहार के गृहमंत्री की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के नक्सलियों और उनके हिमायतियों को यह चेतावनी देनी चाहिए कि वे छत्तीसगढ़ छोड़कर चले जाएं।

धान खरीदी की राह आसान नहीं

पहले पहल दुर्ग में सहकारी कर्मियों ने विभिन्न मांगों को लेकर धान खरीदी के काम का बहिष्कार किया था। जो राज्यव्यापी आंदोलन के रूप में तब्दील हो गया था। सहकारी समितियों के कर्मियों की हड़ताल के चलते धान उपार्जन केन्द्र केन्द्रों की व्यवस्था गड़बड़ा गई थी। बहरहाल अब हड़ताल खत्म हो गई लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में दूसरे राज्यों का धान खपाने और कोचियों के सक्रिय होने की शिकायत सामने आने लगी है। प्रशासन इस गड़बड़झाला को रोकने मुस्तैद है। उड़नदस्ते लगातार छापामार कार्यवाही कर बड़ी मात्रा में अवैध धान जप्त कर रहे हैं फिर भी बेल मुंडेर नहीं चढ़ पा रही है। वाकई धान खरीदी आसान नहीं है। धान खरीदी में घपला घोटाला रोकने शासन प्रशासन को और कड़े कदम उठाने होंगे तभी बात बनेगी।

महंगा पड़ सकता है सैर सपाटा

लघु भारत कहे जाने वाले भिलाई के प्रसिद्ध मैत्री बाग में अब सैर सपाटा महंगा पड़ सकता है। बीएसपी प्रबंधन ने भारत-सोवियत रूस की मैत्री के प्रतीक ऐतिहासिक मैत्री बाग को आउटसोर्सिंग में देने का फैसला ले लिया है। यदि ऐसा हुआ तो उसका प्रवेश शुल्क बढ़ सकता है। जू का अतिरिक्त शुल्क भी लग सकता है। ऐसे में मैत्री बाग में सैर सपाटा करना महंगा पड़ सकता है। छत्तीसगढ़ का यह सबसे बड़ा बाग है जहां हर साल प्रदेश और प्रदेश के बाहर से भी लाखों पर्यटक आते हैं। अब उनकी संख्या में भी कमी आ सकती है।

भारत व दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम मेफेयर में रुकेंगी

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 3 दिसंबर को दूसरा वन डे मैच भारत व दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। इसके लिए टीम इंडिया के साथ अफ्रीकी खिलाड़ी रांची में मैच के बाद 1 दिसंबर को सुबह रायपुर पहुंचकर नवा रायपुर के होटल मेफेयर रेसार्ट में रुकेंगे। 2 दिसंबर को दोनों टीम अलग अलग समय पर स्टेडियम में अभ्यास के लिए जाएंगी। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह ने बताया कि होटल में दोनों टीमों के लिए खाने के अलग-अलग मेन्यू का इंतजाम किया गया है। इन्हें कांटिनेंटल के अलावा छत्तीसगढ़ के प्रमुख व्यंजनों का भी स्वाद चखाया जाएगा। स्टेडियम में मैच की व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि सुरक्षा का सारा इंतजाम प्रशासन को दिया गया है। इसके अलावा निजी सुरक्षा गॉर्ड के साथ बाउंसर्स भी नियुक्त किये जाएंगे। पिच की स्थिति पर उन्होंने बताया कि बीसीसीआई से प्रशिक्षित क्रिकेट संघ के क्यूरेटर ने अच्छी पिच तैयार की है। अभी बीसीसीआई के क्यूरेटर्स का पूरा दल भी रविवार तक आ सकता है। दर्शकों की सुविधा के लिए पार्किंग बैरिकेड तथा अन्य व्यवस्था अब अंतिम चरण पर है। स्टेडियम की कुर्सियों को विशेष रूप से पानी की प्रेशर मशीन से साफकिया जा रहा है। इसके चलते कुर्सियां नई दिख रही हैं। उन्होंने बताया कि व्यवस्था के लिए शनिवार को शासन के सचिव स्तर पर विशेष बैठक हुई। इसमें लोक निर्माण विभाग, पुलिस प्रशासन, खेल विभाग और नगर निगम सहित जिला प्रशासन को भी अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

स्टेडियम अगले सप्ताह होगा हैंडओवर

इसी सप्ताह अंतराष्ट्रीय स्टेडियम को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को 30 साल की लीज पर सौंपने खेल विभाग ने एमओयु किया है। वहीं मैच से पहले अगले सप्ताह इसके हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी करने के संकेत मिले हैं। इसके चलते लोक निर्माण विभाग द्वारा लगाई गई सामग्रियों की पूरी सूची तैयार होगी। यह सूची क्रिकेट संघ को रिकॉर्ड के साथ सौंपी जाएगी।

लोक निर्माण विभाग कर रहा जनरल मेंटेनेंस

स्टेडियम में अभी हैंडओवर से पहले लोक निर्माण विभाग जनरल मेंटेनेंस कर रहा है। इसमें स्टेडियम में स्थित 120 टॉयलेट, फॉल्स सीलिंग, टॉयलेट में नल की टॉटियां और फ्लश तथा छत की टंकी से पानी सप्लाई व्यवस्था पर सुधार किया जा रहा है। बताया गया कि कॉर्पोरेट बॉक्स की लगभग 50 सीटें खराब हो चुकी हैं, इसे बदला जा रहा है। वहीं एमओयू के बाद क्रिकेट संघ ग्राउंड के साथ ही पैवेलियन ब्लॉक की व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटा हुआ है।

निजी मेडिकल कॉलेज में पीजी की 66 सीटें, तीन सरकारी कॉलेजों में शून्य

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में एक साल में खुले निजी मेडिकल कॉलेज में पीजी कोर्स की 66 सीटें हैं, लेकिन तीन सरकारी कॉलेजों में एक भी सीट नहीं है। इसका मुय कारण इंफ्रास्ट्रक्चर, जरूरी सुविधा व फैकल्टी की कमी है। 2022 में चालू हुए कोरबा में ही इस साल पीजी की 13 सीटों को मान्यता मिली है। जबकि महासमुंद, कांकेर व दुर्ग में एक भी सीट नहीं है। चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों के अनुसार कुछ कॉलेज पीजी कोर्स के लिए एनएमसी में आवेदन करने वाले हैं। हो सकता है कि अगले साल कुछ सीटों को मान्यता मिल जाए।

प्रदेश के सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए 19 नवंबर से ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो चुका है। नीट पीजी क्वॉलिफाइड स्टूडेंट 24 नवंबर तक च्वॉइस फिलिंग करने वाले थे, लेकिन शनिवार को अचानक इसे स्थगित कर दिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग इसे अपरिहार्य कारण बता रहा है। प्रदेश के 10 में से 7 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पीजी कोर्स चल रहा है। इनमें पीजी की 380 सीटें हैं। नेहरू मेडिकल कॉलेज में पिछले तीन साल से मेडिसिन व जनरल सर्जरी में 2-2 सीटें कम हो गई हैं, नहीं तो कुल 384 सीटें होतीं। वहीं तीन निजी मेडिकल कॉलेजों में 186 सीटें हैं। मेडिकल एक्सपर्ट के अनुसार सरकारी कॉलेजों में पीजी की सीटें शुरू किए जाने की जरूरत है। 'पत्रिका' ने पड़ताल की तो पता चला कि लंबे समय से चल रहे सरकारी मेडिकल कॉलेज पीजी सीटें बढ़ाने में या तो नाकाम है या नए कॉलेज कोर्स शुरू करने में सफल नहीं हो रहे हैं।

2021 में चालू हुआ कॉलेज, निजी में सबसे ज्यादा सीटें

राजधानी में बालाजी मेडिकल कॉलेज शुरू हुए चार साल हो चुके हैं। वहां पीजी की 66 सीटें मिल चुकी हैं। इसी के साथ शुरू हुए कांकेर व दुर्ग कॉलेज ने पीजी कोर्स के लिए आवेदन ही नहीं किया है। कांकेर में एमबीबीएस कोर्स के लिए पैथोलॉजी व एनाटॉमी में पर्याप्त फैकल्टी भी नहीं है। एनाटॉमी का टीचर एमएससी डिग्रीधारी है। ऐसे में पीजी कोर्स शुरू करना संभव नहीं है। यही स्थिति दुर्ग की है। वहां जबकि एमबीबीएस की 200 सीटें हैं। इसकी तुलना में निजी कॉलेज में एनएमसी के मापदंड के अनुसार फैकल्टी है, इसलिए वहां पीजी की अच्छी खासी सीटें मिली गई हैं। राजनांदगांव, रायगढ़ व जगदलपुर में भी पर्याप्त सीटें नहीं हैं। महासमुंद कॉलेज 35 पीजी सीटों के लिए एप्लाई करने वाला है। 25 नवंबर को हेल्थ साइंस विवि एफिलिएशन के लिए निरीक्षण करने वाला है।

पीजी सीटों के लिए ये जरूरी

- पर्याप्त फैकल्टी, खासतौर पर प्रोफेसर
- इंफ्रास्ट्रक्चर, लैब व बड़ी मशीनें
- ओपीडी व वार्ड में मरीजों की पर्याप्त संया
- ओटी में पर्याप्त आपॅरेशन की संया
- पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी
- छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल

बीएससी नर्सिंग की 7751 में 4427 सीटें खाली, अब जीरो परसेंटाइल से होगा प्रवेश!

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के निजी कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग की 7751 में 4427 सीटें खाली हैं। ये कुल सीटों की 57.11 फीसदी है। इससे सवाल उठ रहा है कि क्या इन सीटों को भरने के लिए जीरो परसेंटाइल किया जाएगा। दरअसल मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र में जीरो परसेंटाइल से एडमिशन देने का आदेश जारी हो चुका है। सीट भर सके इसलिए सभी सीटों को कॉलेजों को सौंपा गया है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शनिवार को खत्म भी हो गया। मेरिट सूची 23 नवंबर को जारी की जाएगी। वहीं प्रवेश प्रक्रिया 23 से 25 नवंबर तक चलेगी। इस साल नर्सिंग कोर्स में प्रवेश की आखिरी तारीख 30 नवंबर है। इस तारीख तक सीटें तो भरने से रहीं।

जानकारों का कहना है कि निजी नर्सिंग कॉलेजों में जब जीरो परसेंटाइल से ही छात्र-छात्राओं को प्रवेश देना है तो व्यापमं से एंट्रेंस एग्जाम कराने की औपचारिकता क्यों निभाई जा रही है? प्रदेश में 132 नर्सिंग कॉलेज है, जिनमें बीएससी नर्सिंग कोर्स का संचालन किया जा रहा है। बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए हर साल इंट्रेंस एग्जाम होती है, जो केवल औपचारिकता साबित हो रही है। औपचारिकता इसलिए क्योंकि दो या तीन राउंड के बाद सीटें खाली रहने पर जीरो परसेंटाइल से प्रवेश देने की मांग की जाती है। यह मांग शासन स्वीकार कर लेता है और सीएमई, डीएमई के माध्यम से इंडियन नर्सिंग काउंसिल भी इसे मंजूरी दे देती है। पिछले साल 5 फीसदी वाले छात्रों को प्रवेश दिया गया था।

प्रोफेशनल कोर्स है तो इंट्रेंस एग्जाम जरूरी

शासन को इंट्रेंस एग्जाम कराने की मजबूरी है। दरअसल कोई भी प्रोफेशनल कोर्स के लिए इंट्रेंस एग्जाम अनिवार्य है। ऐसा नहीं होता तो इंट्रेंस एग्जाम ही न हो और 12वीं बायोलॉजी में मिले नंबरों के अनुसार एडमिशन दे दिया जाता। हालांकि 4-5 साल पहले ऐसा भी हो चुका है। बीएससी कोर्स की ये हालत हो गई है कि कुछ कॉलेज छात्रों को कई ऑफर देते रहे हैं। यहां तक कि 52 से 58 हजार सालाना ट्यूशन फीस से भी कम फीस ली जा रही है। इसके बाद भी सीटें नहीं भर रही है। 2023 में जीरो परसेंटाइल से प्रवेश के बाद भी 900 से ज्यादा सीटें खाली रह गईं। पहले के वर्षों में औसतन 20 फीसदी सीटें खाली रही हैं।

हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा: देर से आए परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं

बिलासपुर /नवप्रदेश। बिलासपुर में हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा के दौरान देवकीनंदन स्कूल सेंटर पर हंगामा हो गया। निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया, जिसके बाद उन्होंने व्यापमं के क्वार्डिनेटर को घेर लिया और परीक्षा हॉल में प्रवेश देने की मांग की। परीक्षार्थियों का आरोप था कि जब एक परीक्षार्थी जो बाहर घूम रहा था> उसे प्रवेश दे दिया गया, तो एकाध मिनट की देरी से आने वाले अन्य परीक्षार्थियों के लिए गेट बंद क्यों किया गया। उन्होंने इसे भेदभाव बताया। देवकीनंदन स्कूल सेंटर से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, कुल 360 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। इनमें से 233 परीक्षार्थी निर्धारित समय पर केंद्र पहुंचे, जबकि 127 परीक्षार्थी गैरमौजूद रहे।

एक-दो मिनट की देरी पर भी नहीं मिली प्रवेश अनुमति: हैंडपंप टेक्नीशियन परीक्षा के लिए व्यापमं की ओर से जारी निर्देशिका में ड्रेस कोड से लेकर सुबह 10:30 बजे से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने सहित 15 बिंदुओं पर सख्त निर्देश दिए गए थे। रायपुर, अंबिकापुर और रायगढ़ जैसे दूरस्थ स्थानों से बिलासपुर पहुंचे कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि उन्हें प्रवेश पत्र की स्पष्ट कॉपी निकलवाने में दिक्कत हुई, जिसके कारण उन्हें दोबारा भेजा गया। इस प्रक्रिया में उन्हें एक-दो मिनट की देरी हो गई, लेकिन उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं मिली।

130 परीक्षार्थी गैरमौजूद : व्यापमं परीक्षा के प्रभारी और डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर ने बताया कि हैंडपंप टेक्नीशियन पद के लिए शहर में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों पर 3101 परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 1971 परीक्षार्थी ही निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे। कुल 1130 परीक्षार्थी गैरमौजूद रहे, जो लगभग 36 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी दावा किया कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अवांछित गतिविधि या गड़बड़ी की कोई शिकायत कहीं से प्राप्त नहीं हुई है।

इन सेंटरों में आयोजित की गई परीक्षा: हैंडपंप टेक्नीशियन पद के लिए आयोजित परीक्षा जिन सेंटरों में आयोजित की गई, उनमें शासकीय जेपी वर्मा पीजी आर्ट्स एंड कॉमर्स कालेज जरहाभाठा, गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स पीजी कालेज लिंक रोड, देवकीनंदन दीक्षित कन्या हाई स्कूल, महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स हायर सेंकेडरी स्कूल, स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट स्कूल, गवर्नमेंट हायर सेकंडेरी स्कूल राजेंदर नगर, हायर सेंकेंडरी स्कूल राजेंद्र नगर, सरकंडा स्कूल, पीएमश्री कन्या हाई स्कूल नूतन चौक, गवर्नमेंट स्कूल चांटीडीह स्कूल शामिल है।

स्कूल टीचर ने दी सफाई

देवकीनंदन सेंटर के गेट के बाहर परीक्षार्थी जब बाहर घूम रहे एक परीक्षार्थी के लिए गेट खोलने का आरोप लगा रहे थे, वहां तैनात टीचर ने सफाई दी कि वह अपना रोल नंबर ढूंढ रहा था। इधर व्यापमं के क्वार्डिनेटर डॉ. प्रवीण कुमार पांडेय का कहना है कि देवकीनंदन सेंटर में वह 10.50 बजे पहुंचे तो उन्हें गेट के बाहर कुछ परीक्षार्थी खड़े दिखे। ये लोग परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने की मांग कर रहे थे, लेकिन गेट बंद हो चुका था, इसलिए उन्हें अंदर प्रवेश नहीं दिया गया।

डेंटल कॉलेज में नहीं है लाइब्रेरी, जबकि डीसीआई के अनुसार यह अनिवार्य

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के एकमात्र सरकारी डेंटल कॉलेज में अब तक नई लाइब्रेरी खुल नहीं पाई है। इससे बीडीएस व एमडीएस के छात्रों को नुकसान हो रहा। दरअसल पहले जहां 108 एंबुलेंस का कॉल सेंटर था, वहां पर लाइब्रेरी बनाई जाएगी। कॉलेज प्रबंधन रद्दी नहीं हटा पा रहा है। साथ ही पार्टिशन को भी नहीं तोड़ा है। इसके लिए शासन से अनुमति लेने की बात कही जा रही है। लाइब्रेरी में 25 हजार से ज्यादा किताबें व इंटरनेशनल जर्नल रहेंगे। जब कॉलेज की नई बिल्डिंग बनी तो लाइब्रेरी वाला हिस्सा 108 संजीवनी एक्सप्रेस के कॉल सेंटर चलाने वाली निजी एजेंसी को दे दिया गया था। साढ़े 6 साल से नई एजेंसी एंबुलेंस का संचालन कर रही है। तब से कॉलेज का यह बड़ा हिस्सा खाली है। यहां साढ़े 11 साल पुराने फर्नीचर भी हैं, जिसे कॉलेज ने हैंडओवर ले लिया है। इसके बाद लाइब्रेरी के लिए डिजाइन बनाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए सीजीएमएससी को पत्र लिखा गया था। अब जाकर टेंडर के लिए विज्ञापन जारी किया है। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि वर्तमान में लाइब्रेरी कॉलेज बिल्डिंग के फर्स्ट लोर में है। स्टूडेंट की संया के हिसाब से यह काफी छोटी है। दरअसल कॉलेज में बीडीएस के 100, एमडीएस के 26 व इंटर्न के 100 स्टूडेंट हैं।

पीपरमार गोदाम में 12 लाख रुपए से अधिक का धान जब्त

रायगढ़/नवप्रदेश। धान के अवैध भंडारण को लेकर प्रशासन की सती बढ़ती जा रही है। लगातार हो रही कार्रवाई के बाद भी बिचौलिए रवि सीजन व ओड़िशा से धान लाकर भंडारण करना बंद नहीं कर रहे हैं। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ के ग्राम पीपरमार में 12 लाख 40 हजार रुपए का 400 क्विंटल अवैध धान किया गया था, जिसकी सूचना पर संयुक्त टीम ने दबिश देकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की है। धरमजयगढ़ एसडीएम प्रवीण भगत के निर्देश पर संयुक्त टीम ने निरीक्षण के दौरान ग्राम-पीपरमार गोदाम में मुकेश अग्रवाल अधिसूचित कृषि उपज के स्वामी जितेन्द्र अग्रवाल के पास 400 क्विंटल अवैध धान भंडारित पाया गया।

IPLUS Security System

CCTV CAMERA
SALES & SERVICE

मार्केट से प्राइस लेकर आओं और भारी डिस्काउंट पाओं

हमारे यहॉं सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, एलईडी टीवी, एलईडी मॉनिटर, वीडियों डोर फोन, लैपटॉप, टेलीफोन, बॉयोमेट्रिक और नेटवर्किंग कार्य किये जाते है।

हमारे यहॉं सभी प्रकार सेक्यूरिटी सिस्टम होलसेल और रिटेल पर उपलब्ध है, और यहॉं सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, टीवी, मॉनिटर रिपेयर किये जाते है।

ऑफर- 10,000 में 4 कैमरे और 15,000 में 8 कैमरे का सेटअप। पेपर कटिंग लाने पर ही मान्य होगा।

MR. KAILASH CHANDRAVANSHI (DEV)

Address - शॉप नं. 2 तिवारी कॉम्पलेक्स, टिकरापारा रायपुर, छ.ग.
Email- iplusindia11@gmail.com
MO.- +91 79743-87329

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com